राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-346
लखनऊ, सोमवार 05 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सामंजस्य बनाकर काम करने से ही संगठन होगा मजबूत : अजय राय 03
किसानों के लिए सब्सिडी जारी रहेगी : शिवराज सिंह 12

## संक्षिप्त समाचार

### असम में सरकारी नौकरी के लिए वहीं जन्म होना जरूरी

**गोवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार (4 अगस्त) को तीन बड़े ऐलान किए। पहला यह कि जल्द ही असम सरकारी नौकरी उन्हीं लोगों को मिलेगी, जो असम में में पैदा हुए हैं। दूसरा ये कि लव-जिहाद के मामलों में आरोपी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी। तीसरा ऐलान यह कि असम सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री के संबंध में भी निर्णय लिया है। हालांकि सरकार इसे रोक नहीं सकती है, लेकिन खरीद-बिक्री से पहले मुख्यमंत्री की सहमति लेना जरूरी कर दिया है। सरमा ने ये बातें क्ष्छ्ककी राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कहीं। सरमा ने बैठक में कहा कि जल्द ही एक नई डोमिसाइल पॉलिसी पेश की जाएगी, जिसके तहत केवल असम में जन्मे लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के लिए पात्र होंगे। चुनाव में किए वादे के अनुसार दी गई एक लाख सरकारी नौकरियों में असम के लोगों को प्राथमिकता दी गई है। पूरी सूची पब्लिश होने पर यह स्पष्ट हो जाएगा।

### यामिनी कृष्णमूर्ति के निधन पर धनखड़ ने जताया शोक

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रख्यात शास्त्रीय नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री धनखड़ ने रविवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि यामिनी कृष्णमूर्ति के निधन के समाचार से वह स्तब्ध हैं। वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रतिरूप थी। भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। यामिनी कृष्णमूर्ति का निधन नृत्य की दुनिया को एक अपूरणीय क्षति है। श्री धनखड़ ने कहा, मेरी संवेदनाएं यामिनी कृष्णमूर्ति के परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों के साथ है।

### केदारघाटी आपदा : अब तक 17 हजार से अधिक का रेस्क्यू

**नैनीताल/देहरादून।** भूस्खलन और भारी बारिश के बाद केदारनाथ पैदल मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर हजारों यात्री फंस गए थे, जिसमें से 17,000 से अधिक लोगों का सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है। रविवार को नैनीताल के घोड़ाखाल पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि केदार घाटी आपदा में अब तक 17 हजार से अधिक लोगों का बचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के संवेदनशील इलाकों में प्राकृतिक आपदा आ रही है, लेकिन जिला प्रशासन की टीम लगातार राहत और बचाव के कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा में फंसे लोगों और प्रभावितों के स्वास्थ्य, भोजन, पानी और अन्य सुविधा दी जा रही है। राहत और बचाव कार्य जारी है। बीकेटीसी ने नि:शुल्क आवास सुविधा की घोषणा की।

### ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन को लेकर गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने हवाई, ट्रेन, मेट्रो, रोड और शिपिंग रूट से ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन को लेकर शनिवार (3 अगस्त) को एसओपी जारी की। एयर रूट से ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन के दौरान फ्लाइट्स में विशेष सुविधाएं मिलेंगी। मानव अंगों को लेकर जाने वाली एयरलाइंस एयर ट्रैफिक कंट्रोल से फ्लाइट के जल्दी टेकऑफ-लैंडिंग और फ्रंट सीट देने की अपील कर सकती है।

# आपदा में जन सुरक्षा व सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम योगी

▸ बाढ़ प्रभावित लोगों में सीएम ने किया राहत सामग्री का वितरण

समृद्धि न्यूज



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जिले में नारायणी और गंडक नदी के बाढ़ से बचाव के लिए बीते सात साल में बड़े स्तर पर प्रयास किये गये हैं। करीब 600 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करते हुए बाढ़ से बचाव के विभिन्न प्रबंध करने का ही परिणाम है कि 83 गांव की 1,16,000 की आबादी और 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सुरक्षित हुई है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि वह नारायणी नदी पर पक्का पुल बनाने के लिए सर्वे का काम जल्द से जल्द शुरू करें।

उन्होंने कहा कि नारायणी के उस पार करीब 20 हजार की आबादी को इस पुल से बहुत फायदा मिलेगा, ऐसे में बाढ़ का पानी उतरते ही नदी पर कहां पुल बनाया जाना है, इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि आपदा में सरकार 24 घंटे अपने नागरिकों की सहायता और सुरक्षा के लिए खड़ी है। मुख्यमंत्री ने रविवार को जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम सभा तुर्कहा में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और राहत सामग्री का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले भैंसहां-छितौनी तटबंध का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और विद्यार्थियों में टैबलेट वितरित किया। साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। साथ ही टॉफी देकर उनको दुलार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 7 साल में समय पर बाढ़ से बचाव के उपाय करने का परिणाम है कि बड़े पैमाने पर जनधन की हानि को रोकने में मदद मिली है। अकेले कुशीनगर में करीब 3 लाख की आबादी को बाढ़ से बचाने में भी मदद मिली। इसी का परिणाम हे कि न केवल हम यहां सुरक्षित और निश्चिंत हैं, बल्कि प्रदेश के अन्य जनपदों में भी बाढ़ से बचाव को लेकर कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके सुख में आपके साथ सुखी होना चाहती है, मगर आपको कभी दुःख न उठाना पड़े, सरकार इसके लिए समय से उपाय करती है, फिर भी आपदा आती है तो सरकार आपकी मदद के लिए प्रभावी कदम उठाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां मुसहर जाति की बड़ी आबादी रहती है। हमने इन्हें जमीन का पट्टा, आवास, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड दिया। इसके अलावा वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेशन देने का कार्य हुआ है। आपको कोई परेशानी न हो, आपकी हर समस्या के समधान के लिए ये सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित हर व्यक्ति की सुरक्षा और सहायता के लिए सरकार 24 घंटे खड़ी है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, सांसद विजय कुमार दुबे, विधायकगण विवेकानंद पांडेय, विनय गौड़, मनीष जायसवाल, मोहन वर्मा, सुरेन्द्र कुशवाहा, असीम राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, बिजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, राजेश्वर सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### कुशीनगर को आस्था का केंद्र बनाने के लिए सरकार प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर हिमालय की तलहटी में होने के कारण यहां नदी का करंट यहां बहुत तेज होता है, फिर भी यहां काफी राहत है। सात साल पहले छितौनी तटबंध पर जो लोग काम करते थे उनकी निर्मम हत्या होती थी। इस क्षेत्र में माफिया हावी थे, सूर्य अस्त के बाद लोग आना जाना बंद कर देते थे। आज आतंक, अराजकता और गुंडागर्दी का अंत हो गया है। सीएम योगी ने कहा कि महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में पूरी दुनिया इसे शांति की भूमि के रूप में देखती है। इसे दुनिया की आस्था का केंद्र बनाने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कभी यहां के बच्चे इन्सेफेलाइटिस से प्रभावित होते थे। आज इस बीमारी को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। कुशीनगर में आज मेडिकल कॉलेज बन रहा है। कृषि की आधुनिक तकनीक यहां के लोगों को मिल सके, इसके लिए नया कृषि विश्वविद्यालय कुशीनगर को उपलब्ध कराया गया है। यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण भी कर दिया गया है। कुशीनगर की सड़कों पहले ऐसी थीं कि पता ही नहीं लगता था कि सड़क है या गड्ढा। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते सात से नौ जुलाई के बीच जब नेपाल में भारी बारिश हुई थी, तब गंडक और नारायणी में लगभग साढ़े 4 लाख क्यूसेक वाटर छोड़ा गया था। सामान्यत: यह 12 से 20 हजार क्यूसेक ही रहता है, इसके बावजूद यहां के तटबंध डटे रहे। ये बताता है कि काम सही हुआ है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने उसपार के गांवों के बारे में चिंता व्यक्त की है। बताया गया है कि नारायणी नदी पर पक्का पुल बनना चाहिए।

# हादसा : कार से टकराई स्लीपर बस, छह की मौत, 46 घायल

▸ डॉक्टर को घायलों का बेहतरी से इलाज करने के निर्देश जारी

एजेंसी



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के उसराहार इलाके में माइल स्टोन 129 पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस की कार से हुई जोरदार टक्कर में 6 लोगो की मौत हो गई जब की 45 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क हादसे में सभी घायलों ने इटावा के जिला प्रशासन और डॉक्टर को निर्देशित किया है कि वह सभी घायलों का बेहतरी से इलाज करे। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रविवार को बताया कि देर रात करीब एक बजे के आसपास हुए इस हादसे के बारे में जानकारी सामने आई है कि अमेठी से नई दिल्ली जा रही डबल डेकर बस दूसरी दिशा से आ रही बेकाबू कार से टकरा गई जिससे बस और कार में सवार 6 लोगों की मौत हो गई। डबल डेकर बस में सवार तीन लोगों की मौत हुई है जबकि कार में सवार तीन ही लोगों की मौत हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कर दिया गया है जहां डॉक्टरों की टीम सभी का उपचार करने में जुटी हुई है। हादसे की शिकार बस में करीब 80 लोग सवार थे। डबल डेकर बस की जी कर से टक्कर हुई है वह कार राजस्थान के बालाजी से दर्शन करके लौट रही थी । कार को कन्नौज के तालग्राम पर उतरना था लेकिन उससे पहले कार चालक के नीद आ जाने के कारण कार बेकाबू होकर दूसरी दिशा में रेलिंग तोड़ कर बस से जा टकराई। हादसे के बाद बस करीब 50 फीट गहरे खेत में जा गिरी। हादसे में कन्नौज के तालग्राम वासी 24 साल के प्रधुम, 25 साल के मोनू और उसकी मां श्रीमती चंदा देवी की मौत हो गई है जब की डबल डेकर बस में सवार 50 साल के ओमप्रकाश निवासी भरसरीया खीरी, जिला लखीमपुर खीरी ओर दो अन्य लोगों की मौत हो गई। मरने वाले दो लोगों की फिलहाल पहचान नहीं हो पा रही है। दोनों की पहचान की कोशिश लगातार जारी बनी हुई है। मृतकों के शवो को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शिवलिंग निर्माण व कथा के दौरान दीवार ढहने से नौ बच्चों की मौत, दो लोग घायल

एजेंसी

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सुबह शिवलिंग निर्माण और कथा के दौरान कच्चे मकान की जर्जर दीवार ढहने से नौ बच्चों की दबने से मौत हो गयी। दो अन्य बच्चे घायल बताए गए हैं। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव मौके पर पहुंच गए।

जिला कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि सुबह शाहपुर मे शिवलिंग निर्माण और कथा के दौरान श्रद्धालु एकत्रित हुए। इसमें बच्चे भी शामिल हुए। अचानक शिवलिंग निर्माण स्थल पर लगे टेंट पर दीवार ढह गयी, जिसमे दिव्यांश साहू, आशुतोष प्रजापति, प्रिंस साहू, वंश लोधी, नीतेश पटेल, ध्रुव यादव, पर्व विश्वकर्मा, दिव्यजय साहू और हेमंत की मौत हो गयी। सभी बच्चों की उम्र लगभग दस से पंद्रह वर्ष है। दुर्घटना में सुमित प्रजापति और खुशी पटवा घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय सागर में चल रहा है।

### प्रधानमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सागर में मंदिर की दीवार गिरने से हुई बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के सागर में मंदिर की दीवार गिरने से हुई दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। जबकि घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मध्य प्रदेश के सागर में दीवार गिरने से हुआ हादसा हृदयविदारक है।

# भारतीय हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

▸ ओलंपिक में भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में हराया

एजेंसी



**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष हॉकी स्पर्धा के समीफाइनल में पहुंच गई है। रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीय टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। चार क्वार्टर के खेल के बाद दोनों ही टीमों का स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें भारतीय टीम ने 4-2 से ग्रेट ब्रिटेन को हरा दिया।

इस तरह भारतीय पुरुष हॉकी टीम लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। भारतीय टीम ने इस तरह पदक के लिए एक और कदम बढ़ा दिया है। अगर भारत सेमीफाइनल में जीत हासिल करने में सफल रहा तो कम से कम रजत पदक पक्का कर लेगा। मैच में दोनों ही टीमों की ओर से जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनाल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन कोई इसे गोल में नहीं बदल सका। पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम के अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिला। रोहिदास की हॉकी स्टिक ग्रेट ब्रिटेन के एक खिलाड़ी के सिर में लग गई और इस कारण रोहिदास को रेड कार्ड मिला और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस तरह मैदान पर भारत के 10 खिलाड़ी बचे, लेकिन भारतीय टीम का हौसला इससे कम नहीं हुआ। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही भारतीय टीम को 22वें मिनट में गोल कर 1-0 की बढ़त दिला दी।

# प्राइवेट स्कूल बताएं, कितने गरीब बच्चों का लिया एडमिशन : डीजी

▸ बेसिक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी जानकारियां

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में प्राइवेट स्कूलों को बताना होगा कि आरटीई के तहत कितने गरीब बच्चों को दाखिले दिए। अन्य जानकारियां भी बेसिक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि अपने जिले की सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड कराएं। विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि आरटीई योजनान्तर्गत सत्र 2024-25 में छात्रों का विद्यालयों में नामांकन, गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों की शत-प्रतिशत मैपिंग एवं रजिस्ट्रेशन और पूर्व में अध्ययनरत व नव प्रवेशित छात्रों का विवरण 16 अगस्त आरटीई पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। आरटीई पोर्टल पर विद्यालयों को स्कूल मैपिंग, स्कूल रजिस्ट्रेशन, स्कूल डिटेल फार्म फॉर रजिस्ट्रेशन, स्कूल एडिटिंग, स्कूल वैरिफिकेशन, स्टूडेंट डिटेल्स फिल्ड आई स्कूल, स्टूडेंट प्रमोशन एवं ड्रापआउट स्टूडेंट का विवरण भरना होगा।

### सहारनपुर में पटरी से उतरी पैसेंजर ट्रेन

**सहारनपुर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार को रेल हादसा हुआ है, जहां 01619 पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हादसे में ट्रेन के दो डब्बे पटरी से नीचे उतरकर दूसरी लाइन पर चले गए। यह ट्रेन दिल्ली से सहारनपुर की ओर आ रही थी। हादसे के बाद रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया है। इस रेल हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन यह हादसा रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और रेलवे अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं।

# बिल में संशोधन की तैयारी : वक्फ बोर्ड अब किसी जमीन को नहीं बता सकेगा अपनी संपत्ति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार जल्द ही मौजूदा वक्फ एक्ट में करीब 40 संशोधन करने की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार इसी सत्र में एक नया बिल लेकर आ सकती है। अभी वक्फ के पास किसी भी जमीन को अपनी संपत्ति घोषित करने की शक्ति है। नए बिल में इस पर रोक लगाई जा सकती है।

सूत्रों को मुताबिक शुक्रवार (2 अगस्त) को हुई कैबिनेट बैठक में इस बिल को मंजूरी भी मिल गई है। प्रस्तावित बिल में मौजूदा एक्ट की कुछ धाराओं को हटाया भी जा सकता है। संसद का मानसून सत्र अभी 12 अगस्त तक चलना है। वक्फ एक्फ में संशोधन की अटकलों को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो जब संसद सत्र चल रहा है, तो केंद्र सरकार संसद की सर्वोच्चता और विशेषाधिकारों के खिलाफ काम कर रही है और इसकी जानकारी संसद को देने की बजाय मीडिया को दे रही है। ओवैसी ने कहा कि वक्फ एक्ट में संशोधन को लेकर मीडिया में जो भी कहा जा रहा है, उससे यह पता चलता है कि मोदी सरकार वक्फ बोर्ड की ऑटोनॉमी छीनना चाहती है और उसमें दखल देना चाहती है। यह धर्म की स्वतंत्रता के खिलाफ है। आगे उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह कि भाजपा हमेशा से इस बोर्ड और वक्फ की संपत्तियों के खिलाफ रही है। उनका हिंदुत्व का एजेंडा है। अब अगर आप वक्फ बोर्ड की स्थापना और संरचना में बदलाव करना चाहते हैं, तो इससे प्रशासनिक स्तर पर अव्यवस्था होगी, वक्फ बोर्ड की ऑटोनॉमी खत्म होगी।

### बिहार में सीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि इस वर्ष 16 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय बिहार, पटना को ईमेल भेज कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए सचिवालय थाना में थानेदार संजीव कुमार के स्वलिखित बयान के आधार पर ईमेल भेजने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही ईमेल भेजने वाले की पहचान कर ली गई है। सूत्रों ने बताया कि ईमेल भेजने वाले की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

# ईडी ने बंगाल राशन घोटाले में पूर्व मंत्री के खिलाफ शुरू की जांच

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बंगाल राशन वितरण मामले में पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। इस समय वह न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी के संज्ञान में आया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक से जुड़ी एक कॉर्पोरेट इकाई के बैंक खातों में 6.50 करोड़ रुपये से अधिक जमा किए गए।

उत्तर 24 परगना जिले के देगांगा के तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनीसुर रहमान उर्फ बिदेश ने भी एक करोड़ रुपये जमा किए हैं। वह अपने भाई अलिफ नूर उर्फ मुकुल के साथ ईडी की हिरासत में है। सूत्रों ने बताया कि ईडी के पास जानकारी है कि यह विशेष निगम मुख्य रूप से एक शेल कंपनी थी जिसका उद्देश्य धन का दुरुपयोग करना था। ईडी का मानना है कि कंपनी के खातों में जमा की गई भारी नकदी मूल रूप से राशन वितरण घोटाले से अर्जित अवैध आय थी। बिदेश और मुकुल, व्यवसायी बकीबुर रहमान के चचेरे भाई हैं, जिन्हें मामले में ईडी अधिकारियों ने सबसे पहले गिरफ्तार किया था। ईडी के वकील ने शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत को बताया था कि बिदेश और मुकुल के संयुक्त मालिकाना हक वाली चावल मिल को किसानों से धान खरीदने के लिए राज्य सरकार से चरणों में 45 करोड़ रुपये मिले थे। हालांकि, बाद में उन्होंने मिल के कर्मचारियों की आड़ में फर्जी किसानों से खरीद दिखाई।

### करोड़ों की जमीन मामले में पुलिस ने जांच में आए छह लोगों की तलाश में दी दबिश

**कानपुर।** करोड़ों की जमीन मामले को लेकर कोतवाली थाने में 30 अप्रैल को दर्ज हुए मुकदमे की जांच के दौरान प्रकाश में आए 6 लोगों के घर रविवार को भारी पुलिस बल के साथ दबिश दी गई।

दबिश के दौरान दो लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया और पूछताछ के बाद उन्हें हिदायत देकर भेज दिया गया। जबकि 4 लोगों की तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि 30 जुलाई की रात कोतवाली थाने में सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण तथा अन्य धातुओं की जांच के दौरान प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में छह लोगों के नए नाम प्रकाश में आए हैं। 6 लोगों से पूछताछ करने के लिए तलाश शुरू की गई। दो टीमें गठित करके तत्काल रवाना किया।

जनसभा

केन्द्रीय मंत्री ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 घंटे जलापूर्ति योजना का किया उद्घाटन, कहा

# सरकार के कार्यकाल में चंडीगढ़ में तीन हजार करोड़ के विकास कार्य हुए

एजेंसी



**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के आईएनडीआईए गठबंधन को देश विरोधी करार देते हुए कहा है कि हाल ही में हुए चुनाव के दौरान जितनी सीटें आईएनडीआईए गठबंधन की आई हैं, उससे ज्यादा सीटें केवल भारतीय जनता पार्टी की आई हैं।

विरोधी देशवासियों को जितना चाहें गुमराह करें, लेकिन वर्ष 2029 में भी मोदी सरकार सत्ता में आएगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह रविवार को चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना शुरू करने के बाद यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री शाह ने चंडीगढ़ दौरे के दौरान सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। यहां उन्होंने तीन नए कानूनों से जुड़े ई-साक्ष्य, ई-सम्मन, न्याय के लिए और न्याय श्रुति जैसे ऐप लांच किए। गृहमंत्री अमित शाह ने सचिवालय में तीन नए कानूनों का प्रेजेंटेशन देखा। केन्द्रीय शाह ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और हर क्षेत्र में दुनिया में नंबर एक राष्ट्र बनेगा। यह जनता के संकल्प से ही हो सकता है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चंडीगढ़ के विकास के लिए पिछले 10 साल में 3 हजार करोड़ का विकास कार्य किया है। 500 करोड़ रेलवे के विकास के लिए दिए। 2014 से 2024 के 10 साल देश के विकास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे। इन 10 सालों में राष्ट्र ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और भारत को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में दुनियाभर में आगे लेकर जाना प्रधानमंत्री का लक्ष्य है। 60 के दशक के बाद कोई एक ऐसा व्यक्ति है, जिसने लगातार केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाई। देश की जनता ने मोदी पर विश्वास किया है जिसको जो कहना है कहने दीजिए। वर्ष 2029 में भी मोदी ही आएंगे। अमित शाह ने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचे, इसका प्रावधान भी भारत सरकार की तरफ से किया जा रहा है। 15 करोड़ घरों में पानी पहुंचाने का काम अब तक पूरा हो चुका है। देश के 74 प्रतिशत घरों में स्वच्छ पानी पहुंच रहा है। अमित शाह ने कहा कि चंडीगढ़ के लोगों को अब मिनरल वाटर खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां के लोगों को अब 24 घंटे पानी मिलेगा।

पहले महिलाओं को पानी भरने के लिए अलार्म लगाना पड़ता था। अब इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। पानी की आपूर्ति के लिए टैंकर भी नहीं मंगाना पड़ेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के चंडीगढ़ दौरे के दौरान कांग्रेस सांसद मुनीष तिवारी के अलावा मेयर कुलदीप कुमार नहीं आए। उनके साथ चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद रहे। अमित शाह के दौरे से पहले पुलिस ने युवा कांग्रेस के नेता आशीष गजनवी समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। युवा कांग्रेस ने अमित शाह के दौरे के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान किया था।

# भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

- एएसपी के आश्वासन पर माने परिजन तब किया गया अंतिम संस्कार
- प्रभारी निरक्षक भीरा शिवा जी दुबे का भीरा थाने से तत्काल ट्रांसफर किया जाए, एडिशनल एसपी के आश्वासन पर माने परिजन



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**बिजुआ खीरी**

थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार देर रात हुए खूनी संघर्ष में इलाज के दौरान दो लोगो की मौत हो गई थीएशनिवार देर शाम पोस्टमार्टम होकर दोनो शव गांव में आए थे। संघर्ष के हालात को देखते हुए पूरे गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा ताकि गांव में शांति व्यवस्था कायम रहे।

शनिवार को घुसाए परिजनों ने रडा चौराहा लखीमपुर भीरा राज्यमार्ग को जाम कर दिया था परिजनों की मांग थी सभी विपक्षियों के तत्काल गिरफ्तारी हो अगर फरार विपक्षी नही मिलते है तो उनके घरों को गिराया जाए एकभी देर पुलिस मान मुनावल करती रही लेकिन परिजन नही माने मौके पर पहुंचे जन प्रतिनिधि गोला विधायक अमन गिरी के समझाने पर परिजनों ने धरना खत्म कर दिया था। रविवार को सुबह से ही मौके पर पहुंची करणी सेना और परिजनों ने भीरा इस्पेक्टर शिवा जी दुबे को हटाने की मांग की भीरा इंस्पेक्टर पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया इस बात को लेकर आड़ गए परिजन बोले जब तक भीरा इंस्पेक्टर शिवाजी दुबे को नहीं हटाया जाएगा तब तक हम लोग अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।वही करणी सेना के जिला अध्यक्ष ने कहा दो घण्टे का समय है अगर दो घण्टे में ट्रांसफर आर्डर नहीं आता है तो हम सभी रोड पर शव रखकर धरना प्रदर्शन करेंगे। एडिशनल एसपी नेपाल सिंह व उपजिलाधिकारी गोला विनोद कुमार गुप्ता ने परिजनों को समझाने का भरकस प्रयास किया लेकिन परिजन अपनी बात कर आड़े रहे जब एएसपी ने उच्चधिकारियों से बात कर शिवा जी दुबे को भीरा थाने से दूसरी जगह ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया तब माने परिजन और अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। भरी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में शाम करीब 3: 30 बजे रामजीत सिंह व राम लखन उर्फ गुड्डू के शव अंतिम संस्कार किया गया।

### मित्रता में कर दी गुड्डू ने जान कुर्बान

रामलखन सिंह उर्फगुड्डू उम्र करीब 42 वर्ष निवासी गांव नया पुरवा ;रडा बाजारद्व और मृतक रामजीत सिंह की बहुत ही गहरी मित्रता थी बताते हैं गुड्डू और रामजीत सिंह हमेश एक ही साथ रहते थेएजिस समय विवाद हुआ तब गुड्डू और रामजीत सिंह एक ही साथ थे। क्षेत्र में चर्चा है गुडडू और रामजीत सिंह दोनो ने मित्रता खूब निभाई एक साथ रहे एक साथ घायल हुए और एक ही साथ में दोनो भगवान को प्यारे हो गए दोनों ने मित्रता की मिसाल कायम कर दी। गुड्डू बहुत ही गरीब परिवार से हैं मकान भी नही बना है घर के नाम पर केवल छप्पर पड़े हैं मृतक का बड़ा लड़का विपिन उम्र करीब 16 वर्ष छोटा लड़का करीब 10 वर्ष का हैएमृतक की पत्नी का कुछ दिनों पहले ही पित्त की पथरी का आपरेशन हुआ था जिनका अभी इलाज चल रहा है।वहीं गुड्डू के पिता भी मार पीट में घायल है उनकी भी हालत गंभीर है जिनका इलाज चल रहा है। मेहनत मजदूरी करके गुड्डू अपना और अपने परिवार का जीवन यापन करता था अब परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है।

### रामजीत सिंह की मौत की सूचना जिसने सुनी वो दौड़ा-दौड़ा आया

क्षेत्रीय लोग बताते है रामजीत सिंह बहुत ही मृदुभाषी मिलनसार स्वभाव के थे फ़िज़ूल में किसी से भी वाद विवाद नही करते थे ।यदि कही किसी का विवाद हो रहा हो तो उसे समझा बुझाकर तत्काल सुलझा देते थे। मृतक राम जीत सिंह के 2 पुत्रियां और दो पुत्र है जिसमें दोनो पुत्रियां बड़ी है सबसे बड़ी पुत्री का विवाह हो चुका है। दोनो पुत्र कौशलेंद्र उम्र करीब 15 वर्ष सबसे छोटा लोकेंद्र 12 वर्ष का है। अचानक इस प्रकार हुई मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### डबल मर्डर कांड में 27 लोगों पर मुकदमा दर्ज पुलिस ने नौ आरोपियों को किया गिरफ्तार

भीरा थाना प्रभारी शिवा जी दुबे ने बताया शुक्रवार को घटना की सूचना डायल 112 के मध्यम से मिली थी। ग्राम रडा बाजार में छुट्टा पशु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया है जिसमे प्रथम पक्ष से रामजीत सिंह एरामलखन उर्फ गुड्डू, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, सुधा सिंह, हरिपाल सिंह, अमन सिंह, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, सोनी सिंह, सुमन सिंह, रामदेव सिंह, सुमन सिंह व द्वितीय पक्ष से सन्तरामए रामगोपाल को चोटे आयी है। सूचना पर तत्काल मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सभी को बिजुआ अस्पताल भेजा गया था जहां से हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहां से ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया। ट्रामा सेन्टर लखनऊ में ईलाज के दौरान रामजीत सिंह उम्र करीब 46 वर्ष व रामलखन उर्फ गुड्डू उम्र करीब 42 वर्ष दोनो की मृत्यु हो गयी। शनिवार को करीब तीन बजे मृतक रामजीत सिंह के पुत्र कौशलेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर 27 लोगो के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया, उसके उपरान्त घटना में शामिल शिवचन्द उर्फ बंगा पुत्र परवन, रोहित पुत्र बालक राम, संतराम पुत्र गेंदन, राम गोपाल पुत्र नारायन, मनोज पुत्र रामप्रसाद, संजय पुत्र रामप्रसाद, पिन्टू पुत्र रामकुमार, राज कुमार पुत्र रामसहाय, अरूण पुत्र शिवचन्द्र आदि 9 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है अन्य लोगों की तलास जारी है। पुलिस टीम बराबर छापेमारी कर रही है जल्द ही बचे हुए सभी आरोपी पकड़े जाएंगे।

# कांवड़ यात्रा में जा रही महिला का दुपट्टा जनरेटर में फंसा, मौत



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र भीरा में कांवड़ियों के लिए बने शिविर के सामने की ट्राली में खाना खाती महिला रामकुमारी पत्नी श्रीपाल निवासी पलिया थाना पलिया की साड़ी का दुपट्टा जनरेटर के इंजन में फंस गया जब तक लोगो ने जनरेटर बन्द किया तब तक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँची भीरा पुलिस ने महिला कांवड़िया को तत्काल भीरा के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां हालात गंभीर होने के कारण बिजुआ सी एच सी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला कांवड़िया को मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से मृतका के साथ कावड़ लेकर जा रहे साथियों में कोहराम मच गया फोन द्वारा कावडियो ने मृतिका के घर पर सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### युवक की गला रेत कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना भीरा क्षेत्र में लगातार हो रही हत्याएं अभी तक डबल मर्डर का मामला शांत नहीं हो पाया शनिवार देर रात फिर एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। बसतौला भीरा राज्य मार्ग बस्तौला रोड पर यह घटना हो गई। आनन-फानन में उसे बिजुआ सीएचसी ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भीरा पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, मृतक के परिजनों ने 4 लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। शनिवार रात करीब 9:30 याकूब अली उर्फ गबरू उम्र करीब 32 वर्ष निवासी खोजियापुर कोतवाली गोला अपने किसी काम से बिजुआ आ रहा था तभी बस्तौला चौराहे के आगे निबिया काली माता मंदिर के पास किसी ने उसका गला रेत दिया। वहीं रास्ते से निकल रहे कावड़िया राहगीरों ने जब खून से लथपथ उसको तड़पता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस घायल को बिजुआ सीएचसी लेकर गये। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । वही घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन ने बिजुआ के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। बताते है कि मृतक युवक ने 2015 में बिजआ में ही एक नाबालिग की हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है। परिजनों ने उसी मामले को लेकर शक के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ तहरीर सौंपी है। वही 24 घण्टे में हत्या की दूसरी वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूचना पर पहुंचे एएसपी नेपाल सिंह ने मौका मुआयना किया,पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और आगे की करवाई में लगी है।

### खड़े ट्रक में ऑटो ने मारी पीछे से मारी जोरदार टक्कर, ऑटो चालक हुआ घायल

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**




उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत माइनर पेट्रोल पंप के सामने रविवार की शाम लगभग 4ः15 बजे एक ऑटो चालक ने खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी हादसे में टक्कर लगने से ऑटो चला रहा ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस व सेवा कस जुनून वेलफेयर फाउंडेशन की टीम, टीम ने घायल को दिया फ्री इलाज। चालक सेवाराम पुत्र राम लड़ाते निवासी की गिगियानी कस्बा शाहाबाद थाना शाहाबाद हरदोई। प्राथमिक उपचार के बाद उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवॉ भेजा गया।

# शिक्षकों की मनमानी, कहीं समय से पहले तो कहीं बिल्कुल ही नहीं पहुंच रहे शिक्षक

- खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच करने की कही बात

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शक्षकों की मनमानी के चलते परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ढंग से से शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

शुक्रवार को पसगवॉ विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय दरियाबाद करम हुसैन में 1:30 से पहले ही ताला लटक रहा था। ग्रामीणों ने बताया है कि इस विद्यालय के अध्यापक अक्सर देर से ही आते हैं और समय से पहले ही विद्यालय बंद करके चले जाते हैं। वही शनिवार को प्राथमिक विद्यालय बढ़ैया 12:30 बजे ही बंद था। यहां के भी ग्रामीणों ने बताया है कि विद्यालय कभी कभार ही खुलता है और समय से पहले बंद हो जाता है छात्र-छात्राओं को मीन्यू के हिसाब से मिड डे मिल भी नहीं दिया जा रहा है। परिषदीय स्कूलों के हालात हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

तैनात शिक्षक मनमानी कर स्कूल संचालित कर रहे हैं। देरी से स्कूल खुलना और जल्दी बंद हो जाना आम बात हो गई है। इस संबंध में जानकारी लेने पर खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती ने कहा है कि मुझे जानकारी नहीं है अगर विद्यालय समय से पहले बंद हो रहे हैं तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश के चलते चली गोलियां, दो महिलायें जखमी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी की ओयल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला शिवाला मे प्रातः लगभग 09 बजकर 15 मिनट के समय पुरानी रंजिश के चलते चार युवको ने मोहल्ला शिवाला निवासी लकी पुत्र राम किशन के तड़ातड़ हवाई फायरिंग कर दी जिस कारण एक गोली राम कली पत्नी स्व प्यारेलाल एवं दूसरी गोली कांती देवी पत्नी राम किशन जायसवाल के लग गयी जैसे तैसे मोहल्ला वासियो द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी तत्पश्चात मौके पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान महिलाओ को जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा गया उधर दूसरी तरफ इस पूरे प्रकरण मे शिकायतकर्ता लकी ने ओयल पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया और बताया कि मेरे पिता जी बैटरी रिक्सा चलाते है अभी कुछ दिवस पूर्व प्रांशु सिंह ने ओवरटेक के कारण मेरे पिता को मारा पीटा था उसके पश्चात मैंने प्रांशु से बात की तो उसने मुझे भी मारा फिर मामला शांत हो गया था किन्तु फिर से प्रांशु सिंह और उनके साथी अभय सिंह, निखिल गुप्ता, निखिल अवस्थी एवं दो अन्य अज्ञात युवक आये और घर मे घुसकर गोली चला दी जिससे माँ और दादी के गोली लग गयी वो अस्पताल मे है हालत नाजुक है उधर घटना होने के बाद सीओ एसओ ओयल पुलिस मौके पर घटना स्थल का मुआयना किया और आरोपियों की तलाश शुरू हो चुकी है इसका दावा किया, खबर लिखें जाने तक घटना का खुलासा नहीं हो पाया था।

> इस संबंध मे थाना प्रभारी अजीत कुमार से वार्ता की गयी तो उन्होंने बताया की आरोपियों की तलाश जारी है अगर शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व मे इस प्रकरण के बारे शिकायत की गयी होती तो आज यह घटना नहीं होती खैर बहुत जल्द खुलासा किया जायेगा।

# कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची का शव बरामद

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित टेंढ़ेनाथ धाम पर रविवार को अमावस्या के मौके पर अपने परिजनों के साथ पहुंची 7 वर्षीय बच्ची गोमती नदी के तट पर डूब गई। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई ।स्थानीय गोताखोरों की मदद से प्रशासन बच्ची की तलाश में जुटा रहा। एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया था।गोता खोर और एनडीआरएफ टीम कई घंटे बच्ची को नदी में ढूंढ पाने का प्रयास करती रही। लेकिन स्थानिय गोताखोरो ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची के शव को ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मगही थाना मितौली जिला लखीमपुर खीरी निवासी विनय कुमार की पुत्री उन्नति रविवार सुबह करीब चार बजे अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ टेंढ़े नाथ धाम के लिए निकली थी।मंदिर के पास स्थित गोमती नदी के तट पर वह भी अपने परिजनों के साथ स्नान कर रही थी कि अचानक से गहरे पानी में समा गई।पिता विनय कुमार कांवड़ भरकर गोला शिव जी को चढ़ाने गया था।वही उसे पता चला कि उसकी बेटी निकट टेढ़े नाथ धाम गोमती नदी में डूब गई है। विनय कुमार ने बताया कि टेढ़े नाथ धाम पर भंडारे का आयोजन रखा गया था ।जिसके लिए पत्नी घर परिवार के अन्य लोगों के साथ सुबह सवेरे घर से निकले थे। धाम पर पहुंचकर पहले सभी ने गोमती नदी में स्नान किया। वहीं बेटी उन्नति भी सभी के साथ स्नान कर रही थी। स्नान करते हुए उन्नति हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना डायल 112 व स्थानीय पुलिस चौकी अमीर नगर को दी गई। सूचना मिलते ही अमीरनगर पुलिस चौकी इंचार्ज सतीश द्विवेदी अपने दल बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# शिव मंदिर गए बालिका की नदी में नहाते समय डूबने से मौत

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के ग्राम मगही निवासी विनय कुमार की 8 वर्षीय पुत्री अपने ननिहाल से टेढ़े नाथ शिव मंदिर अमावस्या को गोमती नदी में नहाते समय डूब जाने से मृत्यु हो गई जानकारी के अनुसार ननिहाल के परिजनों के साथ विनय कुमार की पुत्री अमावस्या के दिन गोमती नदी में अपने ननिहाल के परिजनों के साथ नहाने के लिए गई हुई थी अचानक पैर फिसल जाने के कारण डूब गई परिजनों की सूचना पर मोहम्मदी पुलिस द्वारा गोताखोरो के सहारे पूरे दिन तलाश करने के बाद नदी में दो किलोमीटर आगे बच्ची का शव पाया गया।

# मरीजों कि जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे कथित डाक्टर, जिम्मेदार बेपरवाह

- बिना डिग्री, पंजीयन के अस्पतालों में मरीजों का कर रहे इलाज, जिम्मेदार मौन, कार्रवाई करेगा कौन...

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के मैगलगंज खीरी कस्बा क्षेत्र मे झोलाछाप डाक्टरो कि दुकाने दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इन फर्जी डॉक्टरों द्वारा मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। कस्बा क्षेत्र में जगह-जगह बिना रजिस्ट्रेशन बाले हॉस्पिटलो का संचालन कर रहे अनट्रेंड डाक्टर इतना ही नहीं हॉस्पिटलों के नाम बड़े-बड़े शहरों की तर्ज पर रखते हैं, जिससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते है।

मरीज अच्छा डाक्टर समझकर इलाज करवाते है, लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भगवान भरोसे किया जा रहा है। फर्जी डाक्टर के लिए यह धंधा काफ़ी लाभदायक है। मरीजों को लुभाने के लिए बड़े डाक्टरो कि तर्ज पर मरीज कि जाँच करवाते है और जाँच के आधार पर मरीज का इलाज करते है,कस्बा क्षेत्र मे कई हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के हि हो रहे संचालित। फर्जी डाक्टरो ने इस गोरख धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए बड़े शहरों के कुछ निजी अस्पतालो से भी सांठगांठ बनारखी है। मरीज कि हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्ही अस्पतालो मे भेज देते है जहाँ से उन्हें अच्छा खासा कमीशन के तौर पर फायदा होता है। फर्जी डॉक्टरो का कस्बा ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों मे भी धंधा खूब फल फूल रहा है। यह फर्जी डाक्टर ग्राम स्तर पर शाखाएं जमाये हुए है। बड़े डाक्टरो कि तर्ज पर करते है इलाज,और यह डाक्टर वही दबा लिखते है जिसमे इन्हे अच्छा खासा कमीशन मिल सके। अक्सर ऐसे मामले दुखने को मिलते है, कि फर्जी डाक्टर या उसके कम्पाउडर कि वजह से मरीज कि जान पर आ जाती है। तब ये फर्जी डाक्टर अपने बचाव के लिए मरीज को बड़े शहरों मे प्राइवेट अस्पतालो के लिए रेफर कर देते है स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है कि क्षेत्र मे फर्जी डाक्टर द्वारा कितने बिना पंजीकरण के क्लिनिक व अस्पतालो का संचालन किया जा रहा है।

> मैगलगंज क्षेत्र मे संचालित अवैध हॉस्पिटलो के बारे मे हमें जानकारी मिली है, और जल्द ही इन अवैध बिना पंजीयन के चल रहे हॉस्पिटलो पर सख्त कार्यवाही कि जाएगी ।
>
> **डॉ. अश्वनी वर्मा सीएससी अधिक्षक पसगवा**

# पौराणिक ख्याति प्राप्त है छोटी काशी का शिवालय

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ की पहचान दूर दराज में छोटी काशी के नाम से भी है। नगर की पौराणिक गरिमा की पहचान पुरातन शिवमंदिर देश विदेश में विख्यात है। शिवलिंग के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए वर्ष भर लाखों की संख्या में भक्तों, श्रद्वालुओं का आवागमन होता है। यहां वर्ष भर धार्मिक अनुष्ठान व कीर्तन, रामायण पाठ, श्रीमद्भागवत कथाओं के आयोजन होते रहते है। किंतु सावन माह में यहां समूचा नगर शिवघोष से गुंजायमान होता है। साथ ही होली के उपरांत मां वैष्णों देवी के दर्शनों के बाद बडी संख्या में यहां भक्त अपने आराध्य भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करते है। यहां भक्त दूरदराज से कावडों में गंगाजल लाकर भगवान का अभिषेक करते है। इस दौरान कांवडियों की टोली के साथ उनके परिवार व क्षेत्र की महिलाएं, युवतियां, युवक भी बढ चढकर शामिल होते हैं

सावन माह के तीसरे सोमवार को पौराणिक शिवनगरी में भूतभावन भगवान आशुतोष के दर्शन के लिए बडी संख्या में भक्तों की आगमन की संभावना को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है।

**मान्यताएं** प्रचलित कहानियों की माने तो बताया जाता है कि एक बार रावण भगवान शिव की घोर तपस्या कर लंका ले जा रहा था। किंतु भगवान की इच्छा के मुताबिक भगवान को लंका नहीं ले जा सका। जिस पर थकहार कर अपने अंगूठे से यहीं दबा दिया। तब से यह स्थान शिवस्थान हो गया है। पौराणिक शिव मंदिर के समीप एक सतौती ताल भी स्थापित है। जिसके संदर्भ में कहानियां प्रचलित है। कि भगवान शिव को ले जाते समय उनकी इच्छा से प्रेरित होकर रावण ने जिस स्थान पर लघुशंका उसे सत्यवती ताल वर्तमान में सतौती ताल के नाम से जाना जाता है। वर्तमान मे बढते अतिक्रमण के दबाव से सतौती ताल चारों ओर से सिकुडता नजर आ रहा है।


**इतिहासः-** पौराणिक शिवालय में स्वयं प्राकट्य शिवलिंग की लंबाई, चौडाई, गहराई की कोई थाह नहीं आंकी जा सकी है। बताया जाता है। कि वर्ष 1970 में मंदिर के जीर्णोद्वार का कार्य कराया जा रहा था। जब शिवलिंग के ऊंचीकरण किए जाने के लिए आस पास खोदने का प्रयास किया गया। किंतु शिवलिंग की कोई थाह न मिलते देख कार्य रुकवा दिया गया था और स्थान को पुनः पूर्ववत कर दिया गया था। प्रत्येक सोमवार, महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष श्रंगार पूजा का आयोजन किया जाता है। पूर्व में शिवलिंग के मंदिर में गृभगृह सहित फर्श व अरघे के चहुंओर मोहरें व चांदी के सिक्के गढे हुए थे। वर्तमान में मंदिर के गर्भगृह में चांदी से फर्श, शिवलिंग मुकुट पहनाया जाता है। प्रतिदिन सुबह व शाम भगवान की आरती, पूजन व श्रंगार पूजन कर भगवान को शयन कराया जाता है।



लगभग 15 वर्षों से विख्यात पौराणिक शिव मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग का पूजन अर्चन करने वाले पुजारी पंडित दिनेश कुमार मिश्रा ने बतातें है। पूर्व में उनके बाबा रामसरन मिश्र ने लगभग 55 वर्षों तक, उनके बाद बाबूराम अवस्थी ने 20 वर्षों तक, इसके बाद उनके पिता शंभुदयाल मिश्र ने 30 वर्ष तक मंदिर में भगवान शिवलिंग का पूजन अर्चन किया। इसके बाद अपनी तीसरी पीढी में वह स्वयं पौराणिक शिवालय में स्थित भगवान का श्रंगार पूजन आरती कर रहे है।



मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि मंदिर पौराणिक है। जिसका विवरण पुराणों में भी है। आदिकाल से यहां पूजा होती चली आ रही है। दूर दराज से कांवडिए आकर भगवान का जलाभिषेक करते है। मंदिर की व्यवस्था का पूरा काम मंदिर कमेटी के लोग करते है। जिसमें नित्य दिनचर्या में साफ सफाई, पूजन, सुबह पांच बजे मंदिर के कपाट खोलकर श्रंगार पूजा, दोपहर दो बजे मंदिर की साफ सफाई, देर रात्रि नौ बजे गर्भगृह की सफाई के बाद अभिषेक व श्रंगार कर विधिवत पूजन किया जाता है। रात्रि साढे दस बजे मंदिर के कपाट बंद किए जाते है। जबकि सुरक्षा व्यवस्था पुलिस व प्रशासन द्वारा की जाती है। सावन माह में भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के कपाट सुबह दो बजे खुल जाते है। तथा देर रात 12 बजे तक मंदिर खुला रहता है। जबकि अन्य दिनों में मंदिर के कपाट प्रातः चार बजे खुल जाते है। तथा रात में लगभग दस बजे तक श्रंगार पूजन के बाद बंद कर दिए जाते है।



सावन माह के तेरहवें दिन रविवार को भी सुबह से पौराणिक शिवालय में भक्तों, कांवडियों की भीड दर्शन के लिए जुटी रही। सुदूर क्षेत्रों से भक्तों, कावंडियों के आगमन का सिलसिला सुबह से शाम तक जारी रहा। सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुलते ही हर हर महादेव, बम बम भोले के जयघोष के साथ भक्तों की भीड ने भगवान का फूल, बेलपत्र, गंगाजल, दूध, भांग धतूरा आदि से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया। शहर के प्रमुख मार्गों पर सुबह से ही डीजे से भक्ति संगीतों की धुनों पर थिरकते कांवडियों के जत्थों का हुजूम अब शहर की दिनचर्या में शुमार हो चुका है। नित्यप्रति कांवडियों व भक्तों की टोलियों का सुबह से शाम तक आवागमन जारी रहता है।

# गोमती नगर में हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई
## पुलिस ने सीज की पांच स्पोर्ट्स बाइक व कार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रात को सड़क पर हंगामा करने, उत्पात मचाने वाले युवाओं पर पुलिस ने कार्रवाई की है। उनकी 1 कार और 5 स्पोर्ट्स बाइक्स सीज कर दी गई हैं। साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा करते पकड़े गए तो सीधे जेल की हवा खानी होगी। मामला गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक गोमती नगर विस्तार इलाके में मरीन ड्राइव से जनेश्वर मिश्र पार्क की तरफ जाने वाली सड़क पर शनिवार रात को 12 से 14 युवक इकट्ठा होते हैं। वे सभी अपने एक दोस्त का बर्थडे मनाने के लिए जुटे थे। बाकायदा कार की बोनट पर केक रखकर काटा जाता है, इसके बाद वहां जमकर हुड़दंगबाजी होने लगती है। इस दौरान उस रास्ते से गुजरने वालों को भी युवकों का यह व्यवहार नागवार गुजरता है। किसी ने वहीं से पुलिस को फोन कर दिया और कुछ ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करके सबको पकड़ लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच स्पोर्ट्स बाइक और एक कार को सीज कर दिया। पुलिस पूछताछ में सभी लड़के पढ़ने-लिखने वाले निकले, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया। लखनऊ के गोमती नगर विस्तार इलाके में बर्थडे मना रहे युवकों ने पुलिस के सामने कसम भी खाई कि भविष्य में वे इस तरह से कभी किसी का बर्थडे नहीं मनाएंगे। इस मामले में इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी का कहना है कि जिन लड़कों को पकड़ा गया था सभी पढ़ने लिखने वाले छात्र हैं। उनके करियर का ध्यान रखते हुए हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। हालांकि मौके पर मिली 5 स्पोर्ट्स बाइक और एक कार को सीज किया गया है।

# अदालत अपनी निगरानी में दुष्कर्म पीड़िता की सुरक्षा करे सुनिश्चित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अदालत से अनुरोध किया कि वह अयोध्या में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए इसका स्वतः संज्ञान ले तथा अपनी निगरानी में दुष्कर्म पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण करने की गलत मंशा रखने वाले लोगों के इरादे कभी सफल नहीं होने चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, बलात्कार पीड़िता के लिए सरकार अच्छे-से-अच्छा चिकित्सीय प्रबंध कराए। बालिका के जीवन की रक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। माननीय न्यायालय से विनम्र आग्रह है कि स्वतरू संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने अपने पोस्ट में किसी का नाम लिए बगैर कहा, बदनीयत लोगों का इस तरह की घटनाओं का राजनीतिकरण करने का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होना चाहिए।

अखिलेश यादव ने अयोध्या में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी सपा कार्यकर्ता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान का डीएनए परीक्षण कराने की शनिवार को मांग की थी, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने अखिलेश के इस बयान पर सवाल किया था कि सपा शासन में ऐसे मामलों में कितने आरोपियों का डीएनए परीक्षण किया गया था। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया था कि अखिलेश ने सपा से जुड़े आरोपी मोइद खान को क्लीन चिट दे दी है। अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा था, कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगे हैं, उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफका रास्ता निकाला जाए।

### अयोध्या दुष्कर्म मामले में भाजपा कर रही राजनीति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या दुष्कर्म मामले में सपा नेता मोईद खान की गिरफ्तारी को लेकर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस मामले पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए, बल्कि पीड़िता के उचित इलाज व उसे न्याय दिलाने के लिए कार्य करना चाहिए। सपा प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा को इस बात पर विचार करना चाहिए कि किस तरह से चार्जशीट दाखिल की जाए और किस तरह से जांच को मजबूत किया जाए, ताकि पीड़िता को न्याय और आरोपी को सजा मिल सके। सपा की ओर से इस मामले में डीएनए टेस्ट की मांग पर फखरुल हसन चांद ने कहा कि अगर सबूतों को मजबूत बनाने के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की गई है, तो वे इस पर आपत्ति क्यों कर रहे हैं? इससे पता चलता है कि सत्ताधारी पार्टी आरोपी को बचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़िता को न्याय दिलाना चाहती है। अखिलेश यादव ने उस बेटी के समुचित इलाज के लिए चिंता जताई है। भारतीय जनता पार्टी इस मामले में सिर्फ राजनीति कर रही है। समाजवादी पार्टी ऐसे मुद्दों पर राजनीति नहीं करती।

## खबरें एक नजर में

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का हो रहा उत्पीड़न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी एवं उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने वाणिज्य कर विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 2022 की स्थानांतरण नीति के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का स्थानांतरण हुआ था उसको अब स्थानांतरण नीति 2024 को 31 जुलाई 2024 को कर मुक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों का मजाक उड़ा रहे हैं। विभाग के अधिकारी शासन की छवि धूमिल करने में कोई कसर छोड़ नहीं रहे हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री का ध्यान विभाग की ओर आकृष्ट किया है। प्रदेश महामंत्री ने मुख्य सचिव को भी पत्र से अवगत कराया और अपर मुख्य कार्मिक को भी पत्र द्वारा अवगत कराया गया। अपर मुख्य सचिव राज्य कर को भी अवगत कराया। उन्होंने यह आरोप लगाया कि 2024 में स्थानांतरण नीति का एक भी प्रतिशत अनुपालन नहीं किया गया। मात्र दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए ।जो कर्मचारी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे या उनके पारिवारिक गंभीर समस्याएं थी उनकी प्रार्थना पर कोई भी विचार नहीं किया गया। मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव द्वारा बराबर निर्देश जारी किए जाते हैं लेकिन विभाग स्तर पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है जिसको रोकने के लिए निर्देश करने की मांग की गई। राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सुरेश सिंह यादव ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में 90 लाख पद स्वीकृत है और उत्तर प्रदेश में 4.30 लाख पद रिक्त हैं जिनको सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जाना चाहिए।

### शीर्ष कोर्ट का फैसला आरक्षण को खत्म करने जैसा : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने राजधानी में प्रेसवार्ता करते हुए अनुसूचित जातियों को एकजुट रहने के लिए अपील की हैं। प्रेस वार्ता में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अनुसूचित जातियों को उपजातियों में विभाजित करने के फैसले पर सवाल उठाया। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट द्वारा किए गए एससी जाति में उपजाति विभाजन करने के फैसले से सहमत नहीं है। मायावती ने कहा कि आरक्षण पर नई सूची बनाने से कई तरह की परेशानियां सामने आएंगी। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब राज्य के मामले में 20 साल पहले के फैसले पर सुनवाई सही नहीं। साथ ही साथ एससी एसटी के बीच उपजाति का विभाजन करना सही नहीं फैसला नहीं होगा। बसपा सुप्रीमों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला कहीं न कहीं आरक्षण को खत्म करने के प्लान जैसा है। उन्होंने क्रीमीलेयर के मानक पर भी सवाल उठाए। मायावती ने दो टूक लहजे में कहा कि भविष्य में आरक्षण में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिशें न हों। संविधान के नौवीं अनुसूची में इसे शामिल किया जाए। अनूसूचित जातियों को आगाह करते हुए मायावती ने कहा कि आपातकालीन की स्थिति को समझते हुए एससी-एसटी वर्ग को एकजुट होने की जरूरत है। यदि वह बंटे रहेंगे तो विरोधी उनका फायदा उठाएंगे।

### एडीसीपी ऑफिस के पीछे मिली लाश, हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एडीसीपी ऑफिस के पीछे एक युवक की लाश मिली है। मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पहचान की कोशिश की जा रही है। घटना गौतम पल्ली थाना क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे की है। मृत युवक की उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। माना जा रहा है कि किसी ने युवक की हत्या करने के गोमती नदी के किनारे फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### राजधानी में 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में देर रात से ही बादल छाए हैं। कहीं-कहीं बारिश भी हो रही है। रविवार सुबह से ही तेज और ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम केन्द्र लखनऊ ने अगले 24 घंटों के मौसम के बारे में चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के तराई वाले इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो रही है। रविवार को लखनऊ में आंशिक तौर पर बादल छाए रहने का अनुमान लगाया गया है। 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। बारिश के आसार दिख रहे हैं लेकिन लोगों को जोरदार बारिश का इंतजार है। दोपहर को बादल छाए और शाम 4 बजे के बाद कई जगहों पर हल्की बारिश रिकॉर्ड की गई। यहां दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। यह लगभग सामान्य था। रात को तापमान 27.3 डिग्री रिकार्ड हुआ। यह सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर था। प्रदेश में सबसे अधिक 42.4 डिग्री तापमान चुर्क में रिकार्ड हुआ।

### ईदगाह में निःशुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खदा पाक के बन्दों की सेवा करना बहुत बड़ी इबादत है। परेशान हालों, जरूरतमन्दों, गरीबों और बेसहारा लोगों की सहायता करना और खुदा पाक के तमाम बन्दों से मुहब्बत करना इस्लाम की रौशन शिक्षा है जिनका उदाहरण रसूल पाक सल्ल0 की सीरत पाक और सहाबाक्राम के हालात व जीवनी में अधिकता से मिलते हैं। इन रौशन शिक्षा पर अमल करना और उनको अपनी जिन्दगियों में उतारना सवाब का कार्य है। खुश नसीब हैं वह लोग जो खुदा के बन्दों के काम आते हैं। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फ्रंगी महल ने किया। वह आज मेदांता अस्पताल लखनऊ और इस्लामिक सेन्टर के सौजन्य से ईदगाह लखनऊ में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधन कर रहे थे। इस नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ जनवरी 2000ई0 में वालिद मरहूमद मौलाना मुफ्ती अबू तय्यब अहमद मियाँ फरंगी महली की सरपरस्ती में हुआ था। आज 179वें कैम्प है। यह हर माह की पहली इतवार को लगता है। अब तक इन कम्पों से बिना किसी भेद भाव के हजारों लोग फायदा उठा चुके हैं।

### अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर निकलेगी पदयात्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बीकेटी इलाके में भाजपा नेता मदन मोहन मिश्रा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर परिवर्तन चौक से 3 बजे पदयात्रा निकाली जाएगी जो कि हजरतगंज में गांधी प्रतिमा तक जाएगी। उन्होंने पूर्व सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के नशा मुक्ति श्अभियान की तारीफकी। कहा कि यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। लाखों युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कह रहे हैं। वहीं भारत विरोधी ताकतें देश के लोगों को नशे में धकेल कर भारत के भविष्य को बर्बाद कर रहीं हैं। सभी से अपील किया की नशे से दूर रहें। जिससे भारत के युवा तरक्की कर सकें।

### बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी नौ को करेंगे सत्याग्रह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संविदा कर्मचारियों के लिए दस लाख का बीमा और आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मियों की जगह पूर्व सैनिकों की नियुक्ति का आदेश वापस लिए जाने की मांग की गई है। इसके लिए बिजली विभाग संविदा कर्मचारी महासंघ ने नौ अगस्त से सत्याग्रह का निर्णय लिया है। महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक के बाद सत्याग्रह की घोषणा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ मजदूर नेता आरएस राय ने बताया कि प्रबंध निदेशक पंकज कुमार और महासंघ के पदाधिकारियों के बीच शक्ति भवन में कुछ मांगों पर बनी सहमति के बाद भी आदेश जारी न होने पर कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ा है। सहमति के बाद वादाखिलाफी के कारण प्रदेश के हर जिले में संविदा कर्मचारी नौ अगस्त को सत्याग्रह करके चेयरमैन को ज्ञापन भेजेंगे। बिजली घरों और लाइनों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों को मात्र तीन साल बाद ट्रांसफर किए जाने के आदेश को वापस लेने की मांग करते हुए आरएस राय ने कहा कि मात्र नौ दस हजार रुपए में ये मे परिवार का खर्च न चला पाने वाले संविदा कर्मचारियों का तबादला अव्यवहारिक है।

# कांवड़ यात्रा मार्गो, शिवालयों व धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं को न हो असुविधा

**नगर विकास मंत्री ने की निकायों के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सावन का पवित्र महीना चल रहा है और राष्ट्रीय पर्व, धार्मिक त्यौहार आने वाले हैं, इस दृष्टि से सभी निकाय अपने क्षेत्रों की बेहतर साफ-सफाई, स्वच्छता, मार्ग प्रकाश, जलापूर्ति, जल निकासी तथा स्वच्छता सर्वेक्षण आदि कार्यों पर विशेष ध्यान देंगे। निकाय अपने क्षेत्रों में अमृत सरोवरों, पार्कों, वेंडिंग जोन आदि में 09 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय पर्व, हर घर तिरंगा कार्यक्रम, शहीदों को नमन, काकोरी दिवस को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति तथा प्लास्टिक मुक्त निकाय के लिए जागरूक करें।

उन्होंने निकायों के बेहतर व्यवस्थापन के लिए सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने निकाय के मुख्यालय क्षेत्र में ही रहने के निर्देश दिए और कहां की अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन करने के पश्चात ही उनकी अच्छे निकायों में नियुक्ति की जाए या अतिरिक्त प्रभार दिया जाए।नगर विकास मंत्री रविवार को डी ट्रिपल सी लाइव मॉनिटरिंग के माध्यम से निकायों के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बलिया, बुलंदशहर, शामली, बागपत, हाथरस, मुजफ्फरनगर, चित्रकूट, गोलाबाजार, हरदोई गोलागोकर्णनाथ, बहराइच, बाराबंकी, उन्नाव, बस्ती, देवरिया, बलिया, इटावा, शामली, कन्नौज, सीतापुर, मिर्जापुर, बड़हलगंज, चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर नगर, लखनऊ आदि निकायों के अधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर स्थितियों का जायजा लिया तथा निकायों के व्यवस्थापन के अहम निर्देश दिए। कावड़ यात्रा मार्गो, धार्मिक स्थलों, शिवालयों एवं प्रमुख मंदिरों के आसपास साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने के साथ इन क्षेत्रों की सड़के और गालियां साफ सुथरी और गड्ढा मुक्त हो, मार्गो में प्रकाश की व्यवस्था हो, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें। सामुदायिक, सार्वजनिक व पिंक शौचालयों की साफ-सफाई तथा मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था हो, कूड़ा इधर उधर न फैले इसके लिए डस्टबिन रखवाएं। कूड़े का नियमित उठान कराए और एमआरएफ सेंटर ले जाकर सोर्स सेग्रीगेशन कर कूड़ा प्रबंधन पर ध्यान देंगे। पूजा स्थलों से निकलने वाली सामग्री का निपटान कराए या इससे अगरबत्ती, धूप दीप, हवन सामग्री आदि बनवाने का भी प्रयास करें। बरसात का मौसम है निकाय जल निकासी के बेहतर प्रबंध करें, पंपिंग स्टेशन, जेट पंप और पंपिंग सेट चालू हालत में हों, वॉटर लॉगिंग न हो नाले नालियों की सफाई पर ध्यान देंगे।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की साफ-सफाई कराने का करें प्रयास

बरसात में संचारी रोगों की रोकथाम तथा मच्छर और मक्खी जनित बीमारियों, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि को फैलने से रोकने के लिए एंटीलार्वा दवा का छिड़काव करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की साफसफाई कराने तथा रोगों की रोकथाम का भी प्रयास किया जाए। निकाय स्वच्छता को लेकर नागरिकों को जागरूक करें, स्वच्छता स्लोगन लिखवाए, प्लास्टिक मुक्ति अभियान चलाएं, लोगों को प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए भी जागरूक करें। सीवर व गटर का पानी रिहायसी इलाकों में न भरे, सीवर का पानी जलापूर्ति में न मिले, सीवर सफाई पर ध्यान देंगे ।प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने में निकाय पूर्ण मनोयोग से कार्य करें, इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यों को बेहतर ढंग से करने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा ले, कार्यों की ड्रोन से मॉनिटरिंग कराए।

# सीएम योगी ने सुनी 400 लोगों की फरियाद, समाधान का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर दौरे के दौरान आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्या लेकर आए सभी फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने एक एक के पास जाकर ध्यान से उनकी बात सुनी और उनकी समस्या का जल्द समाधान होने का भरोसा दिलाया। योगी ने कहा कि किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है, सबकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

बता दें कि हमेशा की तरह सीएम योगी ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया और आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, सबकी समस्या दूर करने को सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। जनता दर्शन में करीब 400 लोग अपनी फरियाद लेकर आए थे। सीएम ने सभी की फरियाद सुनी और समाधान का भरोसा दिया।

जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे।

किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# ऑन कॉल ड्यूटी करने वाले निजी चिकित्सक को मिलेंगे 5000 रुपए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** देश के फर्स्ट रेफरल यूनिट के रूप में चिह्नित अस्पतालों में रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक ऑन कॉल ड्यूटी करने वाली निजी प्रैक्टिस करने वाली महिला रोग विशेषज्ञ को 5000 रुपये दिए जाएंगे। इसमें चार हजार मानदेय और एक हजार रुपये यात्रा भत्ता होगा। फॉलोअप वाले मरीज को देखने पर 1500 रुपये दिए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने हर जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को फर्स्ट रेफरल यूनिट के रूप में चिह्नित किया है। इन अस्पतालों में जहां एक ही गाइनेकोलॉजिस्ट और एनेस्थेसिस्ट हैं, उनके अस्पताल में न रहने और सिजेरियन प्रसव की जरूरत पड़ने पर संबंधित इलाके के निजी क्षेत्र के डॉक्टर को बुलाने की व्यवस्था है। अनुबंध किया गया है।पहले गाइनेकोलॉजिस्ट और एनेस्थेसिस्ट को प्रति कॉल 2000 रुपये मानदेय और 1000 यात्रा भत्ता दिया जाता था। अब सुबह आठ से शाम आठ बजे तक का मानदेय 2000 रखा गया है, जबकि रात आठ बजे से सुबह आठ तक बुलाए जाने पर संबंधित डॉक्टर को 4000 रुपये और यात्रा भत्ता 1000 रुपये मिलेंगे। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के मुताबिक जिलों को अनुमानित व्यय के रूप में 1.41 करोड़ जारी कर दिए गए हैं। इस राशि को संबंधित जिले के फर्स्ट रेफरल यूनिट को भेजा जाएगा।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। मरीजों को और बेहतर उपचार मिलेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से बजट आवंटित किया जा रहा है। अंबेडकरनगर के लिए 1.67 लाख, अमेठी के लिए 1.29 लाख, अयोध्या के लिए 1.73 लाख, बहराइच के लिए 2.42 लाख, बलरामपुर 1.49 लाख, बाराबंकी के लिए 2.27 लाख रुपये, गोंडा के लिए 2.38 लाख, हरदोई के लिए 2.86 लाख, लखीमपुर खीरी के लिए 2.80 लाख, लखनऊ के लिए 3.42 लाख, रायबरेली के लिए 2.02 लाख, श्रावस्ती के लिए 77 हजार, सीतापुर के लिए 3.12 लाख, सुल्तानपुर के लिए 1.68 लाख समेत प्रदेश के अन्य जिलों के लिए राशि आवंटित की जा रही है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया ने की जाति जनगणना की मांग

**लखनऊ।** एनडीए की सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने जाति जनगणना की मांग की है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव पहले ही जाति जनगणना की मांग करके भाजपा को घेर रहे हैं। इस तरह अब अनुप्रिया भी राहुल-अखिलेश की राह पर चल पड़ी हैं। इससे भाजपा की मुसीबत बढ़ सकती है। अनुप्रिया पटेल ने रविवार को लखनऊ में सहकारिता भवन में पार्टी प्रदेश कार्य समिति की बैठक बुलाई। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आउटसोर्सिंग से हो रही भर्तियों पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा आउटसोर्सिंग कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक है। आउटसोर्सिंग में आरक्षण का मानक लागू नहीं किया जाता है, यह पिछले वर्ग के लिए कैंसर जैसा ही है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना करने की भी मांग की। केंद्रीय मंत्री ने कहा- जातिगत जनगणना से ही समाज का विकास संभव है। केंद्रीय मंत्री ने मांग रखी कि देश में न्यायिक सेवा आयोग का गठन किया जाए और न्यायपालिका में समाज के सभी वर्ग को प्रतिनिधित्व मिले। नियुक्तियों में आउटसोर्सिंग के जरिए चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की भर्तियां हो रही हैं, उसमें आरक्षण का पालन नहीं हो रहा है।



राज्यपाल आनंदीबेन ने गौतम बुद्ध नगर स्थित एक स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर स्कूल के न्यू कैम्पस का किया उद्घाटन।

# सामंजस्य बनाकर काम करने से ही संगठन होगा मजबूत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों व चेयरमैनों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में मुख्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक में अजय राय ने कहा कि हम सभी की मंशा संगठन को मजबूत करने की होनी चाहिए और यह तभी संभव है कि जब हम आपस में सामंजस्य बनाकर काम करेंगे। हमारे नेता राहुल गांधी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। इसका हम सभी को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग जनपदों में जाये, वहां होने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। महिलाओं के प्रति अत्याचार के मामलों को प्रमुखता से उठाया जायें। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महंगाई तथा बेरोजागारी के मुद्दे को उठाया जाय। आज जनता आपकी ओर देख रही है। हमें इसका लाभ उठाना चाहिए। अगर अब हम चूक गये तो समय हमारे हाथ से निकल जायेगा और इसके लिए जनता आपको माफ नहीं कर पायेगी। बैठक में विशेष रूप से राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किये राजीव गांधी पौधरोपण अभियान के तहत फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने अब तक कितना पौधरोपण किया गया, इसकी भी विस्तृत समीक्षा हुई।

### जमीनी विवाद में सगे भतीजो ने चाची पर कुल्हाड़ी से हमला, दो घायल

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोपालखेड़ा गांव निवासी रामदास ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसकी जमीन पर नजर गड़ाये भतीजे छोटेलाल व प्रदीप ने रविवार की शाम गाली-गालौज कर रहे थे, पत्नी रानी ने विरोध किया तो नाराज भतीजो ने लाठी डंडो से पत्नी की बुरी तरह पिटाई कर दी ओर जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से पत्नी के पंजे में वार कर घायल कर दिया। इस दौरान बीच बचाव को आयी बेटी पलक की भी डंडो से बुरी तरह पिटाई कर दी। परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायल मां व बेटी को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी भतीजो पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

**उपलब्धि** — जच्चा-बच्चा तक मात्र सात मिनट में पहुंच रही चिकित्सीय सुविधा, रिस्पांस टाइम में यूपी देश में अव्वल

# मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में 102 एम्बुलेंस वरदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार की 102 एंबुलेंस सेवा मदर एंड चाइल्ड सर्विसेस गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने से जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा रहता था।

योगी सरकार ने 102 एंबुलेंस सेवा का सुदृढ़ीकरण कर मातृ शिशु मृत्यु अनुपात को कम करने में बड़ी भूमिका निभायी है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि वर्तमान में 102 एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम घटकर 7 मिनट रह गया है। आपात स्थिति में जच्चा-बच्चा तक मात्र सात मिनट में चिकित्सीय सुविधा प्राप्त हो रही है। रिस्पांस टाइम में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर एक पर है जबकि सबसे खराब रिस्पांस टाइम झारखंड का है।




प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी ने मातृ-शिशु मृत्यु अनुपात को कम करने के लिए बड़े कदम उठाये।प्रदेश के शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों को सुदृढ़ किया गया, 102 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाये गये। वर्तमान में एंबुलेंस सेवा 102 का रिस्पांस टाइम मात्र 7रू06 मिनट है जबकि 2016 में रिस्पांस टाइम 11.28 मिनट था। सीएम ने 2019 और 2023 में खटारा हो चुकी क्रमशः 1554 और 674 एंबुलेंस को हटाकर नई स्वास्थ्य तकनीक से लैस एंबुलेंस की खरीद की। सेवा को बेहतर करने के लिए 306 अतिरिक्त नई एंबुलेंस को जोड़ा गया। वर्तमान में प्रदेश में कुल 2270 एंबुलेंस सेवा 102 में संचालित हैं। प्रदेश में रोजाना औसतन 40,524 जच्चा-बच्चा को सहायता प्रदान की जा रही है।

### साल दर साल एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम हुआ कम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि 102 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम में कमी आने से प्रदेश में मातृ-शिशु मृत्यु अनुपात में कमी दर्ज की गयी है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे एसआरएस के अनुसार वर्ष 2015-17 में प्रदेश की मातृ मृत्यु अनुपात 216 प्रति लाख दर्ज की गयी थी, जो कम हो करके वर्ष 2018-2020 में 167 प्रति लाख पहुंच गयी है। 2016 में प्रदेश की शिशु मृत्यु अनुपात 23 प्रति हजार दर्ज की गयी थी, जो कम हो करके 2020 में 21 प्रति हजार पहुंच गयी है। 2020 के बाद अब तक एसआरएस सर्वे की रिपोर्ट नहीं आयी है। पिछली सर्वे रिपोर्ट और बेहतर 102 एंबुलेंस सेवा से यह निश्चित है कि आने वाली रिपोर्ट में और मृत्यु अनुपात में कमी का आंकड़ा सामने आएगा। मिशन निदेशक के अनुसार साल दर साल एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम कम होता गया। एंबुलेंस सेवा 102 का रिस्पांस टाइम वर्ष 2016 में 11.28 मि., वर्ष 2017 में 12.01 मि. और वर्ष 2018 में 11.21 मि. दर्ज किया गया। 2020 में 13.42 मि. और वर्ष 2021 में 12:02 मि. रिस्पांस टाइम दर्ज किया। 2020 और 2021 का रिस्पांस टाइम वैश्विक कोरोना बीमारी के समय का है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले जनपद के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने ऑनलाइन हाजिरी से मुक्ति के लिए आज सुबह 10:00 बजे सांसद कैसरगंज के आवास पर एकत्रित होना शुरू किया देखते देखते कर्मचारियों की भीड़ हजारों की संख्या में एकत्रित हो गई जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में एकत्रित हजारों सफाई कर्मचारियों ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सांसद कैसरगंज को अवगत कराया की ग्रामीण सफाई कर्मचारी फील्ड का कर्मचारी है जिससे उसकी ड्यूटी अपनी नियुक्ति ग्राम पंचायत के साथ-साथ अन्य स्थानों पर समय-समय पर लगाई जाती है ऐसे में उनकी उपस्थिति कैसे प्रमाणित हो सकती है साथ पंचायत भवन खोलने का समय लगभग 10:00 बजे है कर्मचारियों की ड्यूटी का समय ग्रीष्म काल में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा शीतकाल में प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक है जबकि पंचायत सहायक के ना आने अथवा अवकाश पर रहने के दौरान सफाई कर्मचारी की उपस्थिति नहीं दर्ज हो सकती ग्राम पंचायत में मजरे कई होने तथा मजरों से पंचायत भवन की अत्याधिक दूरी होने पर उनकी उपस्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा सफाई कार्य प्रभावित होगा वर्तमान समय में जैसे जनगणना निर्वाचन कार्य अन्य सर्वे कार्य सांड पकड़ना गौशाला में ड्यूटी लगा बी बी आईपी मोमेंट में अन्य जगहों पर ड्यूटी करना संचारी रोग में अन्यत्र ड्यूटी ड्राइवर रसोईया अर्दली चपरासी मलिक कंप्यूटर आदि कार्य लिए जाते हैं ऐसी स्थिति में सफाई कर्मचारियों को ऑनलाइन हाजिरी से मुक्त करने के लिए सांसद कैसरगंज ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मुलाकात कर निराकरण करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जिला संप्रेक्षक अमीर अहमद संगठन मंत्री संतोष यादव पूर्व महामंत्री मनोज मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष करनैलगंज रवि गोस्वामी दिनेश मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष पडरी कृपाल श्री प्रकाश मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर अतुल तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज राम सजीवन तिवारी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मस्तराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला ब्लॉक महामंत्री विजय सोनकर ब्लॉक अध्यक्ष छपिया प्रदीप वर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष छपिया अरविंद मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज सनी राम विक्रमजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बभनजोत धर्मेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर रघुनाथ मौर्य ब्लॉक महामंत्री सुधीर सिंह ब्लॉक कोषाध्याय संतोष वर्मा रामचंद्र दुबे दिनेश कनौजिया शिवनंदन मौर्य सहित दर्जनों पदाधिकारी ने संबोधित किया।

## सीएम का आगमन आज, करेंगे समीक्षा बैठक


**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

योगी आदित्यनाथ एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने जिलों में जाने के बाद मीडिया संबोधन तो किया किंतु कभी पत्रकार वार्ता नहीं किया वैसे इनका कार्यकाल काफी लंबा भी हो गया है किंतु शायद ही किसी जिले में उन्होंने पत्रकार वार्ता किया हो ऐसा इसलिए कहा जा रहा है की बहुत पहले से एक कहावत है निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छवाय इसका अर्थ यह है कि जिले में जिले की पुलिस व्यवस्था की जानकारी या जिला प्रशासन की जानकारी मुख्यमंत्री को मीडिया के अलावा और कोई नहीं दे सकता है क्योंकि मीडिया ही एक ऐसा संस्थान है जो मुख्यमंत्री को यह बता सकता है कि जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा हुआ है या अवैध खनन चल रहा है या हरे पेड़ों की कटान हो रही है क्योंकि अगर जिले का कप्तान मुख्यमंत्री से यह कहे जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है तो मुख्यमंत्री का कोपभाजन होने से नहीं बच पाएगा इसी प्रकार यदि जिलाधिकारी यह कहे कि जिले में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है तो मुख्यमंत्री की टेढ़ी नजर से वह भी नहीं बच पाएँगे अब बात आती है मीडिया की यदि मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे मुख्यमंत्री तो उनको सही बात कौन बताएगा कि जिले में इस समय चल क्या रहा है? और जब उनको सही बात पता नहीं चलेगी तो जनता हमेशा परेशान ही रहेगी ऐसे में आने वाले 2027 में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि अगर देखा जाए तो अब 2027 भी बहुत दूर नहीं है इसलिए यदि मुख्यमंत्री मीडिया संबोधन के बजाय पत्रकार वार्ता करें तो ज्यादा बेहतर होगा।

## अवैध मानकविहीन पुलिया निर्माण की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**





जनपद के ब्लाक पंडरी कृपाल के अन्तर्गत ग्राम भटवालिया में अवैध तरीके से शमशान भूमि पर बन रहा है अवैध मानकविहीन पुलिया जिसकी जानकारी ग्राम वासियों ने तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को दे दी है।ग्राम जानकारी के अनुसार शमशान भूमि गाटा संख्या 110 पर जिम्मेदारो के मिली भगत से मानकविहीन पुलिया का निर्माण जोरो पर है।

जन चर्चा का विषय तब बना जब विना किसी कारण के श्मशान भूमि पर पुलिया बनता हुआ लोगो ने देखा जबकि श्मशान भूमि के आगे आरसीसी सड़क है।वहीं ग्राम निवासी ने आईजीआरएस पर पूर्व में शिकायत भी किया था तब के लेखपाल ने प्रेषित रिपोर्ट में लिखा है कि स्थलीय व भू लेखिऐ जांच किया जिसमें ग्राम भटवालिया के गाटा संख्या 110 व 228 श्मशान के नाम दर्ज अभिलेख है। गाटा संख्या 228 में सम्मय माता का मन्दिर बना हुआ है तथा गाटा संख्या 110 में 0.214 हे. भूमि का सीमांकन ग्रामवासियों के उपस्थित में कर दिया गया है श्मशान स्थल खाली है।

यह जांच रिपोर्ट दिसम्बर 2023 में संलग्न कर मामले को निस्तारण कर दिया गया था। ग्राम निवासी ने जानकारी दी की अब पुनः गाटा संख्या 110/0.214 हे. की श्मशान भूमि पर पुलिया कहा से आ गया और तो और यह भी चर्चा का विषय है की लेखपाल की भी भूमिका संदेहास्पद है जानकारी करने पर लेखपाल कोई जवाब नहीं दे पा रहे है।वहीं जो पुलिया श्मशान भूमि पर निर्माण हो रही है उसमें घटिया और मानकविहीन सामग्रियां लगाई जा रही इससे प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे और श्मशान भूमि के अनन फानन में अवैध पुलिया का निर्माण कराकर श्मशान भूमि पर अतिक्रमण व कुछ भूमि पर कब्जा करके बैठने का आरोप है।इस सम्बन्ध में हल्का लेखपाल बजरंगी यादव से दूरभाष पर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो लेखपाल ने कहा हम देख ले फिर बता पाएंगे।वहीं पुलिया निर्माण की जानकारी तक लेखपाल को नहीं थी।

## एबीवीपी गोंडा नगर इकाई का पुनर्गठन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गोंडा की नगर कार्यकारिणी सरस्वती विद्या मंदिर गोंडा में संपन्न हुई, कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गोंडा के पूर्व नगर मंत्री रवि ने बताया की एक वर्ष की कार्यकारिणी का गठन शैक्षिक सत्र में किया जाता है जिसमें, जिला प्रमुख पवन शुक्ला ने नगर अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव तथा अमरेश प्रजापति को नगर मंत्री का निर्वाचित किया। बैठक में प्रमुख रूप से छात्रा प्रमुख रानी तिवारी,संगठन मंत्री हरिओम शर्मा, विभाग संयोजक मुकेश सोनी, जिला संयोजक कुलदीप तिवारी, सह संयोजक अभिनव सिंह, अंतरिक्ष, आदर्श पाण्डेय आदि रहे, जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं की सदस्यता कराते हुए, आगामी शैक्षिक सत्र सदस्यता का शुभारंभ हुआ।

## कर्नलगंज के सरयू नदी में जल भरने गया कांवरिया लापता मचा हड़कंप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कटरा घाट स्थित सरयू नदी में जल भरने गये कांवरिये के लापता होने से लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में लापता कांवरिये की तलाश शुरू कर दी है।

घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के कटरा घाट से जुड़ी है। मिली जानकारी के मुताबिक शिव जी के पवित्र सावन माह के मेला के उपलक्ष्य में कटरा घाट स्थित सरयू नदी पर जल भरने आए कांवरिये के लापता होने से क्षेत्रवासियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी के साथ ही कटरा बाजार क्षेत्र के विधायक बावन सिंह मौके पर पहुंच गए। वहीं गोताखोरों की मदद से नदी में लापता कांवरिये की तलाश शुरू कर दी गई। लापता कांवरिये की पहचान आशुतोष शुक्ला उर्फ़ रामशंकर उम्र 17 वर्ष पुत्र जयकरन शुक्ला निवासी सर्वांगपुर के मजरा लालपुर थाना कटरा बाजार के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक कांवरिये की तलाश जारी थी।

## खबरें एक नजर में

### तालाब में सात वर्षीय मासूम का मिला शव

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के धोबहा राय के लोहरन पुरवा निवासी रमेश कुमार ने कटरा थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि उसका बालक रियांश उम्र 7 वर्ष शाम चार बजे भुसैला चौराहा की ओर गया था। देर तक वापस ना आने पर उसकी पत्नी और मां बच्चे की खोज में घर से चौराहा की ओर निकली तो अचानक देखा कि तालाब पर कुछ लोगों की भीड़ जमा थी। वहां पहुंचा तो देखा उसका बच्चा तालाब में मृत अवस्था में तैर रहा था। रमेश ने गांव के ही ननके पर पुराने रंजिश के चलते उसे तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। नाराज परिजन बच्चे के शव को शनिवार को रोड पर रखकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंची सीओ नृत्या गोस्वामी ने परिजनों को समझा- बुझाकर कार्रवाई का आश्वासन देकर रोड से हटाकर आवागमन बहाल कराया।

### दुष्कर्मी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 70 हजार का अर्थदंड

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना मोतीपुर के गूढ़ गांव निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने शनिवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 70 हजार से अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को पांच माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।मोतीपुर थाना क्षेत्र के गूढ़ गांव निवासी अभियुक्त सूरज कुमार पांडेय के खिलाफ नाबालिग बिटिया की मां ने 13 नवबंर 2018 को हरदी थाने पर तहरीर देकर कहा था कि वह अपनी 15 वर्षीय बिटिया के साथ हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित मायके गई थी। बिटिया गांव स्थित एक मेडिकल की दुकान से दवा लेने गई थी। रास्ते में विरोधियों की ओर से बिटिया को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के बाद बिटिया के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। थाने की पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना रिपोर्ट न्यायालय को सौंपा था। मुकदमें में शनिवार को अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष सिंह ने विवेचनाधिकारी द्वारा सौंपे गए आरोपपत्र व साक्ष्यों का हवाला देते हुए अभियुक्त को अधिकतम सजा देने की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अभियुक्त को घटना में दोषसिद्ध करते हुए बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 70 हजार के अर्थदंड से दंडित करते हुए अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को प्रदान किए जाने के निर्देश दिए है।

### पूर्व विधायक के बेटे ने जान बचाने के लिए की हवाई फायरिंग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के सिविल लाइन निवासी भाजपा के पूर्व विधायक के बेटे को आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी रिवाल्वर से हवाई फायरिंग करनी पड़ी। इसके बाद भी दबंगों ने मारपीट करते हुए वाहन में तोड़फोड़ की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के मोहल्ला रायपुर राजा सिविल लाइन निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व भाजपा विधायक स्वर्गीय जटाशंकर सिंह के बेटे हैं। पूर्व विधायक के बेटे देवेंद्र ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि शुक्रवार शाम को 6:00 बजे वह अपने चालक के साथ त्रिमुहानी घाट होते हुए अपने घर आ रहे थे। शिव मंदिर से आगे पहुंचने पर 7 से 8 की संख्या में युवक नशे में धुत होकर किसी का जन्मदिन मना रहे थे। चालक प्रकाश पटेल ने हॉर्न बजाते हुए सड़क से हटाने के लिए कहा तो सभी मारने पीटने लगे। सहयोगी राकेश यादव के बीच बचाव करने पर उन्हें भी मारा पीटा। पूर्व विधायक के बेटे का कहना है कि चालक और सहयोगी को पिटता देख उन्होंने स्वयं युवकों को समझने का प्रयास किया। जिस पर तीन युवकों ने उन्हें भी मारने पीटने लगे वाहन और तोड़फोड़ की। इस दौरान आत्मरक्षा के लिए उन्होंने लाइसेंसी रिवाल्वर से हवाई फायरिंग की। जिस पर सभी हटे, इसके बाद भी रूद्रेश अवस्थी, ऋषभ तिवारी, उदयान सिंह रैकवार, राज वाजपेई और रौनक ने वाहन पर पत्थर फेंके। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज पर जांच शुरू कर दी गई है।

## ग्राम प्रधान अपने फर्म के ईंट से लगा रहे खड़ंजा



- बीडीओ बोले नहीं होगा भुगतान

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलभरिया खास के धर्मदत्त प्रधान अपने भट्ठे के ईंट का प्रयोग कर खड़ंजे का निर्माण करा रहे है। इस संबंध में दूरभाष पर बात किया गया तो खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज सर्वेश तिवारी ने बताया कि नियमानुसार कार्य नही हो रहा है ,जांच के बाद भुगतान पर रोक लगा दी जाएगी। पूर्व में भी यह प्रधान कई कार्यों में अपने फर्म के ईंट का प्रयोग कर चुका है। लेकिन ग्राम सचिव को पता होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। वर्तमान में इकौना विशेश्वरगंज मार्ग से गंगाराम के घर तक खड़ंजे का निर्माण अपने फर्म के शुद्ध पीले ईंट का प्रयोग कर रहा है। निर्माण के बाद तुरंत सड़क पर मिट्टी डालकर अधिकारी के आंख में बालू झोंकने का काम कर रहा है।पंचायती राज विभाग के नियमानुसार कोई भी ग्राम प्रधान विकास कार्यों में अपने निजी फर्म का कोई मिटेरियल का खरीद नही करेगा। उपरोक्त नियम का उलंघन कर उपरोक्त प्रधान नियम को ताक पर रख कर अधिकारियों को चकमा दे रहा है। अधिकारी कागजों में कार्यवाही कर भुगतान कर रहे है।

## प्रेमी व उसके दोस्त ने मिलकर की प्रेमिका की हत्या

- प्रेमिका का गला काटा, नहर में फेंका सिर, हाथ भी किया अलग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। उसका सिर काट कर नहर में फेंक दिया हाथ भी काट कर अलग कर दिया। धर्म एक न होने पर दोनों के घर वाले रिश्ते को राजी नहीं थे युवती का शव नानपारा कोतवाली इलाके में झाड़ियां में पड़ा मिला था। लड़की के शरीर पर पूरे कपड़े भी नहीं थे एसपी ने घटना के खुलासे के लिए टीम बनाई। जांच शुरू की गई तो एक युवक का नाम सामने आया पुलिस ने उसे हिरासत में लिया उससे पूछताछ शुरू की। पहले तो वह टाल मटोल करता रहा लेकिन पुलिस के सख्ती करने पर वह टूट गया। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया पुलिस ने रविवार को प्रेमी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया।

**1 साल से था प्रेम प्रसंग, मेडिकल स्टोर मे मिले :-** एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि शीबा का अरुण से 1 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अरुण शीबा के क्षेत्र में कि अपने एक रिश्तेदार के मेडिकल स्टोर में काम करता था। वहां शीबा भी कभी-कभी दवा लेने आती थी इसी दौरान उनकी बातचीत शुरू हुई। इसके बाद मुलाकात होने लगी यह दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। जब इस बात का पता दोनों के परिवार वालों को पता चला तो उन्होंने धर्म अलग होने के कारण इसका विरोध किया। लेकिन इसके बाद भी दोनों एक दूसरे से मिलते रहे इसी बीच शीबा अरुण पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। लेकिन अरुण शादी को राजी नहीं था वह शीबा से कहता था हम अपने परिवार को राजी करने के बाद शादी करेंगे।



### बचपन से मामा के यहां रह रही थी शीबा

रुपईडीहा थाने के जमोग गांव में हसमत अली अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके अनुसार उनकी भांजी शीबा (20) बचपन से ही उनके पास रह रही थी। यहीं से उसने हाईस्कूल तक पढ़ाई भी की थी। 20 जुलाई को अचानक वह घर से लापता हो गई थी हमने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद हमने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

### 23 जुलाई को सिर कटी मिली थी लाश

23 जुलाई को नानपारा कोतवाली में हाड़ा बसेहारी गांव में एक युवती का अर्धनग्न हालत में शव मिला सर गायब का हाथ भी नहीं थे हसरत अली ने युवती की पहचान अपनी भांजी शीबा के रूप में की थी। इसके बाद एसपी वृंदा शुक्ला ने घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमों का गठन किया। टीम में ट्रेनिंग सीओ हर्षित तिवारी, नानपारा पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने ब्लाइंड मर्डर की जांच शुरू की। शीबा के प्रेमी अरुण और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया।

### शादी करने का दबाव बना रही थी शीबा

शीबा अरुण की बात मानने को तैयार नहीं थी वह उसे पर शादी के लिए दबाव बनाती थी। कहती थी हमारे घर वाले कभी राजी नहीं होंगे क्योंकि हमारा धर्म एक नहीं है। इस कारण अरुण परेशान चल रहा था उसने अपने दोस्त कुलदीप को यह बात बताई तो दोनों ने शीबा को मारने का प्लान बनाया। उसने शीबा को मिलने के लिए बुलाया वहां भी उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन जब वह नहीं मानी तो कुलदीप ने उसका पैर पड़ा इसके बाद अरुण ने शीबा का गला दबाया इसके बाद कोई उसे पहचान ना सके बांके से उसका गला काट कर पानी में फेंक दिया। उसके हाथ को भी शरीर से अलग कर दिया और बॉडी को वहीं फेंक कर आ गए। पुलिस ने शरीर के अंगों को बरामद करने के बाद कत्ल में प्रयोग किया गया हथियार भी बरामद कर लिया है।

## सीएम के आदेश के बावजूद भी जारी अघोषित बिजली कटौती

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की कर रहा तैयारी

**रुपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जनता को निर्बाध रुप से बिजली की आपूर्ति हो इसके लिए पाँच दिन पहले राज्य सरकार की ओर से निगमों के प्रबंध निदेशकों को ग्रामीण इलाके में 18 घंटे की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था । इसके लिए 6 घंटे के रोस्टर में ही लोकल फॉल्ट शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन उसके बाद भी नगर पंचायत रुपईडीहा में अघोषित बिजली कटौती जारी है । नगर पंचायत रुपईडीहा में रोस्टिंग और फाल्टों से बिगड़ी नगर की विद्युत व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा इकाई के पदाधिकारी मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी की उपस्थिति में सौंपने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा इकाई के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि विगत 20 दिनों से नगर में बिजली की समस्या बनी हुई है। बार-बार फाल्ट, ट्रिपिंग,रोस्टिंग के नाम पर हो रही अघोषित विद्युत कटौती के कारण सभी व्यावसायिक सहित अन्य कार्य ठप हो रहे हैं जिससे व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा लाइट न रहने से पानी की समस्या, बच्चों की पढ़ाई और लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इसी क्रम में व्यापार मंडल के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए अविलम्ब संबंधित विभाग को व्यवस्था में सुधार के लिए निर्देशित किये जाने से संबंधित पत्र डीएम को दिया जायेगा।

## सभी विभाग तैयार, दस अगस्त से घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

- तहसील स्तरीय विभागीय समन्वय बैठक में एसडीएम सदर ने सहयोग के लिए किया अपील
- इससे पहले दिखे लक्षण, सभी कर लें दवा का सेवन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है जो एक विशेष प्रकार के मच्छर क्यूलेक्स के काटने से एक दूसरे में फैलती है, बीमारी के लक्षणों में हाथ, पैर, महिलाओं के स्तन में सूजन, हाईड्रोसिल, पेशाब में सफ़ेद रंग का पानी आना और सूखी खांसी शामिल हैं। एक बार लक्षण प्रकट होने के बाद इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है लेकिन साल में एक बार लगातार पांच साल तक 5 खुराक दवा सेवन करने से फाइलेरिया से बचा जा सकता है। यह बातें एसडीएम सदर की अध्यक्षता में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत तहसील स्तरीय विभागीय समन्वय की बैठक में अर्बन नोडल संचारी रोग डॉ पीके वर्मा ने कही। उन्होंने कहा फाइलेरिया जब होता है तो व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह संक्रमण हो गया है। इसके लक्षण 05- 15 साल बाद जब दिखाई देते हैं तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसके लिए जनपद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अगस्त से 3 सितम्बर तक सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए)चलाया जाएगा , इसमें 3594 टीमें जनपद की लक्षित 37.63 लाख आबादी को दवा सेवन कराएंगी। बैठक के अंत में, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या ने सभी विभागों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए और ग्राम प्रधान और शहरी क्षेत्रों के वार्ड अध्यक्षों से 10 अगस्त को स्वयं दवा सेवन कर अभियान का शुभारंभ करने की अपील की। इस मौके पर सीओ सिटी राजीव कुमार सिसोदिया, संबंधित ब्लॉक के बीडीओ, सीएचसी अधीक्षक, सीडीपीओ, एडीओ पंचायत,खण्ड शिक्षा अधिकारी, कृषि अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक फायलेरिया इंस्पेक्टर, सहित पीसीआई संस्था के डिस्ट्रिक्ट मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर सहित करीब 40 लोग उपस्थित रहे।

### दो साल से ऊपर सभी को खिलाई जाएगी दवा

चित्तौरा सीएचसी अधीक्षक डॉ तबरेज ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और कारगर हैं। यह दवा दो वर्ष की आयु से छोटे बच्चों , गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी उम्र के लोगों को खिलाई जाएगी। ध्यान रहे यह दवा खाली पेट नहीं खाना है। अभियान के दौरान 1 से 2 वर्ष की आयु के बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा भी खिलाई जाएगी जो बच्चों में होने वाली कृमि रोग का उपचार करता है और बच्चों के विकास में सहायक होता है।

### ऐसे चलेगा अभियान

रिसिया सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रत्यूष सिंह ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन कराने का अभियान सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलाया जायेगा। इसमें दो सदस्यों की टीम प्रत्येक कार्य दिवस में घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवाएं खिलाएंगे। छूटे हुए घरों या किसी काम से घर से बाहर गए व्यक्तियों को दोबारा दवा सेवन कराने के लिए बुधवार और शनिवार को पुनः टीम भ्रमण करेगी। इसके आलावा आशा कार्यकर्त्ता का घर डिपो के रूप में स्थापित किया जायेगा ताकि छूटे हुए लोग बाद में आशा कार्यकर्त्ता के घर जाकर उनके सामने दवाओं का सेवन कर सकें। इसकी जानकारी आशा कार्यकर्त्ता अपने क्षेत्र में दवा सेवन कराते समय सभी परिवारों को देगी, किसी भी रूप में दवाओं का वितरण नहीं किया जायेगा ।

## बेटे की तबियत खराब होने की दी सूचना, अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने घोषित किया मृत

**मिल में कई वर्षो से काम कर रहा था युवक, पिता ने जहर देने का लगाया आरोप**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर से सटे शिवपुरा गांव निवासी एक युवक एक मिल में वर्षों से काम कर रहा था। रविवार सुबह तीन बजे पिता के मोबाइल पर बेटे की तबियत खराब होने की सूचना दी गई। पिता अपने पुत्र को लेकर अस्पताल गया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।कोतवाली देहात की शिवपुरा गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह शहर के मंगलम फ्लोर मिल में काम करता था। पुष्पेंद्र के पिता अमरजीत सिंह ने दरगाह थाने में तहरीर देकर कहा है कि रविवार सुबह 3:00 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया और बेटे की तबीयत खराब होने की सूचना दी गई। जिस पर वह परिवार के लोगों के साथ मिल पहुंचे और मूर्छित अवस्था में बेटे को जिला अस्पताल लेकर गए।यहां पर जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पिता का कहना है कि लड़का कई सालों से मिल में रहकर काम करता था, उसे जहर देकर मार दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि परिवार के लोगों ने को आरोप लगाए हैं, उसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पिता के साथ सो रहे बेटे को उठा ले गया भेड़िया



- कुछ दूरी पर बरामद हुआ क्षत विक्षत शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सदर रेंज में भेड़िए का हमला जारी है। सदर रेंज के सिसैया चूड़ामणि गांव में रात दो बजे पिता के साथ सो रहे बच्चे को भेड़िया उठा ले गया। बहराइच वन प्रभाग के सदर रेंज में हमलावर भेड़िए को वन महकमा पकड़ नहीं पा रहा है। जिसके चलते सप्ताह भर में भेड़िये ने एक और बच्चे को निवाला बना लिया। कुछ दूरी पर उसका क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सदर रेंज के सिसैया चूड़ामणि गांव निवासी सिद्धू ने बताया कि शनिवार रात वह बेटे किशन (8) के साथ घर में सो रहे थे, रात करीब दो बजे भेड़िया घर में घुस गया। इसके बाद पिता के साथ सो रहे बालक को जबड़े में दबोच कर उठा ले गया। कुछ दूरी पर भेड़िये ने बच्चे को निवाला बना लिया। रविवार सुबह बच्चे का शव क्षत विक्षत हालत में मिला। ग्रामीणों के सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने तफ्तीश की। इसके बाद परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विविद हो कि सप्ताह भर में भेड़िये ने तीन लोगों पर हमला कर उन्हें मौत की नींद सुला दिया है।

### घर में नहीं है दरवाजा

वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जिस घर से किशन को भेड़िया उठा ले गया है उसके यहां दरवाजा नहीं लगा था। जिसके चलते जंगली जानवर आसानी से घर में आ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने घर और परिवार की सुरक्षा के लिए कम से कम दरवाजा जरूर लगवाएं।

### वन संरक्षक ने लिया जायजा

भेड़िया के हमले को देखते हुए डीएफओ और वन क्षेत्राधिकारी ने सूचना वन संरक्षक को दी। वन संरक्षक मनोज सोनकर टीम के साथ रविवार दोपहर में गांव पहुंचे उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया, ग्रामीणों को सजग रहने और भेड़िया को पकड़ने के लिए वन कर्मियों को निर्देशित किया।

# प्राइवेट अस्पताल में गलत इलाज से मासूम की मौत

**परिजनों ने डाक्टर पर लगाया गलत ईलाज करने का आरोप**




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राइवेट हॉस्पिटल में मौत का सिलसिला लगातार जारी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इन मौतों के क्या जिम्मेदार है ऐसे में पीड़ित किसकी दर पर जाए और किससे न्याय मांगे एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा हो रहा है। कुछ दिन पहले ही बछरावां थाना क्षेत्र में बने सुषमा देवी हॉस्पिटल में एक 21 वर्षीय युवक का पथरी का तीन बार ऑपरेशन किया गया और उसकी मौत हो गई इस पर स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी कान में तेल डालकर सो गए। और पीड़ित को अभी तक कोई न्याय नहीं मिला। अब एक और मामला निकाल कर सामने आया जहां हरचंदपुर क्षेत्र के स्टेशन रोड पर स्थित प्रबल हॉस्पिटल का है जहां पर बीती शाम लगभग 6 बजे आशीष निवासी रहवा अपने 4 साल के बच्चे हंस को प्रबल अस्पताल पहुंचे 4 साल के बच्चे को उल्टियां हो रही थी फिर क्या हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने उस बच्चे को आनन फानन भर्ती कर लिया और उसे ग्लूकोज लगना शुरू कर दिया एक ग्लूकोज चढ़ गया दूसरे ग्लूकोस लगाया गया और उसमें तीन-चार इंजेक्शन डाले गए इसके बाद 4 वर्ष के मासूम हंस के हाथ पर ऐंठने लगे। यह हम नहीं कह रहे हैं मासूम हंस के परिजन कह रहे हैं की हाथ पैर ऐंठने पर हमने डॉक्टर को अवगत कराया लेकिन डॉक्टर ने कहा कि अभी ठीक हो जाएगा लेकिन जब उसकी हालत बिगड़ती गई और और ज्यादा बिगड़ गई तो आनन फानन मौजूद डॉक्टर ने उसे रायबरेली के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए लेकिन उसे प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हाथ लगाने से मना कर दिया मृतक बच्चे के परिजनों का आरोप है कि हमारे बच्चे की मौत पहले ही हो गई थी लेकिन डॉक्टर ने अपनी जान छुड़ाने के लिए उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल मासूम बच्चों के परिजनों ने शव को अपने घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

वहीं अस्पताल में तैनात डॉक्टर अजीत ने बताया कि जब बच्चे को लाया गया था तो वह सीरियस था उसे उल्टी दस्त हो रहे थे उसे तत्काल ऑक्सीजन लगाया गया दो-तीन इंजेक्शन दिए गए जब नहीं समझा तो मैं खुद अपनी गाड़ी से लेकर ममता हॉस्पिटल पहुंचा लेकिन बच्चा बच न सका और उसकी मौत हो गई।

# संकट मोचन धाम में कांवड़ियों का स्वागत

**विशाल भंडारा आयोजित, छोला चावल का प्रसाद किया वितरित**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सावन के महीने में शिवभक्त में सराबोर कांवड़ियों का शहर के राजकीय कालोनी निकट इंदिरा उद्यान स्थित श्री संकट मोचन धाम में भव्य स्वागत किया गया तथा छोला चावल का प्रसाद वितरित किया गया। श्री संकट मोचन धाम परिवार की तरफ से अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रबंधक सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी, अभिषेक उर्फ सचिन पाण्डेय, आशीष शुक्ल, शुभम पाण्डेय ने कांवड़ियों का स्वागत व भंडारे में सहभागिता निभायी। सुबह डलमऊ समेत अन्य स्थानों से गंगाजल लेकर इधर से गुजरने वाले कांवड़ियों को मंदिर पहुंचने पर स्वागत हुआ। डीजे की धुन पर मस्ती में कांवडिये नाच कर भगवान शिव की आराधना कर रहे थे। यहां मंदिर के महामंडलेश्वर गणेशानंद पाण्डेय, पुजारी दिनेश शुक्ला, महन्त कृष्ण बिहारी संस्थापक सदस्य अशोक कुमार पाण्डेय आदि ने कांवडियों का स्वागत वदन किया।

इसी अवसर पर प्रख्यात चित्रकार व गीतकार महंत कृष्ण बिहारी द्वारा सचित भक्ति गीत ''ले ला कांवडिया, बांधा पगड़िया पर भक्त, आयोजक व कांवडियों ने नृत्य किया। इसमें गायक सुनील सांवरिया (बिहारी) रहे। गायक मंडली में आदर्श, आरती यादव, शकील हाशमी, सूरज, राहुल दीक्षित, देव, अतुल आर्यन शामिल रहे। महन्त कृष्ण बिहारी ने इस मौके पर कहा कि राष्ट्र में सनातन संस्कृति के विस्तार व कला तथा पर्यटन को बढ़ावा ही उनके जीवन का लक्ष्य है।

कार्यक्रम में अमर, कुलदीप, अजय ,दीपचंद, अमित, संजय के अलावा विश्व हिन्दू परिषद के दिनेश कुमार लोधी भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मनाया गया फ्रेंडशिप-डे




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में फ्रेंडशिप डे मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका अनुपमा सिंह ने दोस्ती के इस अनुपम रिश्ते को सेलिब्रेट करते हुए एक सुन्दर सा गीत – ''तेरे जैसा यार कहां...।'' प्रस्तुत कर अपने हुनर का परिचय दिया। मैडम ने इस दिन के सम्बन्ध में बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि भारत, बांग्लादेश, मलेशिया, आस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में अगस्त के पहले संड़े को फ्रेंडशिप डे के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा हर षख्स की लाइफ में परिवार के बाद एक ऐसा व्यक्ति जरूर होता है जो बेहद खास होने के साथ हर दुख की दवा बन जाता है और जो बिना किसी स्वार्थ के हरदम जीवन के हर उतार–चढ़ाव में आप के साथ खड़ा रहता है। हम उसे ही दोस्त कहकर बुलाते हैं। दोस्ती के इस दिन पर नन्हें–नन्हें बच्चों ने एक दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर अपने साथियों को फ्रेंडशिप डे की बधाई दी। एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव ने अपने सुरीले–मधुर स्वर में– ''तेरी दोस्ती मेरा प्यार...।'' गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को बुलंदियों पर पहुंचा दिया। प्रोग्राम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने कहा कि दोस्ती के रिश्ते कभी–कभी खून के रिश्तों से भी बढ़कर साबित हो जाते हैं। फ्रेंडशिप डे मनाने का उद्देश्य केवल दोस्ती या रिश्ते को मजबूत करना ही नहीं है, बल्कि यह खास दिन बिछड़े दोस्तों से एक बार फिर मिलने का मौका लेकर आता है।

### आधार कार्ड बनाने के नाम पर पैसे लेने के आरोप



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां बीआरसी केंद्र पर आधार कार्ड पंजीकरण अपडेट करने के नाम पर लोग लगातार कई हफ्तों से वापस हो रहे हैं। क्योंकि बीआरसी केंद्र पर शुक्रवार तथा शनिवार को ही आधार कार्ड बनाने का कैंप लगाया जाता है। वहीं जिन लोगों का आधार कार्ड बनता है उनसे डेढ़ सौ रुपए अवैध रूप से वसूली की जा रही है। चूरूवा निवासी तेजपाल ने बताया कि वह आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगातार 5 दिनों से आ रहे हैं परंतु उनका आधार कार्ड अपडेट नहीं किया जा रहा है। तथा डेढ़ सौ रुपए भी आधार कार्ड अपडेट पंजीकरण कराने के नाम पर वसूले जा रहे हैं। सब्जी निवासी राजा पांडे ने बताया कि शनिवार को वहां फिंगर अपडेट करने आए थे जहां उनसे डेढ़ सौ रुपए लिए गए। जहांगीराबाद निवासी रामकरण ने बताया कि वह अपनी फोटो अपडेट करने के लिए शनिवार दोपहर बिशनपुर में बीआरसी केंद्र फोटो अपडेट करने के नाम पर डेढ़ सौ रुपए लिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि नए आधार कार्ड छात्र–छात्राओं के निशुल्क बनाए जा रहे हैं अगर कोई वसूली हो रही है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्रकारों ने किया पौधरोपण



**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर रविवार की शाम कस्बे की रायबरेली रोड स्थित ओम नगर में पत्रकारों ने एक पेड़ पर्यावरण के नाम लगाकर हर माह एक पेड़ लगाए जाने का संकल्प लिया। दिन प्रतिदिन असंतुलित हो रहे पर्यावरण से चिंतित पत्रकारों ने पौधरोपण करते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी की हर सांस वृक्ष की देन है । अगर वृक्ष ही नहीं रहेंगे तो प्राणी स्वतः समाप्त हो जाएंगे। इसलिए सभी लोगों को वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी लेनी चाहिए। और अन्य लोगों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए । इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन नाथ मिश्रा, कंचन द्विवेदी, आलोक चौधरी, अमित चौधरी, शुभम मिश्रा, गुड्डू अवस्थी, सर्वेश मिश्रा, अंकुर चौधरी, सीके वर्मा, आशीष मिश्रा, ऋषि मिश्रा, राहुल मिश्रा, सर्वेश यादव मौजूद रहे।

### आरोग्य स्वास्थ्य में 1202 मरीजों को मिला उपचार





**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** रविवार को जनपद बलरामपुर के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया एवम् पिपरा एकडंगा में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 1202 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। मौके पर डॉ चंद्र प्रकाश, डॉ संजय कुमार, राम बहादुर यादव , प्रभात कुमार मौर्य , आशुतोष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष पद पर ओमकार पटेल का मनोनयन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रहित में व हिंदुत्व की रक्षा करने वाली राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन जो की पूरे देश में राष्ट्रहित व हिंदुत्व के कल्याण के लिए सतत प्रयास रत है। उस संस्था में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेयी द्वारा ओमकार पटेल पुत्र श्री सुशील कुमार निवासी कसरावां विकास क्षेत्र बछरावां जनपद रायबरेली को रायबरेली जनपद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

वही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ओंकार पटेल से संगठन के नियम व उद्देश्यों का पालन करते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की गई। ओमकार पटेल द्वारा विकासखंड ही नहीं वरन जनपद के अन्य विकास खंडो में समाज सेवा के कार्यो के लिए जाना जाता है। उनके मनोनयन पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ सामाजिक राजकुमार वर्मा सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रबुद्ध गणो ने शुभकामनाएं दी है।

# खेत में मिला किसान का शव, हत्या का आरोप

**एक दिन पहले रास्ते के लिए हुआ था विवाद**

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

किसान का शव उसके घर से कुछ दूर जंगल में खेत के पास मिला है। उसका गांव में रास्ते को लेकर एक दिन पहले विवाद हुआ था। परिजन इसी विवाद में हत्या करके शव फेंके जाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव जर्जीगढ़ मजरे खरौली का है। गांव में दो पक्षों के बीच रास्ते का विवाद था, जिसको लेकर दोनों पक्षों में काफी तनाव था। आरोप है कि पुलिस ने तनाव को नजरंदाज करके इसमें जबरन सुलह करा दिया। सुलहनामा के बाद शनिवार को दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक पक्ष से प्रियंका, रंजू, सोनम, शर्मीली, गीता घायल हुई थी। जबकि दूसरे पक्ष से सुरसती, राहुल, साहिल घायल हुए थे। मारपीट में कुल आठ लोगों के घायल होने के बावजूद पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई।

इस बीच शनिवार रात में दूसरे पक्ष के इंदल का शव उसके घर से दूर जंगल में खेत के पास संदिग्ध अवस्था में मिला है। परिजनों का आरोप है कि इंदल शनिवार की रात अपने घर के सामने सो रहे थे। तभी कुछ लोग उन्हे दूर गंगा नदी के कटरी में उठा ले गए। इस बात की जानकारी जब परिजनों को हुई तो तलाश करते जंगल में पहुंचे, जहां इंदल का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद परिजन उसको तत्काल लेकर ऊंचाहार सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी मौत काफी पहले हो चुकी है। जब किसान की हत्या की सूचना पुलिस को मिली तब सक्रिय हो गई। रात में ही सीओ अरुण कुमार नौहार, कोतवाल अनिल कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे और मामले की पड़ताल की। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं है। मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष गुस्तार सिंह निवासी पूरे कछवाह सलोंन का लंबी बीमारी के चलते लगभग 86 वर्ष की उम्र में अपने आवास पर आखिरी सांस ली।जिससे शिक्षकों समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। इन्होंने शिक्षा विभाग में अपनी अलग पहचान बनाये हुए थे। कई बार जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष और शाखा सलोंन के अनवरत अध्यक्ष रहे। उनके निधन से प्राथमिक पूर्व माध्यमिक सेवानिवृत शिक्षक संघो ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पांडेय, मंत्री रमेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण यादव, सेवानिवश शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण नारायण पांडेय,मंत्री मो.अयूब खान, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू मीडिया प्रभारी मो. इस्माइल खान, फैज मोहम्मद,मोहम्मद जैदी, राजेश कुमार मिश्रा, अशफाक जहां, जूनियर अध्यक्ष साधना शर्मा,मो. आजम आदि ने गहरा शोक वक्त करते हुए दुख जताया।

# चेयरमैन, पूर्व विधायक व कस्बा वासियों से हुआ कब्जा हटवाने गई पुलिस का से बवाल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के महराजगंज रोड समाधनेश्वर मंदिर के निकट स्थित तालाब के पास रक्खी गुमटी को हटवाने गए पुलिस वालो को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर कस्बा वासियों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष वा पूर्व विधायक रामलाल अकेला धरने पर बैठ गये।

विदित हो कि यह प्रकरण विगत कई माह से चलता आ रहा है जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि समाधनेश्वर मंदिर के निकट स्थित तालाब सैकडों साल पुराना है और पूरे कस्बे का पानी आकर एकत्र होता है। उसे कुछ लोगो ने कागज़ो में फेरबदल कर अपने नाम रजिस्ट्री करा ली है अगर इस तालाब को पाटकर प्लाटिंग कर दी जायेगी तो कस्बे का पानी कहाँ जायेगा गौरतलब यह भी है की उस जमीन पर कुछ लोगो ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतरगत कुछ मकान भी बनवा रक्खे है जिसे हटवाने के लिये पुलिस आज उस स्थान पर गयी थी जहाँ उन्हें भारी गतिरोध का सामना करना पड़ा। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहाँ की इन गरीबों कि आवाज़ को कोई दबा नही सकता इस प्रकरण में जो भी संलिप्त है उन पर कठोर से कठोर कार्यवाही करवाने का प्रयाश करूँगा। बाद में धरना समाप्त हो गया था।इस मौके पर भारी संख्या में कस्बे वासी मौजूद रहे ।

# सांसद किशोरी लाल शर्मा एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी के सदस्य निर्वाचित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा उत्तर प्रदेश के रायबरेली के मुंशीगंज स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की गवर्मेंट बॉडी के निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए है। अमेठी के कांग्रेस से निर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा को रायबरेली स्थित एम्स की गवर्नमेंट बॉडी का निर्विरोध सदस्य निर्वाचित किया गया है इसकी पुष्टि सांसद किशोरी शर्मा ने रविवार को की है। जानकारी के मुताबिक रायबरेली एम्स समेत 9 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की गवर्नमेंट बॉडी का निर्वाचन हुआ है जिसमे यहां के सदस्य के तौर पर किशोरी लाल शर्मा को निर्विरोध सदस्य निर्वाचित किया गया है। उन्ही के साथ डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी भी सदस्य निर्वाचित हुए हैं। एम्स एक्ट 1956 के प्रावधानों के अनुसार 9 एम्स जिसमें अवन्तिपुर, भटिंडा, भोपाल, कल्याणी, नागपुर, नई दिल्ली, रायबरेली, रेवाड़ी और राजकोट में सांसदों के नामांकन हुए थे। रायबरेली नई दिल्ली और राजकोट में तीन लोगो ने अपनी दावेदारी पेश की थी जिसमें इन तीनो जगहों के एक एक दावेदारों ने अपने नाम वापस ले लिए। श्री शर्मा ने बताया कि रायबरेली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कांग्रेस सरकार की ही देन है और वे एम्स के माध्यम से भी जनता की सेवा में कोई कमी न होने देने का हर सम्भव प्रयास करते रहेंगे।

### आत्मदाह मामले में एक और अभियुक्त गिरफ्तार



**गैंडास बुजुर्ग/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** 4 अगस्त को दुर्विजय थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग मय टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/2024 धारा 447, 120 बी, 306 भा0द0वि0 व 3 (2) 5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त 1. डा0 वारिस अली पुत्र विस्मिल्लाह सा0 (रामअधीनडीह) गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को बदलपुर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# संस्कार मिले ऐसे खानदानी प्रभात साहू दे रहे हैं भूखे को भोजन व प्यासे को पानी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार अगर आपके अंदर आपके बुजुर्गों ने अच्छे तरीके से भरे हैं तो वही संस्कार समाज के लिए वरदान बन जाते हैं ।महराजगंज नगर के पूर्व समाजसेवी रहे सत्यनारायण गुप्ता ने जहां क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए करोड़ों की जमीन संघ के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के लिए दान कर दी यह एक मामला नहीं है क्षेत्र में धर्म का प्रचार हो प्रसार हो इसके लिए भी करीब 12 बीघे से अधिक जमीन चंदापुर ग्राम पंचायत में दान कर दी आज वहां एक भव्य आश्रम बना हुआ है जहां लोग जाकर धर्म की अलख जागते हैं। अब बात करते हैं उनके पुत्र प्रभात साहू की जो कलयुग के कर्ण साबित हो रहे हैं नगर पंचायत महराजगंज की बागडोर उन्होंने 20 वर्षों से संभाल रखी है वर्तमान समय में उनकी पत्नी सरला साहू नगर

**इनकी दरियादिली के किस्से नगर ही नहीं क्षेत्र में भी हैं विख्यात**

पंचायत महराजगंज की अध्यक्ष है ।प्रभात साहू की विशेषता यह है कि लोग राजनीति में जहां धन वैभव कमाने के लिए आते हैं और करोड़ों अरबों की संपत्ति बना डालते हैं वही इसके विपरीत प्रभात साहू पिछले 20 वर्षों से महराजगंज की बागडोर तो संभाल रहे हैं लेकिन बढ़ने की जगह पर इनकी संपत्ति घटती ही चली जा रही है इसका कारण भी है अगर महराजगंज नगर में किसी की मृत्यु हो गई है और वह व्यक्ति क्रिया कर्म



करने में असमर्थ नजर आता है तो प्रभात साहू उसका खर्च भी उठाते हैं। यहां तक कि उनकी एक मिल थी बर्फ की और उनकी बर्फ केवल महराजगंज नगर ही नहीं क्षेत्र में भी जिसके यहां भी मौत होती थी तो शव को बचाने के लिए उससे बदबू ना आए पूरे क्षेत्र में प्रभात साहू बर्फ दान देते हैं ।पूरे क्षेत्र में अगर किसी गरीब के पास खाने-पीने के लिए कोई सामग्री नहीं है तो प्रभात साहू हमेशा इसके लिए खड़े नजर आते हैं गेहूं चावल हो अन्य खाद्य पदार्थ हो इसके लिए हमेशा से गरीबों के बीच पहुंचकर उनके लिए हर तरह की व्यवस्था करते हैं गरीब लड़कियों का शादी ब्याह हो कोई बहुत गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो इन सभी के लिए वरदान है। इनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैकि जब यह महराजगंज नगर से बढ़कर जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़े तब इन्होंने रायबरेली जिले के बहुत बड़े सुरमा को धूल चटा दी और समाजवादी पार्टी की सरकार ने तब इनको जिला पंचायत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी भी बनाया था। वही इनके व्यवहार की बात की जाए तो क्या गरीब क्या अमीर क्या बच्चा क्या बूढ़ा जिससे भी मिलते हैं बहुत ही मिलनसार स्वभाव से उसको यह लगता ही नहीं की यह अध्यक्ष है या फिर सभासद ।ठंड के माह में गरीबों को कंबल बांटना हो ग्रीष्म ऋतु में भंडारे करना हो या फिर कड़कड़ाती ठंड में अलाव जलाना हो इन सभी कार्यों में सबसे पहली पंक्ति में खड़े नजर आते हैं। वहीं अगर हम बात करें नगर पंचायत महाराजगंज की तो गरीबों के लिए आवास पक्की सदके सहित कान्हा गौशाला आज प्रदेश में अपना एक स्थान रखती है जो नगर पंचायत महराजगंज द्वारा संचालित की जाती है किसी का नतीजा है कि जनता ने इनको 20 वर्षों से सिर और आंखों पर बिठा रखा है और लगातार अपना समर्थन देकर महराजगंज नगर को इन्हीं के हाथों में सुरक्षित रखना चाहती है ।

# नगर पालिका में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए तैयारी बैठक सम्पन्न

**नगर में 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**





आदर्श नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष डॉण्धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन एंव शासन के मंशानुसार स्वास्थ्य विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक नगरपालिका सभागार में आयोजन किया गया जिसके दौरान डॉ मीनाक्षी चौधरी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीध्नोडल अधिकारी एनयूएचएम जनपद बलरामपुर द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया एक ला इलाज बीमारी है जो की होने के बाद उसका कोई प्रभावी इलाज नहीं है इसके लिए सरकार द्वारा 10 अगस्त से फाइलेरिया कार्यक्रम को प्रारंभ कर रही है जिसमें एल्बेंडाजोल की 400 एमजी की टेबलेट और डिईसी की 100 एमजी की टेबलेट उम्र के अनुसार खिलाया जाएगा और नगर को फाइलेरिया मुक्त बनाया जाएगा इसी क्रम में अतुल तिवारी पीसीआई संस्था से बताया फाइलेरिया कार्यक्रम में टीम कैसे कार्य करेगी और उनका पर्यवेक्षक कैसे होना है नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलवा से फार्मासिस्ट समीर अहमद सिद्दीकी जी द्वारा बताया गया की फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्य हाथी पांव के नाम से जाना जाता है फाइलेरिया के लक्षण सामान्य प्रारंभिक नहीं दिखाई देते हैं लेकिन सामान्य बुखार हाथ पैर में दर्द या सूजन तथा पुरुषों के जननांग में हुआ उसके आसपास सूजन पैरों व हाथों में सूजन अंडकोष में सूजन जिसे हाइड्रोसील भी कहा जाता है दिखाई देते हैं इसके बचाव के लिए सरकार द्वारा 10 अगस्त से कार्यक्रम को प्रारंभ कर रही है जिसमें टीम घर.घर जाकर लोगों को जानकारी के साथ दवा खिलाए जाने का कार्य किया जाएगा समस्त नगर वासी से यही अनुरोध है कि फाइलेरिया जैसी ल इलाज बीमारी से बचने के लिए औषधि ही एक कारगर उपाय है नगर पालिका परिषद बलरामपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस द्वारा फाइलेरिया कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व में समस्त सफाई में उपयोग होने वाली गाड़ियों में ऑडियो बजाने का निर्देश तत्काल दिया गया और समस्त वार्डों के सहयोग का आश्वासन भी दिया गया और समस्त नगर वासियों से अनुरोध के साथ अपील किये की फाइलेरिया को मुक्त करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में दवा खाएं और लोगों को दवा खिलाने में सहयोग प्रदान करें जिससे हमारा नगर ही नहीं हमारा जिला हमारा प्रदेश फाइलेरिया मुक्त हो सके बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी चौधरीएनगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री डीपी सिंह बैसए पीसीआई संस्था से अतुल तिवारीएनगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से फार्मासिस्ट समीर अहमद सिद्दीकीएइंद्रेश कुमार वर्माएअन्य समस्त सुपरवाइजर के उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

# तहसीलवार आपदा राहत वितरण कार्यक्रम आयोजित

**विधायकगणों ने वितरित किया आपदा सहायता राशि**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में तीनो तहसीलों में आपदा राहत वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

तहसील बलरामपुर में विधायक पल्टूराम, तहसील उतरौला में विधायक राम प्रताप वर्मा, तहसील तुलसीपुर में माननीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल द्वारा आपदा प्रभावितों को आपदा सहायता राशि प्रदान की गई। विधायकगणों ने कहा की सरकार आपदा प्रभावितों से साथ खड़ी है। इस दौरान समस्त एसडीएम,








तहसीलदार व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## भारत के मन के दर्शन

इन दिनों व्हाट्सएप जैसे आधुनिक संप्रेषण माध्यमों में बढ़ रही अनर्गल सामग्री और रील्स की भरमार के युग में हम सब इन वीडियो को देख-देख कर हैरान-परेशान हैं। कई बार तो मन करता है कि एक भी वीडियो डाउनलोड न करें क्योंकि डाउनलोड करने के बाद जिस तरह की अनर्गल और बेसिरपैर की सामग्रियां हमें प्राप्त होती हैं वह मन को निराश करने लगती हैं परन्तु इसी माध्यम पर कभी-कभी कुछ बहुत ही अच्छे वीडियो प्राप्त हो जाते हैं। आज मैं जिस वीडियो का उल्लेख कर रहा हूँ वह एक ष्ष्ह्र1 का रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो दिखाया जाता है। हो सकता है यह संपादित हो पर मैं जो बात कहना चाह रहा हूँ वह इस वीडियो की प्रामाणिकता की नहीं इसके प्रतीक को पकड़कर एक ज्वलंत प्रश्न की है। इस वीडियो में एक अत्यंत गरीब वृद्ध माता जो लगभग भिक्षुक की तरह दिखाई दे रही हैं, एक चौराहे पर खंभे के पास आकर बैठीं हैं और कहीं से प्राप्त भोजन का पैकेट खोल कर भोजन करने लगती हैं। उनके भोजन करने की शैली से यह प्रतीत होता है मानो वे अत्यंत भूखी हैं। उनके पास एक पीने के पानी की प्लास्टिक की बॉटल भी रखी है। अनायास एक महिला पुलिसकर्मी चौराहे पर यातायात नियंत्रण के लिए आती है और उस वृद्ध माता को वहां पर भोजन करते देख क्रोधित हो उठती है। सामान्यतया पुलिस विभाग के जवानों को यह निर्देश ऊपर से ही रहते होंगे कि वह भिक्षुकों को चौराहे पर न रहने दें क्योंकि इनके कारण कई बार अत्यंत अप्रिय स्थितियां भी पैदा होती हैं किंतु इस वीडियो में वह पुलिसकर्मी बहन अत्यंत निर्दयता से घुटने और पैरों के जूते से न केवल उस वृद्ध माता को धक्का देती है बल्कि उनका भोजन भी पूरा बिखेर देती है। जैसे-तैसे गिरती पड़ती वह वृद्धा अपनी पानी की बॉटल लेकर पुनः दूर जाकर बैठ जाती है। इस दृश्य को देखने वाला एक सामान्य व्यक्ति आकर पुलिसकर्मी से बहस भी करता है किंतु उसे भी अत्यंत क्रुद्ध होकर यह पुलिसकर्मी वहां से भगा देती है। वर्दी के कारण संभवतः वह पुरुष भी खुलकर प्रतिकार नहीं कर पाता है किंतु ईश्वरीय न्याय देखिए कि इस पूरी प्रक्रिया के संपन्न होते-होते तक अनायास तेज धूप के कारण यह पुलिसकर्मी चक्कर खाकर ज़मीन पर गिर जाती है और इसके बाद दर्शन होते हैं भारत के मन के। वह वृद्धा माता जिसे इसी पुलिसकर्मी ने लातों से पीट-पीटकर दूर भगाया था, अचानक आकर उस अचेत पुलिसकर्मी को संभालने लगती है। जल्दी से अपनी पानी की बॉटल से उसके मुंह पर जल छिड़कने लगती है और उसे बैठाने का प्रयास करती है। देर पूर्व स्वयं के द्वारा किए गए कृत्य के कारण यह महिला पुलिसकर्मी हीनता बोध से ग्रस्त होकर उस महिला का यह सहयोग प्राप्त करना नहीं चाहती किंतु फिर से चक्कर खाकर जब गिरती है तो अंततः यह वृद्ध माता उसके मुख पर पानी के छींटे डालती हुए उसे होश में लाकर सहारा देकर खड़ा करती है। फिर से चक्कर आने पर उसे खंबे के सहारे न केवल बैठाती है बल्कि उसको हवा करते हुए उसकी टोप सर पर से उतरते ही शेष बचा हुआ पूरा पानी सर पर खाली कर देती है। उसके होश में आने तक वह माता उसके चेहरे को बड़े प्यार से पोंछती रहती है। दृश्य के अंत में यह पुलिसकर्मी अत्यंत विनम्रता के भाव से उस वृद्ध माता को उसके बैठने के स्थान तक छोड़ती नजर आ रही है। आप कहेंगे यह वीडियो तो मानवीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है ही, मार्मिक भी है और भावुक भी करता है किंतु इस पूरे वीडियो को देखते हुए मुझे पता नहीं क्यों इस वृद्ध माता में भारत के मन के दर्शन तो हुए ही साथ ही मुझे संपूर्ण हिंदू समाज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी इस दृश्य में दिखाई देने लगी।

# धर्म परिवर्तन विधेयक से रुकेगा मतांतरण



**इसमें दर्शाया गया है कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एक साथ विचार करने पर हिंदुओं की संख्या में 79.32 प्रतिशत से 68.03 प्रतिशत तक अर्थात 11 प्रतिशत की गिरावट आई है और मुसलमानों की संख्या में 20 से 30 प्रतिशत तक यानी 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनसंख्या में आनुपातिक परिवर्तन यदि इसी प्रकार चलता रहा तो 2060 तक हिंदू अपनी ही भूमि में अल्पमत में आ जाएगा। जब कोई एक व्यक्ति मतांतरित होकर ईसाई या अन्य किसी पंथिक आस्था में जाता है तब वह केवल स्वयं नहीं जा रहा है, मतांतरित व्यक्ति की आस्था भारत से समाप्त होकर दूसरे राष्ट्र की हो जाती है।**

भारत प्राचीन राष्ट्र है। भारत प्राकृतिक दृष्टि से भी राष्ट्र है। भारत के विचार हमेशा से सम्पूर्ण विश्व को एक इकाई मानने वाले रहे हैं। भारत कभी सैन्य आक्रामक राष्ट्र नहीं रहा है। संपूर्ण विश्व को उच्चतम विचार दृष्टि देने का काम भारत हमेशा से करता आया है। भारत ने विभिन्न राष्ट्रों के विचारों को राष्ट्रानुकूल बनाकर आत्मसात भी किया है।

भारत की सहिष्णुता का लाभ उठाकर ईसाई मिशनरियां लंबे समय से मतान्तरण करने में जुटी हैं। मतांतरण को ही धर्म परिवर्तन कहते हैं। मिशनरियों को काफी हद तक इस कुचक्र में सफलता भी मिली है। ईसाई मिशनरियों को मिली सफलता ने भारत को बड़ा मतांतरण केंद्र बनाया है। इससे उत्साहित होकर ही अनेक प्रकार के रंगों, ढंगों, तरीकों को अपनाते हुए मिशनरियों ने अपने मतांतरण कार्यक्रम तेजी से चलाए। भारत के अनेक गांवों में ईसाइयों की चंगाई सभाएं फैल गई। गली-गली में ईसाई मिशनरियों ने अपने सेंट के नाम वाले विद्यालय चलाए। अनेक साधारण भारतीयों ने मिशनरियों के कुचक्र को न समझकर उनका साथ दिया। लालच और लोभ देकर ही भारत में मतान्तरण की कार्रवाई के केंद्र खोले गए। धार्मिक, पौथिक, आस्था के जाल फेंके गए। गांव और दूरदराज के जंगलों, पहाड़ों के बीच रहने वाले सरल हृदय भारतीय गरीबों के लाखों परिवारों को मिशनरियों ने फंसाकर ईसाई बना दिया। पूर्व में वे मतांतरित व्यक्तियों को अंग्रेजी नाम देते रहे। जब हिंदू संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने जन जागरण बढ़ाया मिशनरियों पर दृष्टि डाली, तो वे छद्म नामों की पद्धति से हिन्दू नामों का प्रयोग करने लगे। मिशनरियां सेवा के नाम पर, अस्पतालों के नाम पर, छुआछूत के नाम पर मतांतरण करने में सफल रही हैं। महात्मा गांधी ने हरिजन में सात फरवरी 1939 में लिखा आप यदि यह मानते हैं कि अंधकार में भटक रहे लोगों को सच्ची धर्म कथा सुनाने वाले केवल आप ही प्रबोधक हैं तो जहां तक मेरी मान्यता है कि हिंदुस्थान में आपको कोई स्थान नहीं है।

बैप्टिस्ट मिशन की प्रेरणा से ईसाई बने जनजातीय बंधुओं ने त्रिपुरा में स्वायत्तशासी जिले में अजनजातीय हिंदुओं को आतंकित कर बाहर खदेड़ना प्रारंभ कर दिया है। और जनजातीय हिंदुओं को डरा-धमकाकर उन्हें दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजा आदि हिंदू त्यौहार मनाने, महिलाओं को माथे पर बिंदी लगाने, घर में हिंदू देवी-देवताओं के चित्र लगाने से मना किया जा रहा है। यही नहीं, त्रिपुरा के समस्त पर्वतीय अंचल को एक स्वतंत्र सार्वभौम राष्ट्र के रूप में अलग करने का उनका प्रयास है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक के सुदर्शन को समर्पित पुस्तक (हमारे सुदर्शन जी) पृष्ठ 203, 204। मतांतरण के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं इस संबंध में "सेंटर आफ पॉलिसी स्टडीज" चेन्नई ने 26-27 वर्षों के परिश्रम से एक तथ्य परक ग्रंथ का निर्माण किया है, जिसका शीर्षक है रिलिजियस डेमोग्राफी आफ इंडिया अर्थात भारत की धर्म मत जनसांख्यिकी उसमें सन 1881 से लेकर जब देश की जनगणना पहली बार हुई, 1991 तक के 110 वर्षों में धर्म मतों के अनुसार जनसंख्या में हुए आनुपातिक परिवर्तनों का अध्ययन किया गया है।

इसमें दर्शाया गया है कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एक साथ विचार करने पर हिंदुओं की संख्या में 79.32 प्रतिशत से 68.03 प्रतिशत तक अर्थात 11 प्रतिशत की गिरावट आई है और मुसलमानों की संख्या में 20 से 30 प्रतिशत तक यानी 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईसाइयों की जनसंख्या में 0.7 प्रतिशत से दो प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि जनसंख्या में आनुपातिक परिवर्तन यदि इसी प्रकार चलता रहा तो 2060 तक हिंदू अपनी ही भूमि में अल्पमत में आ जाएगा। (हमारे सुदर्शन जी) पृष्ठ 256। हम सबको यह ज्ञान होना चाहिए कि जब कोई एक व्यक्ति मतांतरित होकर ईसाई या अन्य किसी पंथिक आस्था में जाता है तब वह केवल स्वयं नहीं जा रहा है, मतांतरित व्यक्ति की आस्था भारत से समाप्त होकर दूसरे राष्ट्र की हो जाती है। उस व्यक्ति की राष्ट्रीयता ही बदल जाती है। वह केवल मतान्तरित हो गया है यही नहीं है, उसके भीतर शत्रु भाव जन्मता है। वह भारतीयों को अपना शत्रु मान लेता है। ऐसे व्यक्ति ईसाई मिशनरियों के लिए काम करने लगते हैं। मिशनरियों के इर्द-गिर्द उनकी सेवाएं आरंभ हो जाती हैं। वे शिकार खोजने में लगे रहते हैं कि बार-बार मतांतरण की कार्यवाही करनी है। यह राष्ट्र विरोधी कृत्य आजादी के पूर्व से जारी है।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने लोभ लालच से होने वाले मतांतरण कानून को और कठोर बनाया है। आशा की जा रही है कि मतांतरण रुकेगा। राष्ट्र विरोधी शक्तियां परास्त होंगी। छल कपट अथवा बलपूर्वक कराए गए मतांतरण पर आरोपी को उम्रकैद की सजा का प्रावधान किया गया है। पूर्व में अधिकतम सजा 10 वर्ष और जुर्माने की राशि निर्धारित थी। अब योगी सरकार ने विदेशी फंडिंग को भी कार्यवाही के लिए आधार माना है। विधेयक में शामिल किया है।

पिछले दिनों विधानसभा के मानसून सत्र में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध संशोधन विधेयक 2024 पेश किया गया। विधेयक में कोई व्यक्ति जीवन की धमकी देकर अथवा संपत्ति के लिए हमला करता है। बल प्रयोग करता है विवाह करने का वादा करता है, अथवा षड्यंत्र करता है, प्रलोभन देकर किसी नाबालिग महिला या व्यक्ति की तस्करी करता है तो आरोपित को कम से कम 20 वर्ष का कारावास या आजीवन कारावास की सजा जुर्माना सहित किए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही संशोधन में यह भी है कि गंभीर अपराधों की तरह कोई व्यक्ति मतान्तरण के मामलों की प्राथमिकी लिखा सकेगा। पूर्व में मतांतरित व्यक्ति के परिवार वाले या निकटतम रिश्तेदारों की ओर से ही शिकायत कर कार्यवाही की मांग का विषय था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 20 में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश लाया गया था। विधानमंडल ने इसे स्वीकृत किया था। एक याचिका की सुनवाई के समय सुप्रीम कोर्ट ने मतांतरण को बेहद गंभीर मुद्दा माना है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को मतान्तरण रोकने के लिए ईमानदारी से कोशिश करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा था अगर जबरन मतांतरण नहीं रोका गया तो देशभर में विकट परिस्थितियां भविष्य में सामने आ सकती हैं। मतांतरण के मामले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, असम तथा मेघालय सहित दक्षिण भारत आदि में अधिक हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में स्पष्ट रूप से यह है कि लोगों को किसी भी धर्म का पालन करने उसे मानने और उसका प्रचार करने की स्वतंत्रता है। धार्मिक समूहों को भी धार्मिक मामलों को नियंत्रित करने का अधिकार है बशर्ते वे सार्वजनिक नैतिकता, स्वास्थ्य और व्यवस्था का पालन करें। मिशनरियां व अन्य देश विरोधी संगठनों ने इस अनुच्छेद की आड़ में देश विरोधी अभियानों को चोरी-छुपे चलाते रहते हैं इसमें बुनियादी सवाल यह भी है की जब इन मिशनरियों के लोग किसी गांव या जंगल में मतांतरण केंद्र चलाते हैं तो स्थानीय प्रशासन निगरानी नहीं करता है।

## विचार

# जरूरतमंदों की सेवा में सेना व संघ, गायब थे राहुल गांधी !

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



**वर्तमान में आप केरल के वायनाड में चूरलमाला भूस्खलन में बचाव कार्यों में आरएसएस के स्वयंसेवक और सेवा भारती के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से घटना स्थल पर चारों ओर देख सकते हैं । स्वयंसेवकों ने मेप्पाडी में एक सहायता डेस्क स्थापित किया है और राहत प्रयासों का सक्रिय रूप से समन्वय कर रहे हैं। सैकड़ों प्रभावितों को भोजन और सहायता प्रदान की जा रही है। तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के स्वयंसेवक भी राहत प्रयासों में शामिल हुए हैं।**

देश में आई केरल वायनाड की प्राकृतिक आपदा यहां हुए लैंडस्लाइड मानवीय समाज के लिए भीषण दर्द देकर गई है। मरनेवालों की संख?या अब तक 360 पार हो चुकी है, किंतु यहां के लोगों का जो सबसे बड़ा दर्द दिखा, वह यही था कि जिसे अपना महत?वपूर्ण वोट दिया, दर्द के समय तीन दिन तक उसका कोई अता-पता नहीं था। हम सभी जानते हैं कि राहुल गांधी यहां से दूसरी बार सांसद चुने गए थे, ये बात अलग है कि दो जगह से चुनावी मैदान में उतरे राहुल ने इस बार जीतने के बाद वायनाड के स्थान पर रायबरेली को चुना और अब वहां उपचुनाव होंगे।

उनके स्थान पर उनकी बहन प्रियंका कांग्रेस की उम्मीदवार बनाई जा रही हैं, लेकिन आपदा आने के बाद तीन दिनों तक न तो वे और न ही उनकी बहन दोनों ही वहां जनता की सुध लेने नहीं पहुंचे। कहा गया, मौसम अत्यधिक खराब होने के कारण पहुंच नहीं सके, जबकि इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक स्वयंसेवक अपनी जान हथेली पर लेकर इसी समय में यहां सेवा कार्य में जुटे देखे गए। ये सभी सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे थे। आश्चर्य होता है राहुल गांधी का ये रूप देखकर। सदन में इन दिनों मुद्दों को उछालकर मीडिया फुटेज लेनेवाले राहुल गांधी जिम्?मेदारी से यूं भाग खड़े होंगे ये किसी ने सोचा नहीं होगा, कम से कम वायनाड की जनता तो नहीं सोच सकती थी कि जिसे वे अपना जनप्रतिनिधि चुन रहे थे, वह आपदा के समय हमारे साथ खड़ा तक नहीं हो सकता है। यही कारण है कि अब जब राहुल गांधी वायनाड पहुंचे तो उन्हें जगह-जगह विरोध का सामना करना पड़ा है। वायनाड के मुंडक्कई और पुंचिरी मट्टम गांवों का दौरा करते वक?त कई लोगों को उनकी गाड़ी घेरते हुए देखा गया और वे उनसे सवाल कर रहे थे, अब तक कहां थे? वे यह कहते देखे गए कि हम ही लोग हैं, जिन्होंने तुम?हें वोट दिया और जिताया! दूसरी तरफ राष?ट्रीय स?वयंसेवक संघ के स?वयंसेवक हैं जिन?हें राहुल गांधी पानी पी-पीकर कोसते हैं, उस संघ के कार्यकर्ता बिना किसी देरी के यहां दिन-रात मानवता की सेवा करते हुए देखे जा रहे हैं। स्वयंसेवक राहत और बचाव के साथ बेघर हुए लोगों के लिए रहने और खाने-पीने की व्यवस्था भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे मृतकों के अंतिम संस्कार में भी सेवा कर रहे हैं। वे सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर तरफ किसी के भी जीवित होने की थोड़ी भी संभावना होने पर उसे तुरंत अस्पतालों में पहुंचा रहे हैं।

वर्तमान में आप केरल के वायनाड में चूरलमाला भूस्खलन में बचाव कार्यों में आरएसएस के स्वयंसेवक और सेवा भारती के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से घटना स्थल पर चारों ओर देख सकते हैं । स्वयंसेवकों ने मेप्पाडी में एक सहायता डेस्क स्थापित किया है और राहत प्रयासों का सक्रिय रूप से समन्वय कर रहे हैं। सैकड़ों प्रभावितों को भोजन और सहायता प्रदान की जा रही है। तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के स्वयंसेवक भी राहत प्रयासों में शामिल हुए हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर लोग खुलकर कह रहे हैं कि जहां राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को होना चाहिए वहां संघ के स्वयंसेवक सेवा दे रहे हैं। कांग्रेस और विशेषकर राहुल गांधी रास्वसंघ से कितनी नफरत करते हैं, वह उनके कहे इन शब?दों से समझा जा सकता है। 25 मार्च 2022 को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, ''मेरा मानना है कि आरएसएस व संबंधित संगठन को संघ परिवार कहना सही नहीं, परिवार में महिलाएं होती हैं, बुजुर्गों के लिए सम्मान होता है, करुणा और स्नेह की भावना होती है-जो आरएसएस में नहीं है। अब आरएसएस को संघ परिवार नहीं कहूंगा।


इससे पहले भी वे कई बार अपने भाषणों में रास्वसंघ के बेवहज घेरते हुए और उसके बारे में झूठे दावे करते रहे हैं। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया के जरिए आरएसएस की छवि खराब करने की कोशिश हमेशा से की है । इसी तरह से राहुल गांधी की 20 सितंबर 2016 को की गई एक पोस्ट पर नजर गई, वहां राहुल ने लिखा है, ''भाजपा और आरएसएस के लोग धर्म की दलाली करते हैं। इनको न गाय से प्यार है, न धर्म से इनको सिर्फ सत्ता से प्यार है।÷ अब आप यहां वायनाड में देख सकते हैं, सोच सकते हैं, कि कौन धर्म की दलाली कर रहा है। धर्म का अर्थ ही है, ''पर हित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई॥''ये पंक्ति गोस्वामी तुलसी दास कृत श्री रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड की है - इसमें भगवान श्री राम भरत की विनती पर साधु और असाधु का भेद बताने के बाद कहते हैं- 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई' अर्थात दूसरों की भलाई के समान अन्य कोई श्रेष्ठ धर्म नहीं है और पर पीड़ा सम नहिं अधमाई' से तात्पर्य है दूसरों को कष्ट देने के जैसा अन्य कोई निम्न पाप नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर निस्वार्थ भाव से दूसरों को सहयोग देना परहित है। रास्वसंघ आज वायनाड में यही परहित ही करता दिखता है। इसके साथ ही जिस तरह से राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नाम लेकर धर्म की दलाली करने का आरोप लगाया है, उसके संदर्भ में कहना यही होगा कि किसी को राहुल गांधी को कम से कम उनकी पार्टी के ही लोगों को उनके ज्ञान में संवर्धन करना चाहिए और उन?हें धर्म की सही व्याख्या क्या है, यह समझाना चाहिए।

# स्वाधीनता संग्राम में हिंदी भाषा की अहम भूमिका

संजीव ठाकुर

देश की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। पर यह सत्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का स्वमेव गौरव प्राप्त है वैश्विक स्तर पर हिंदी का परचम लहरा रहा है और हिंदी को किसी मान्यता प्राप्त होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है

किंतु औपचारिक रूप से सरकार को चाहिए हिंदी को राष्ट्रभाषा का उसका अपना गौरव प्रदान करें। राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता, विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है, निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल। देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा-भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है।



# राशिफल

**मेष :-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**बृषभ :-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या :-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**तुला:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**वृश्चिक :-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**धनु :-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**मीन:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

# शब्द, सत्य और राजनीति के झमेले में जाति

गिरीश्वर मिश्र



**उसी के समर्थन से वे चुने जाते हैं। वे बड़ी दुविधा में रहते हैं और कभी जाति का समर्थन तो कभी खंडन करते हैं। इस संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय श्री पंकज मित्तल की टिप्पणी गौरतलब है। उनके अनुसार भारतीय समाज में धीरे-धीरे वर्ण को ग़लत ढंग से जाति के अर्थ में ढाल दिया गया। लोग व्यवसाय, प्रतिभा और गुण के आधार पर विभाजित किए जाते थे। जाति निष्प्रयोजन है। ब्राह्मणों के बच्चे खुद को ब्राह्मण कहने लगे चाहे आचरण जैसा भी हो। दूसरे वर्णों के बच्चे भी अपने कार्य या गुण को देखे बिना अपने पिता के वर्ण को अपना लिए। न्यायमूर्ति के अनुसार जाति के रूप में वर्ण का उपयोग करना एक सामाजिक गलती या दोष (डिफ़ेक्ट) था। इसने समाज को बाँट दिया और भेदभाव को जन्म दिया। जहां तक अनुसूचित जाति (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के वर्गीकरण का प्रश्न है**

आह सच है कि शब्द अपने प्रयोग से ही अर्थवान होते हैं पर यह भी सच है कि अर्थ शब्दों के प्रयोक्ता के मंतव्य के अधीन होते हैं। इसलिए शब्द के अर्थ की स्थिरता निरपेक्ष नहीं होती। 'जाति' शब्द अर्थ की अस्थिरता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वैसे तो जाति शब्द किसी चीज़ की प्रकृति, समुदाय या श्रेणी के लिए प्रयुक्त होता है परंतु भारतीय समाज में यह शब्द समुदायों के नाम और पहचान का द्योतक बन चुका है। इसको लेकर समुदायों के बीच पारस्परिक सामाजिक सम्बंध बनते बिगड़ते हैं। जातियों से अस्मिताओं का निर्माण किया जाता है और उनसे बनी पहचान भारतीय सामाजिक जीवन का एक बड़ा सत्य है। जाति के साथ तादात्मीकरण व्यक्ति और समुदाय दोनों के लिए एक नियमबद्धता लाने वाला उपाय बन जाता है।

जातिविशेष के लोग आपस में निकट आते हैं और दूसरी जाति से अपने को अलग करते हैं। सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी पर जातियाँ अलग-अलग पायदान पर स्थित होती हैं और सबका अपना-अपना दायरा होता है। अभी भी भारत के बहुत बड़े अंश में शादी-ब्याह, खान-पान और रिश्ते-नाते अधिकांशतः जाति की परिधि में ही संचालित होते हैं। जाति की शक्ति और सामर्थ्य आजकल उठान पर है और जातिवादी संगठनों की धूम मची हुई है। आए दिन नए-नए जाति संगठन बनने का एलान हो रहा है। आज जाति की शक्ति की कोई उपेक्षा नहीं कर सकता, खासतौर पर राजनीति के क्षेत्र में तो ऐसा सोचना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। हर कोई अपनी जाति से जुड़ कर या उसकी सदस्यता से अतिरिक्त ऊर्जा और बल का अनुभव करता है। जन्मसिद्ध होने के कारण जाति की सदस्यता व्यक्ति को स्वतः मिल जाती है और तब तक चलती रहती है जब तक उसे जाति से बहिष्कृत (कुजात!) नहीं कर दिया जाता। जन्मजात जाति व्यक्ति के साथ जीवनपर्यंत जुड़ी रहती है और अनेक औपचारिक तथा अनौपचारिक विषयों में हमारी गतिविधि को निर्धारित करती है। आज जाति व्यक्तिगत जीवन में एक सवेदनशील विषय बन चुका है। राजनीति के हल्के में यह एक बेहद उपजाऊ सरोकार बन चुका है जिसे मुख्य आधार बना कर विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव लड़े लड़ाए जाते हैं और सरकारों का गठन और विघटन होता है। जाति को लेकर राजनीतिज्ञों की मुश्किल इसलिए बढ़ जाती है कि वे भेदभाव के अमानवीय आधार के रूप में इसके विरोध और खंडन में खड़े होते हैं जबकि खुद उनका राजनीतिक अस्तित्व जाति पर ही टिका होता है। उसी के समर्थन से वे चुने जाते हैं। वे बड़ी दुविधा में रहते हैं और कभी जाति का समर्थन तो कभी खंडन करते हैं। इस संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय श्री पंकज मित्तल की टिप्पणी गौरतलब है। उनके अनुसार भारतीय समाज में धीरे-धीरे वर्ण को ग़लत ढंग से जाति के अर्थ में ढाल दिया गया। लोग व्यवसाय, प्रतिभा और गुण के आधार पर विभाजित किए जाते थे। जाति निष्प्रयोजन है। ब्राह्मणों के बच्चे खुद को ब्राह्मण कहने लगे चाहे आचरण जैसा भी हो। दूसरे वर्णों के बच्चे भी अपने कार्य या गुण को देखे बिना अपने पिता के वर्ण को अपना लिए। न्यायमूर्ति के अनुसार जाति के रूप में वर्ण का उपयोग करना एक सामाजिक गलती या दोष (डिफ़ेक्ट) था। इसने समाज को बाँट दिया और भेदभाव को जन्म दिया। जहां तक अनुसूचित जाति (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के वर्गीकरण का प्रश्न है वह संविधान से अनुमोदित श्रेणियाँ हैं। इस प्रकार की श्रेणियों के बारे में नीति पर गम्भीर विचार ज़रूरी है ताकि विभिन्न निचले गरीब तबकों को ऊपर उठाया जा सके। इसके लिए जाति से भिन्न आधार होना चाहिए आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर, उपलब्ध सुविधाएँ आदि पर भी गौर करना होगा खासतौर पर स्थान विशेष की परिस्थिति पर ध्यान देना होगा। एक पीढ़ी को जीवन सुधारने के लिए जो लाभ मिले वह स्वतः आगे नहीं चलना चाहिए। यदि स्थिति में वांछित सुधार आता है तो अतिरिक्त सुविधा की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी।उल्लेखनीय है कि कर्म को जीवन का आधार स्वीकार करते हुए व्यवसायों के विभिन्न प्रकारों के समानांतर वर्ण के नाम प्रचलित हुए। जन्म के कुल से वर्ण का सम्बन्ध सीमित था। इस बात के अंतः साक्ष्य बत्ताते हैं कि व्यक्ति का निजी और सामाजिक आचरण ही वर्ण के प्रयोग का मुख्य आधार था। 'गुण' यानी स्वभाव (प्रकृति) और कर्म ही सामाजिक वर्गीकरण के मुख्य आधार थे। वर्ण-परिवर्तन संभव था। काल-क्रम में जन्म से जुड़ कर 'जाति' का प्रयोग शुरू हुआ। कर्मकांड भी जुड़े और प्रभावी बने। मनुष्य के जीवन में संस्कार का महत्व बना रहा और व्यवहार या आचरण की ही प्रधानता रही। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न जातियों की जो श्रृंखला खड़ी हुई उसके कई आधार थे। कर्म की जगह जन्म जाति की पहचान का आधार बना।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# काले झंडे दिखाकर शिक्षकों ने जताया विरोध

**विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए पुलिस रही मुस्तैद, आयोजन स्थल जाने से शिक्षकों को रोका**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जूनियर हाईस्कूल (पू.मा.) शिक्षक संघ के अधिवेशन में आए प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी का काले झंडे दिखाकर विरोध किया गया। इस दौरान विरोध कर रहे शिक्षकों को पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजन स्थल जाने से रोक दिया गया।

शहर के जिला सेवायोजन कार्यालय में रविवार को जूनियर हाईस्कूल (पू.मा.) शिक्षक संघ के जिला अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें जिला कार्यकारिणी के मनोनयन/निर्वाचन की कार्यवाही पूरी की गयी। इसमें शामिल होने के लिए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी यहां पहुंचे। इसी बीच संगठन की पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गये। पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक हमीरपुर चुंगी में एकत्र हुए और विरोध करते हुए सेवायोजन कार्यालय की ओर रवाना हुए। इसी बीच पुलिस प्रशासन हरकत में आया और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए केवल एक दर्जन पूर्व पदाधिकारियों को ही आगे जाने की अनुमति दी और बाकी लोगों को आगे जाने से रोक दिया। जब ये पूर्व पदाधिकारी सेवायोजन कार्यालय के अंदर जाने लगे तो पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देकर सभी को अंदर जाने से रोक दिया गया। इसके बाद गेट पर खड़े होकर पूर्व पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारी दिनेश रावत, ज्योति प्रकाश तिवारी, रमाकांत मिश्रा, प्रशांत सक्सेना, राहुल सिंह परिहार, विकास पचौरी, रविकरण त्रिपाठी, वीरेंद्र प्रजापति, देवेश तिवारी, जीतेंद्र आर्य, राममोहन मिश्रा, राकेश शर्मा, संदीप सिंह परिहार, जोनू, मुस्ताक अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्युत लाइन में गड़बड़ी से नही संचालित हो सकी ट्रेनें

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कानपुर बांदा रेल लाइन के यमौदहा रागौल स्टेशन में आज इस लाइन की विद्युत व्यवस्था में गड़ बड़ी होने से दो घंटे बिलंब से ट्रेने संचालित हो सकी।आज सुबह खजुराहो वाया बांदा कानपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन रागौल स्टेशन तक तो समय पर आई। लेकिन आगे विद्युत लाइन में गड़बड़ी होने से यह ट्रेन वहाँ लगभग पौने दो घंटे खड़ी रही इधर कानपुर से मानिकपुर तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के आने का समय 10रू00 बजे है। लेकिन यह ट्रेन यमुना साउथ पर खड़ी कर दीगयी । इससे पौने दो घंटे की देरी से यह ट्रेन यहाँ आसकी। यह संबंध में स्टेशन पर कार्यरत सहायक अधीक्षक ने कहां की ट्रेन विद्युत लाइन में गड़बड़ी होने से कूछ देरी से आवा गमन हो सका। लिहाजा सभी सवारी परेशान नजर आयी है और रेलवे प्रबंधन को कोसती नजर आयी है।

# एसपी ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**महोबा,** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, अभियोजन अधिकारी व थाना प्रभारियों के साथ जनपद में शातिर अपराधियों के विरुद्ध पंजीकृत हुए गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमों व उन अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) की प्रगति कार्यवाही की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में गैंगेस्टर एक्ट के लम्बित अभियोगों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि उ0प्र0 गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप नियमावली 2021 के प्रावधानों, विशेष रुप से आपराधिक कृत्यों द्वारा किये गये धनार्जन से अर्जित सम्पत्तियों की कुर्की से सम्बन्धित प्रावधानों से अवगत होकर अपराधियो के विरुद्ध नियमानुसार गैंगचार्ट तैयार करते हुए कठोरतम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित की गयी सम्पत्ति का चिन्हाकन कर उनका जब्तीकरण किये जाने व मा0 न्यायालय से सम्पत्ति के कुर्क कराये जाने की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में विधि संगत निर्देश दिये गये हैं।

## खबरें एक नजर में

### जल-जीवन-जमीन को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए आज होगी बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जल जीवन जमीन को प्रदुषण से मुक्त कराने हेतु पर्यांवरण सरक्षण को लेकर सोमवार को प्रातः 11:00 पडिंत दीनदयाल उपाध्याय पेशनर भवन महोबा मे पेशनरो सहित जनपद के बुद्धिजीवी, पर्यांवरण प्रैमी, किसानों, ग्राम प्रधानों जागरूक नागरिकों पत्रकारों, की बैठक बरिष्ठ नागरिक पेशनर सेवा सस्थान एवं सयुंक्त मिडिया क्लब द्वारा आहूत की गयी है। बैठक मे मुख्य रुप से पर्यांवरण प्रदुषित होने से जलवायु परिवर्तन ओर उससे होनेवाले नुकशान प्राकृतिक ससाधनो का अत्याधिक दोहन , से फैल रहे सकंमण से हाटँअटैक की धटनाये बढने ,ब्रौनटाइटिक्स , दमा जैसी गभीर बीमारियों के बढ रही है इन सभी बिन्दुओं पर चितंन कर बचाओ हेतु जनजागरण अभियान चलाने पर विचार कर निणँय लिया जायेगा ।उक्त जानकारी देते हुये बरिष्ठनागरिक पेशनर सेवा सस्थान उ प्र के महामंत्री बी के तिवारी ने जानकारी देते हुये सभी जागरुक जनपद बासियो से अपील की है वह बैठक मे सहभागिता कर पुनीत कार्य मे अपना सहयोग प्रदान कर अपने अमूल्य बिचारो से अवगत कराये। सयुक्त मिडिया क्लब के अध्यक्ष भगवान दीन यादव ने पर्यांवरण स रक्षण सम्बधन को लेकर जागरुकता अभियान की शुरूआत करने हेतु आपसी भेदभाव भूलाकर बैठक मे प्रतिभाग कर एक ज्योति पर्यांवरण के नाम जलाने हेतु आगे आये।

### चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सब्जी बेचकर गांव लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। मझगवां थाने के मल्हौवा गांव निवासी दयाशंकर पुत्र रामचरन ने बताया कि वह कस्बे में प्रतिदिन सब्जी बेचने आता है। रविवार की दोपहर वह मंडी में सब्जी बेचने के बाद बाइक से गांव जा रहा था। तभी कुर्रा नहर बाईपास पर तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का एयरवेग खुल गया। एयरवेग खुलने से चालक बाल बाल बच गया। कार भी चालक साइड से क्षतिग्रस्त हो गई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### ज्यादा बोल्टेज आने से विद्युत उपकरण फुंके




**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के बड़ी जुलहेटी मोहल्ले में हाईवोल्टेज आने से आधा दर्जन घरों के विद्युत उपकरण फुंक गए हैं। मोहल्ले वासियों ने विद्युत अधिकारियों को हाईटेंशन लाइन के तारों पर पेड़ों की झाड़ रखी होने से उपकरण फुंक गये है। मोहल्ला निवासी राजाराम सैनी ने बताया कि रविवार को हाईवोल्टेज आने से इंवेटरए पंखाए कूलर फुंक गए हैं। इसी तरह हरजू कुशवाहा के फीजरए बिजली बोर्डए पंखाए कूलरए शिवम सैनीए रामशरण सैनी इंवेटरए अतीक वर्मा पंखा और मनमोहन की बिजली लाइन जल गई है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मोहल्ले से निकली हाईटेंशन लाइन के तारों में पेड़ों की झाड़ रखी हुई है। जिसके कारण आए दिन यह हादसा हो रहा है। बताया कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। बताया कि इसके पहले भी तीन बार हाईवोल्टेज से घरों के विद्युत उपकरण फुंक चुके हैं। रविवार को मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग के विरुद्ध रोष व्याप्त कर प्रदर्शन किया है।

### तीन एसडीएम इधर से उधर

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला अधिकारी पवन अग्रवाल ने जिले में तीन उपजिलाधिकारी का स्थानांतरण किया। जिला अधिकारी ने बताया कि एस डी एम न्यायिक के पद पर तैनात रहे संजीव कुमार यादव को बलरामपुर सदर तैनाती की गई है हाल में उतरौला न्यायिक पद पर तैनात रहे ।सदर तहसील में तैनात एस डी एम राजेंद्र बहादुर को उतरौला की कमान सौपा गया है व तुलसीपुर का न्यायिक पद की जिम्मेदारी सौपी गई है।

### भैंस नहलाने गए अधेड़ की डूबकर मौत

**गैंडास बुजुर्ग(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** भैंस नहलाने गए अधेड़ की डूबकर हुई मौतएपरिजनों में मचा कोहराम। थाना गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम हाशिमपारा निवासी रम्भू पुत्र मगरे 60वर्ष रविवार को दिन में लगभग दो बजे गांव के दक्खिन पिड़िया खुर्द के पास पोखरे में भैंस नहलाने गया था ।नहलाते समय गहरे पानी में चले जाने से रम्भू की डूबकर मौत हो ग?ई ।मृतक के चार लड़के व छह लड़कियां हैं जिसमें तीन लड़की की शादी नही हुई है ।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी ।इस मौके पर हल्का लेखपाल रमेश चन्द्र व ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### मारपीट में घायल मासूम बच्चे की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के विशेश्वरगंज के मझवा बनकट गांव निवासी एक माह के बालक की इलाज के दौरान शनिवार रात को मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालक पड़ोसी से हुई मारपीट में मां के साथ घायल हुआ था ।विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के मझवा बनकट गांव में बीते 18 जुलाई को पड़ोसी रिश्तेदारों में जमीनी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें निजाम की पत्नी व उसके एक माह के बच्चे उज्जैद को भी चोट लगी थी। एक माह के बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा था। शनिवार शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।परिजनों की सूचना पर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विशेश्वरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि घटना पुरानी है, जिसमें महिला व उसका मासूम बेटा घायल हो गए थे। एक माह के नवजात की मौत होने के बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया है। घटना के समय ही आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। बच्चे की मौत पर विवेचना के दौरान धारा बढ़ाया जाएगा।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) की प्रथम मासिक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देश पर बुन्देलखण्ड प्रभारी आनन्द तिवारी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार नायक की अध्यक्षता में पी डब्लू डी सर्किट हाउस चरखारी में आयोजित की गयी जिसमें संरक्षक मण्डल में शिव कुमार सोनी, रामजी गुप्ता के साथ साथ बड़ी संख्या में जिले के पत्रकार उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम में सभी पत्रकारों ने विशेष पत्रकारिता के स्तर पर कार्य करने की बात कही तथा जिले में सम्लित रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की बात कही



गयी एवम पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं के लिए चिन्ता व्यक्त की गई। बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के में बाद बुन्देलखण्ड प्रभारी आनंद तिवारी, जिला प्रभारी जुगल किशोर द्विवेदी अध्यक्ष नरेंद्र नायक, महासचिव आलोक शर्मा उपाध्यक्ष अनुज तिवारी के साथ सभी पत्रकार साथियों ने बृक्षारोपण भी किया।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार सोनी, रविन्द्र कुमार (रामजी गुप्ता) अनुप गुरुदेव, आनन्द तिवारी, जुगुल किशोर द्विवेदी, बृजेश द्विवेदी, अनुज तिवारी, आलोक कुमार शर्मा, विनय पटेरिया, हरिओम सोनी, रोहित चौबे, अशीष अवस्थी, कमल नयन चतुर्वेदी, डालचंद्र कुशवाहा, कृष्ण कांत तिवारी, जतन सिंह, सुमित तिवारी सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने व संगठन एवम पत्रकार हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी व0 उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के निर्देशन में प्र0 उप निरीक्षक अनुज कुमार सिंह मय हमराह सौरभ सिंह व उमाशंकर यादव के द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान 01अभियुक्त राकेश यादव पुत्र द्वारिका यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम यादवपुर पुखहरन थाना यादवपुर जिला गोपालगंज (बिहार) को हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 01 किलो 900 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज बरामद करते हुये ग्राम लोहरगाँव थाना महोबकंठ जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर थाना महोबकंठ में मु0अ0सं0 147/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है।

मझगवां थाने टोला रावत गांव व हालपता चरखारी रोड नई बस्ती निवासी हरीराम ने बताया कि उसका छोटा भाई गनेशी;30द्ध पुत्र धर्मराज अहिरवार ने रविवार की शाम करीब साढ़े चार बजे कमरे में रस्सी से पंखे में फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। आननण्फानन में सीएचसी ले गए। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने युवक को



मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई ईण्रिक्शा चलाकर परिवार का भरणण्पोषण करता था। रविवार की सुबह शराब के नशे में उसका भाई पत्नी से झगड़ा कर रहा था। उसका भाई आए दिन शराब के नशे में झगड़ा करता था। बताया कि वह तीन भाई हैं। उसके पिता के नाम 15 बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र सात वर्षीय समर छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी ऊषा का रो रोकर बुरा हाल है।

# अवैध कब्जे को मुक्त कराने को लेकर की खानापूर्ति

**नगर वासियों को नहीं मिली कोई राहत**

**मौदहाए हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बीचों बीच निकलने वाले वंश नाला में लोगों द्वारा अवैध कब्जे के मामले में ईओ ने पाइप डालकर महज खानापूरी कर दी है।

पुराने नाले पर लोगों द्वारा स्लेब डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके चलते बरसात का पानी नही निकल पाता और सड़क में ही पानी भर जाता है जिससे राहगीरों को खासी मुसीबत का सामना करना पड़ता है पानी भरने के कारण पिछले वर्ष बनी सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

नाले मेंअवैध कब्जे से परेशान मोहल्ला निवासी धर्मात्मा प्रसाद गुप्ता




सहित अन्य वासियों ने तहसील दिवस पर लिखित शिकायत करते नाले को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए सड़क में भर रहे पानी की निकासी की बात कही थी साथ ही उन्होंने शिकायती पत्र में बताया की अतिक्रमण के चलते नाले के बगल से निकली सड़क 16 फिट से घटकर 10 फिट की रह गई है। जिसको लेकर रविवार को जेसीबी लेकर दलबल के साथ मौके पर पहुंची अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने नाले की ऊपर पड़ी स्लेब के बगल से गड्ढा कर पानी निकासी की व्यवस्था कर खाना पूर्ति कर दी तो वही के निवासी विवेक निगम ने उनके दरवाजे पर हुई खुदाई से आपत्ति जताते हुए पूरे नाले पर लोगों द्वारा किये गए अतिक्रमण को देखते हुए सभी के दरवाजे पर खुदाई कर पानी की निकासी की बात कही सुप्रीम कोर्ट ने भी नालों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की बात कही थी मगर कोर्ट के आदेश को धता बताते हुए जगह जगह लोगो द्वारा नालों पर अवैध कब्जे की शिकायतें आती रहती हैं। नगर के बीच से निकलने वाले इस वंश नाले से पूरे शहर का पानी निकलता है जिस पर लोगों द्वारा मोटी मोटी स्लेब डालकर पूरी तरह से बंद कर दिया है जिससे नाले की साफ सफाई नही हो पाती और बरसात का पानी निकलने में असुविधा होती है जिससे सड़क पर पानी भर जाता है। इसके पूर्व भी कई बार नाले में किये जा रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायतें की जा चुकी हैं मगर प्रशासन छोटी मोटी कार्यवाही कर अपना पल्ला छाड़ लेता है और समस्या जस की तस बनी रहती है।

# चार लाख दुधारु पशु गाय व भैंस में केवल एक हजार पशुधन का हुआ बीमा

**जिले में पशुधन बीमा योजना से किसानों को नहीं मिल रहा रत्ती भर लाभ, कंपनी व पशु चिकित्सा विभाग की घोर लापरवाही उजागर, नोडल अधिकारी बोले- किसान नहीं लेता हैं रुचि**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में किसानों को पशु बीमा योजना का कोई लाभ नही मिल रहा है। जिले में गाय व भैस पशुधन मिलाकर चार लाख संख्या है मगर बमुश्किल एक हजार पशुओं का ही बीमा कराया गया है। इसके लिये पशु चिकितसा बिभाग की लापरवाही के साथ साथ किसानों में जागरुकता का अभाव बताया जाता है।

जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि ज्यादा से ज्यादा पशुओ का बीमा कराया जाये इसके लिये शासन पशु मूल्य के अनुसार प्रीमियम का 75 फीसदी जमा करता है केवल किसान को पच्चीस फीसदी जमा करना होता है। उसमे भी अनुसूचित जाति के लोगो को केवल दस फीसदी ही प्रीमियम जमा करना होता है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा. अरविंद कुमार का कहना है कि जिले के सभी पशु चिकित्साधिकारियों को पशुओं के बीमा करने के आदेश कर दिये गये है मगर किसान इसमे कोई रुचि नही लेता है। उनका मानना है कि अभी तक ज्यादा से ज्यादा पांच सौ पशुओ का बीमा हुआ होगा। बाकी पशुओं के लिये प्रयास किया जाता हो मगर किसान बीमा कराने से साफ मना कर देता है। हमीरपुर जिले मे पशु बीमा कराने की जिम्मेदारी नेशनल एंश्योरेंस कंपनी को दी गयी है मगर इनके अधिकार व कर्माचारी भी इस ओर कोई प्रयास नही करते है। यही नही सबसे बड़ी बिंडबना तो यह है कि जिले में सरकारी योजनाओं से खरीदे गये पशुओ की बीमा झांसी से होता है जिससे विभागीय अधिकारी गाय भैस बकरी पालन योजना में किसानो को धन देकर पशु खरीदने के लिये प्रेरित कर देते है मगर बीमा के लिये कोई बातचीत नही करते है क्योकि इसके लिये अधिकारी व किसान को झांसी दौरना पड़ेगा। इधर पशु बीमा के नोडल अधिकारी डा अमित कुमार का कहना है कि पिछल साल शासन से 549 पशुओ के बीमा करने का आदेश आया था मगर केवल अस्सी फीसदी लक्ष्य पूरा हो पाया है। इस साल दस फीसदी बढ़ाकर लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उनका मानना है कि गाय की लाइफ करीब बारह साल व भैंस की लाइफ करीब पंद्रह साल होतीहै। बीमारी व दैवीय आपदा से मौतहोने पर किसानों को उसका लाभ मिलता है। हालाकि विजली विभाग व अन्य किसी कारण से दैवीय आपदा से मरने पर शासन मामूली नुकसान की भरपायी करता है यदि पशुओ का बीमा हो जाये तो किसान का काफी हानि को बचाया जा सकता है। किसानों का असली धन तो पशु धन ही है यदि उसका नुकसान होता है तो किसान कई कई साल तक उबर नही पाता है। इधर नेशनल इंश्योरेंस कंपनी हमीरपुर के प्रबंधक राहुल कुमार का कहना है कि बहुत पहले हमीरपुर से इस कंपनी से बीमा कराया जाता था अब यहा से कोई मतलब नही हो न ही कोई पशु चिकित्साधिकारी आते है न ही कोई चर्चा होती है। यदि शासन पशु चिकित्सा के साथ साथ पशुबीमा की ओर ध्यान दे दे तो किसानों का काफी लाभ मिल सकता है।

## विश्व स्तनपान सप्ताह एक अगस्त से शुरू, जागरूकता के लिए होंगे कई कार्यक्रम

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** अगस्त का पहला सप्ताह विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।रविवार को प्राथमिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा एकडंगा में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य प्रसूता व धात्री महिलाओं के बीच स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि यह बच्चों के साथ-साथ माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की जिम्मेदारी माता के साथ साथ परिवार व मुख्य रूप से पिता की भी होती है। पिता द्वारा बच्चे की माता की देखभाल करना, माता को बच्चे के साथ अधिक समय व्यतीत करने व उचित तरीके से स्तनपान कराने प्रोत्साहित करना आदि तरीके से भूमिका निभाया जाता है। इस अवसर पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉ चंद्र प्रकाश, आशुतोष उपाध्याय, प्रभात कुमार मौर्य, व पीएचसी पिपरा एकडंगा के स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# अयान हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही तथा रोकथाम जुर्म जरायम के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उ0) योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह थाना तुलसीपुर बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में- थाना तुलसीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 189/2024 धारा 103(3) ब्न्हस् बनाम अज्ञात की विवेचना से प्रकाश में आये 12 वर्षीय बालअपचारी थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गठित टीम द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

वादी मुकदमा महफूज आलम पुत्र रहमतुल्ला नि0ग्रा0 भगवानपुर बाँध थाना को0 जरवा जनपद बलरामपुर की लिखित तहरीरी सूचना बावत किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे लड़के अयान उम्र करीब 12 वर्ष को जो मदरसा जामिया नईमिया अरवी कालेज इटवा रोड तुलसीपुर बलरामपुर में कक्षा 02 में पढ़ता था जिसकी दिनांक 02.08.24 की बीती रात चाकू से हत्या कर देने की तहरीर के आधार पर थाना तुलसीपुर बलरामपुर पर मु0अ0सं0 189/2024 धारा 103(3) ब्न्हस् बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया । विवेचना / साक्ष्य संकलन से 12 वर्षीय बाल अपचारी

### पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार 12 वर्षीय बालअपचारी नि0ग्राम खैरा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर ने पूछताछ पर बताया कि मुझसे मृतक अयान से 5 – 6 दिन पूर्व आपस में नोक झोक व गाली गलौज हो गया था जिसमें मृतक अयान ने मुझे माँ बहन की भद्दी – भद्दी गाली दिया था तथा ईशा की नमाज में मस्जिद में कुरान की कसम खायी थी कि मैं तुम्हे जुमेरात तक जान से मार दूँगा इसलिए मैने सोचा जब वह मुझे जुमेरात तक मार ही देगा तो उससे अच्छा है कि मै ही उसे जान से मार दूँ मैं दिनांक 1/2/08/24 की रात में मदरसे के कमरा नं0 15 में मो0 इस्माइल, वकील अहमद व अयान सो गये तो मै भी अयान के बगल में सो गया और जब मुझे विश्वास हो गया की सभी लोग गहरी नींद में सो गये है तो मैं अपने सूटकेस में खरीदकर लाये गये रखे चाकू को धीरे से निकाल कर लाया व अयान के पेट पर चाकू से वार कर दिया तथा बिस्तर से उसके मुँह व गर्दन को काफी समय तक दबाये रखा और जब मुझे लगा कि वह मर गया है तो मै बिस्तर से उसके शरीर ढ़क दिया और बगल में सो गया ।

थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर का नाम प्रकाश में आया ।

गठित टीम द्वारा प्रकाश में आये बाचअपचारी को उसके घर से गिरफ्तार कर हत्या के समय पहने हुए कपड़े (कुर्ता-पैजामा) को बालअपचारी उपरोक्त के निशानदेही पर उसके मदरसा जामिया नईमिया अरवी कालेज इटवा रोड तुलसीपुर बलरामपुर के हास्टल से बरामद किया गया ।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**

बेटी को चापड़ मार कर घायल करने वाले बाप ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी।

मामला साढ थाने के असेनिया गांव का है जहां बीते शनिवार को गांव निवासी राजकुमार सविता अपनी पत्नी को पीट रहा था मां को पिटते देख उसकी बेटी कुसुम बचाने गई तो बाप ने उसके चापड़ मार दिया, मारपीट में बेटी का हाथ भी टूट गया था शनिवार को बेटी कुसुम ने साढ थाने में पिता राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज होने के बाद राजकुमार ने रविवार सुबह घर के अंदर फांसी लगा कर जान दे दी।

राजकुमार का शव लटकता देख परिजनों ने साढ पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवा कर कब्जे में ले लिया, पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया, फॉरेंसिक टीम परिजनों से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

# दो अवैध तमंचा, पांच कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

अपर्णा गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं ऐसी आपराधिक घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा चौकी प्रभारी भटीपुरा उप निरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गठित की गयी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए 03 नफर अभियुक्तगण सुरजीत सिंह पुत्र उदय पाल सिंह उम्र करीब 23 वर्ष, सत्यभान यादव उर्फ सत्या पुत्र मुन्ना यादव उम्र करीब 22 वर्ष व पंकज



साहू पुत्र मनोज राठौर उम्र करीब 19 वर्ष को हिरासत में लिया जिनके कब्जे से क्रमशः 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं अभियुक्तवार 01-01 एन्ड्रायड मोबाइल बरामद करते हुए बड़ी चन्द्रिका मन्दिर से छोटी चन्द्रिका मन्दिर के रास्ते के बीच बनी पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में क्रमशः मु0अ0सं0 380/24, मु0अ0सं0 381/24 व मु0अ0सं0 382/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर चेचिस नंबर MD625AF95R2D30204 बिना नम्बर प्लेट की बरामद हुई जिसके प्रपत्र न होने पर सीज की कार्यवाही की गयी।

# ट्रक चालक पर धारदार हथियार से हमला

- हमलावरों ने पेट्रोल डालकर लगाई आग, चीख पुकार सुन भागे हमलावर
- गम्भीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**

**अपने दरवाजे** पर सो रहे एक 35 वर्षीय ट्रक चालक पर गाँव के ही दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। यही नहीं हमले के दौरान भागने की कोशिश कर रहे युवक पर हमलावरो ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। चीख़ पुकार मची तो हमलावर भाग खड़े हुए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहां से गंभीर अवस्था की चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया पुलिस ने इस मामले में युवक के बयान पर गांव के ही दो सगे भाइयों को हिरासत में लिया है। मामला थाना लोनी कटरा के कर्मेमऊ मजरे लखौरा गांव का है।यहां के निवासी संजय यादव 35 वर्ष शनिवार की रात खाना खाकर अपने बरामदे में सो गए। उनके समीप सामने बिस्तर पर उनके दो छोटे बच्चे सो रहे थे।पत्नी व अन्य परिजन छत पर सो रहे थे। बताते है कि रात्रि लगभग 12 बजे अचानक सोते समय हमलावरों ने धारदार हथियार से उनके सीने व सिर पर वार कर दिया। यही नहीं हमले के बाद भाग रहे युवक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई।आग लगते ही वह चीखते चिल्लाते हुए बाहर की ओर भागे।चीख पुकार सुनकर घर व गांव के लोग इकट्ठा हो गए।लोगों ने समझा कि उन्हें बिजली का करंट लगा है।लेकिन घायल ने बताया कि मेरे ऊपर हमला हुआ है।इसके बाद परिजन उन्हें सीएससी त्रिवेदीगंज ले गए।यहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रिफर किया गया। बताते हैं कि ट्रामा सेंटर में घायल ने दरोगा को दर्ज कराए गए बयान में गांव के ही दलित समुदाय के दो सगे भाइयों सुरेश व महेश पर हमला करने का आरोप लगाया हैं। इसी बयान के आधार पर पुलिस ने गांव निवासी दलित समाज के दो सगे भाइयों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है।

## नींद में लघुशंका के लिये उठे मजदूर की छत से गिरकर हुई मौत

**जालौन (उरई)।** छत पर सो रहा युवक रात में लघुशंका के लिए उठा। नींद में अचानक वह छत से नीचे गिर गया। छत से नीचे गिरने के कारण युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पंहुचकर पंचनामा भर कर शव को परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी 30 वर्षीय मजदूर राहुल कुमार गुप्ता पुत्र सुरेंद्र गुप्ता शनिवार की रात को छत पर सो रहा था। रात करीब 11 बजे लघुशंका के लिए उठा। लघुशंका करने के लिए जाते समय वह नींद में था। अचानक वह छत से नीचे गिर गया। छत से गिरकर वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने घटना की सूचना पुलिस की दी। मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंच गए और पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई की। परिवार के लोगों द्वारा पोस्टमार्टम के लिए मना करने के कारण पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया।

# शमशान घाट पर समाजसेवियों ने रोपित किया पौधे

**जैदपुर बाराबंकी**



**पर्यावरण महोत्सव** के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम अभियान को लेकर शनिवार को कस्बा जैदपुर में शिव शंकर धर्मार्थ सेवा समिति जैदपुर के कार्यकर्ताओ एवं समाजसेवियो द्वारा अपने हिंदु समाज के पवित्र स्थल श्मशान घाट ( सुआसत्ती ) पर 124 पौधों का रोपण कर प्रकृति सुंदरता एवं इसकी हरियाली को और अधिक उजागर बनाए रखने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी एव जैदपुर हीरो सेल्स एण्ड सर्विस के प्रबंधक मोहम्मद सालिम ने कहाकि इन दिनों प्लास्टिक का इस्तेमाल हर क्षेत्र में बढ़ा है।यह धरती और मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है।ज्यादा से ज्यादा पौध लगाकर ही इस समस्या ने लड़ा ज सकता है।पेड़ का अवैध कटान व पॉलीथिन का प्रयोग पर्यावरण के लिए सबसे अधिक खतरनाक है।वृक्षो का हमारे जीवन मे बहुत ही अहम योगदान है।वृक्षो से प्राप्त जीवन रक्षक ऑक्सीजन के बिना तो हम लोगों का जीवित रहना असंभव है।इसलिए वृक्षो की सुरक्षा के प्रति हम लोगों को हमेशा सजग रहना चाहिए।अपने एक सम्बोधन मे शिव शंकर धर्म सेवा समिति कार्यकर्ता दिवेश कुमार जयसवाल ने कहा कि वृक्षों से हमें प्राण रक्षक वायु ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है जो कि हम सबके जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है इसलिए हम सब का कर्तव्य बनता है की प्रकृति की सुंदरता को बरकरार बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष पौधो का रोपण किया जाए।समिति कार्यकर्ताओ एवं समाजसेवियो द्वारा शमशान घाट पर बरगद,नींबू,आंवला, अशोक एवं यूकेलिप्टस सहित कुल 124 पौधो का रोपण किया गया।पौधारोपण अभियान मे शामिल प्रमुख लोगो में शैलेंद्र कुमार जयसवाल, दिवेश कुमार जयसवाल,मदन गुप्ता,विवेक मौर्य, राजू यादव,विक्रम सिंह,श्यामू जयसवाल, लालजी गुप्ता, धीरज जयसवाल,त्रिलोकी सोनी,आशीष कुमार रावत, उमाकांत गुप्ता,पत्रकार कृष्ण गोपाल सोनी, समाजसेवी अजमी रिजवी एवं मोहम्मद अकरम सहित अन्य वरिष्ठ एवं गणमान्य लोक उपस्थित रहे।

# बिजली चेकिंग अभियान से मची क्षेत्र में खलभली

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**बिजली विभाग** की ओर से लगातार चलाए जा रहे चेकिंग अभियान से क्षेत्र में खलबली मची हुई है।बिजली चोरी पकड़ने के लिए विभाग की ओर से सुबह-सुबह छापेमारी की जा रही है।इसे मॉर्निंग रेड का नाम दिया गया है।अभियान के तहत बाराबंकी में जैदपुर फीडर के क्षेत्र के नवाबपुर कोडरी मे बिजली विभाग की टीम ने विजिलेंस टीम के साथ छापा मार कर अभियान चलाया।इस चेकिंग मे कुल छः उपभोक्ता को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।यह उपभोक्ता अलग से कटिया डालकर मीटर बाईपास करके चोरी कर रहे थे।विभाग को पता चला था कि कुछ लोग रात मे बिजली चोरी करते हैं। और सुबह कटिया हटा देते है इसी तरह की चोरी को पकड़ने के लिए मॉर्निंग रेड शुरू की गई।अब बिजली चोरी करने वाले कटिया हटाए इससे पहले ही बिजली विभाग की टीम पहुंच जाती है।इसी अभियान के तहत आज नवाबपुर कोडरी मे 6 लोगो को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।एसडीओ संदीप सिंह ने बताया की आज 25 कनेक्शन चेक किये गए जिसमे 7 अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए वही 35 हजार राजस्व वसूली की गई। एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो इस लिये चेकिंग का यह अभियान जारी रहेगाऔर बिजली चोरी करने वालो के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।किसी भी हाल में एक भी बिजली चोर को बक्शा नहीं जायेगा।इस अवसर पर जूनियर इंजीनियर मिर्जा परवेज हुसैन,सुपर वाइजर वकार मेहदी सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

## ओशन अध्यक्ष डॉ सूर्यकांत ने नगर वन में लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे

**इटावा।** उत्तर प्रदेश वन विभाग की अनूठी सामाजिकी पहल पर क्रियान्वयन करते हुए लायन सफारी के सामने स्थापित नगर वन में सघन पौधारोपण किया गया। पर्यावरण एव वन्यजीव संरक्षण के लिए जनपद की समर्पित संस्था ओशन के अध्यक्ष डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी ने पत्नी प्रीति कान्त त्रिपाठी के साथ एक पेड़ मां के नाम के क्रम में अपनी माता कांती देवी त्रिपाठी, पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी सहित घर के बुजुर्गों की याद में नगर वन स्थित मातृ वन में पौधे रोपित किए गए. जिसके अंतर्गत नीम, पीपल, बेलपत्र, ढांक, आम आदि के छायादार पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर संस्था ओशन के महासचिव, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी, वन विभाग इटावा से वन दरोगा रवींद्र मिश्रा एवम नगर वन प्रभारी रमेश राजपूत नगर वन कर्मी रामदास, राम नरेश, चंद्र भान आदि मौजूद रहे।

# एसएमजीआई के बीबीए में प्रियंका व श्रुति ने किया टॉप

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स इटावा के अन्तर्गत संचालित विवेकानन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी (सम्बद्व सीएसजेएमयू कानपुर) में अध्ययनरत् बीबीए के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने शानदार परीक्षा परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्था के डायरेक्टर डा. उमा शंकर शर्मा एवं प्राचार्य ने संयुक्त रूप से बताया कि, हर वर्ष की तरह ही सी एस जे एम यू कानपुर द्वारा घोषित बीबीए के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा का परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा है। बीबीए के द्वितीय सेमेस्टर में प्रियंका यादव ने 82.93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, नलिन द्विवेदी ने 79.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, टिया ने 78.80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, मानसी तिवारी ने 76.53 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ , दिव्या शुक्ला ने 75.46 प्रतिशत के साथ पंचम एवम सीमांजय त्रिवेद्वी ने 74.93 प्रतिशत अंकों के साथ षष्टम स्थान प्राप्त किया है। बीबीए के चतुर्थ सेमेस्टर में श्रुति चौहान ने 81.86 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अन्तरा राजावत ने 80.53 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सुमित ने 77.06 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, मोहिनी चौहान ने 74.8 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं सचिन कुमार कुश्वाहा ने 73.73 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा विवेक यादव ने संस्थान के छात्रों के इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा उमाशंकर शर्मा एवं इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# टोल प्लाजा प्रबंधक ने लगाया 50 लाख की चपत, टीम सहित फरार

**मसौली बाराबंकी।** बाराबंकी बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सहाबपुर टोल प्लाजा के मैनेजर अपने अधीनस्थ टोल कर्मियों के साथ मिलकर 6 माह के अंदर करीब 50 लाख रुपए की चपत लगाकर फरार हो गये है। वर्तमान टोल प्रबंधक सचिन चौहान की तहरीर पर मसौली पुलिस ने निवर्तमान टोल प्रबंधक शिफ्ट इन्जार्ज , एकाउंटेंट सहित 7 लोगो के विरुद्ध गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। बताते चले कि नेशनल हाइवे 927 पर स्थित सहाबपुर टोल प्लाजा पर बीते करीब डेढ़ वर्ष से कोरेल एसोशियट्स कम्पनी द्वारा संचालन किया जा रहा है। टोल प्लाजा के प्रबंधक के रूप मे कार्य करने वाले जनपद फिरोजाबाद के थाना नगला सिकंदर के ग्राम इमिलिया निवासी पुष्पदंत तिवारी पुत्र हरिपाल शर्मा ने अपने सहयोगी एकाउंटेंट राहुल यादव पुत्र गंगा यादव निवासी बघार थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर , शिफ्ट इंचार्ज सिद्धार्थ सिंह पुत्र सुरेंद्र बहादुर सिंह निवासी उत्तरा गौरी लालगंज डलमऊ मोहित सिंह पुत्र अज्ञात चालक मनोज शर्मा (ड्राईवर), सुप्रवाइजर जीतेन्द्र यादव व अभिजीत कुमार पाण्डेय निवास कर्वाताही बाजार गोपालगंज बिहार के साथ मिलकर प्रतिदिन करीब 25 हजार से लेकर 35 हजार रुपये तक च हैंड हेल्ड मशीन से टोल कंपनी से चोरी की जा रही थी। उसके द्वारा हैंड हेल्ड मशीन से रोजाना सैकफो वाहनों की पर्ची काटी जाती और इसकी रकम को कंपनी में जमा कराने की बजाय आरोपी अपने पास रख लेता है। साथ किसी को पता न चले इसके लिए वह मशीन से डाटा डिलीट कर देता। इसका खुलासा कम्पनी द्वारा की गयी आडिट मे किया गया, मामला संदिग्ध लगने पर टोल के एकाउंटेंट राहुल यादव के पर्सनल खाते की जाँच कि गयी तो पता चला कि एकाउंटेंट राहुल यादव के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के व्यक्तिगत खाते मे लाखो रुपये जमा हुए है। बैंक स्टेटमेंट निकालने के बाद चोरी सामने आई, कम्पनी द्वारा हेड आफिस में बुलाये जाने पर ये सभी व्यक्ति रास्ते से ही फरार हो गए है।

# जिलाधिकारी के प्रयासों पर पानी फेर रहे पंचायत के जिम्मेदार

- महादेवा में सफाई व्यवस्था चरमराई

**रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**लोधेश्वर** महादेवा के चल रहे सावनी महोत्सव में जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार की ओर से किये गये अथक प्रयास और उनकी ओर से दिये गये निर्देशों पर ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत सहित सम्बंधित विभाग पानी फेर रहे है।जिसके चलते भारी संख्या में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।मेला क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है।लोधौरा चौराहे पर नाली का गंदा पानी जमा है जिससे भीषण दुर्गंध उठ रही है।मेला बाग में लगे 5 इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं।जिससे शिव भक्तों के लिए पेयजल संकट गहराया है।मंदिर परिसर में बने रैन बसेरा के निकट शौचालय में गंदगी की वजह से बदबू फैल रही है।उसके सामने लगा इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प उपयोग में नहीं है।पर्यटन विभाग की ओर से लगे आरो प्लान्ट से आज तक एक गिलास जल किसी भी शिवभक्त को नसीब नहीं हो सका है वर्ष तमाम गुजरे पानी की टंकी ऊपर से नीचे आ गयी मेले में शिव भक्तों के विश्राम के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किया गया जिससे भक्तों को रात गुजारने में दिक्कतें हो रही है।भक्तों के बीच छुट्टा मवेसी भी विचरण करते हुये पाये जा रहे हैं।जो घोर परेशानी का सबब है जिला पंचायत विभाग द्वारा मेला बाग में की गई विद्युत व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही। भक्तों के जलाभिषेक के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग के मध्य लगी लोहे की जाल में तार निकले हुए हैं।जिससे तमाम भक्त हताहत हो रहे है।सावन मास के तीसरे सोमवार तक भी जिला पंचायत ने मेला मैदान में पंडाल व अस्थाई शौचालय की व्यवस्था नहीं की।अब यह बात अलग है कि एस डी एम पवन कुमार की ओर से मेले की तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को लगातार व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये जाते रहे हैं।

## विकास के नाम पर मंदिरों के समीप बने लघुशंका घर हटवाने से भक्त परेशान

**जालौन (उरई)।** नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की सुबह शाम भीड़ रहती है। मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के आसपास पेशाबघर नहीं है। पेशाबघर न होने के मंदिर आने वाले भक्तों को दिक्कत हो रही है। स्वच्छता अभियान के तहत सरकार साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के साथ ही शौचालय एवं पेशाबघर बनवा रही है। लोगों की सुविधा के लिए जगह जगह जन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं नगर के प्रमुख मंदिर छोटी माता, द्वारिकाधीश मंदिर के पास पहले पेशाब घर बने थे। विकास के नाम पर इन्हें हटा दिया गया। पुराने पेशाबघर हटा देने के बाद नए पेशाबघरों का निर्माण नहीं कराया गया है। बंबई वाला मंदिर, छोटी माता, द्वारिकाधीश, बड़ी माता मंदिर समेत आसपास लगभग आधा दर्जन प्रमुख मंदिर है। इन मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं। मंदिरों के आसपास पेशाबघर न होने के कारण मंदिर में आने वाले भक्तों को दिक्कत होती है। नगर के त्रिलोकीनाथ गुप्ता, भगवती प्रसाद मिश्रा, श्रीगोविंद स्वर्णकार, सुशील कुमार बाजपेयी, अजय कुमार, इंद्रजीत, संतोष कुमार आदि ने बताया कि मंदिरों के आसपास पेशाबघर न होने के कारण आसपास के दुकानदार गलियों में पेशाब करते हैं जिससे संतोषी माता मंदिर के बगल वाली में हमेशा दुर्गंध आती है।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग किशोरों ने सात वर्षीय बालक के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर क्षेत्र निवासी 7 वर्षीय बालक के साथ उसके ही चार साथियों द्वारा अप्राकृतिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित बालक से जानकारी मिलने पर परिजनों द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी नाबालिक आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित बच्चे का पिता उसे लेकर शनिवार की देर रात थाने पहुंचा। पुलिस को बताया कि शाम को रोज की तरह बच्चे के चार साथी उसे खेलने के लिए बुलाने आए।उस समय वह खुद सामने बैठे थे।बताया कि उनका बेटा खेलने जाने के बजाए रोते हुए जाने से मना कर दिया।उन्होंने अपने बेटे से रोने का कारण पूछा तो उसने नहीं बताया।इसी समय पड़ोस के एक अन्य बच्चे ने आकर घटना की जानकारी दी।बताया कि उनके बेटे के चार साथी उनके बच्चे को खेलने के लिए बाग में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करते हैं।पीड़ित बच्चे के पिता ने बेटे से पूछा तो स्तब्ध रह गए।बेटे ने बताया कि चार दिन से उसके साथ दुष्कर्म हो रहा है।साथ ही उसे धमकाया जा रहा है।जिसके बाद पीड़ित पिता ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी।कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित को मेडिकोलीगल के लिए भेजा गया है।बताया कि आरोपित किशोरों को कस्टडी में ले लिया गया है। बाराबंकी न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायालय के आदेश पर फैजाबाद बाल सुधार गृह ले जाया जाएगा।

### महादेवा में बढ़ी शिवभक्तों की आमद

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा में चल रहे सावनी महोत्सव में रविवार के भोर पहर से ही शिवभक्तों की आमद बहुत बढ़ चुकी है।मंदिर के पुजारियो की ओर से तीसरे सोमवार को कई लाख श्रृद्वालुओ के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।रविवार के भोर पहर से ही पैदल एंव भिन्न भिन्न वाहनों से भारी संख्या मे शिवभक्त नर नारियों के जत्थे निरन्तर मेला क्षेत्र में पहुंच रहे थे।समूचा मेला क्षेत्र रविवार की देर शाम तक हर हर बम बम जय जय शिव शंकर के जय उद्घघोषो से गुंजायमान हो चुका था।मालूम हो कि लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिव मंदिर का हजारों वर्षो के पूर्व से ही बड़ा महत्व है।महाभारत काल से लेकर कलिकाल तक की तमाम बड़ी कथाएं आज भी प्रचलित हैं।पांडवों के अज्ञात वाश के समय से लोधेश्वर धाम कुन्तेश्वर मंदिर एंव पारिजात वृक्ष का बड़ा ही महात्म है।देश प्रदेश के सुदूर वर्ती क्षेत्रो से बड़ी संख्या में शिवभक्त यहां पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक करने के लिये आतुर भाव से दौड़े चले आते हैं।लोधेश्वर धाम मे श्रृद्वा की महिमा बहुत पुरानी है।सावन माह भर चलने वाले भूत भावन भोलेनाथ के पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक की कड़ी में प्रत्येक सोमवार को श्रृद्वालुओ की संख्या लाखों में पहुंच जाती है।तीसरे सोमवार को कई लाख शिवभक्तो के पहुंचने की संभावनाओं के मद्देनजर एस डी एम पवन कुमार तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह सी ओ आलोक कुमार पाठक कोतवाल रत्नेश पांडे पुलिस चौकी प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी अपने कर्तव्यों के प्रति मुस्तैद है।

### तेज़ हवा के साथ हुई बारिश से कई पेड़ उखड़े

**इटावा।** रविवार की दोपहर में आए तेज पानी व हवा के चलते कस्बा महेवा में कई पेड़ उखड़ कर 11 हजार की लाइन पर गिर जाने से दिन भर कस्बे की बिजली आपूर्ति बंद रही । विदित हो कि कस्बा महेवा में पशु अस्पताल के सामने खड़े शीशम एवम गुलमोहर के वृक्ष उखड़ गए जिन्हे बिजली विभाग एवम वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए गिरे हुए वृक्षों को हटवाया तथा बिजली के तार जोड़ने का कार्य किया वहीं पशु अस्पताल परिसर में खड़े यू के लिपटस के वृक्ष भी झुककर बिजली के तारों पर गिर गए ।वहीं बिजली विभाग के लाइनमैन राहुल पाल द्वारा उक्त सूचना वन कर्मियों को दी गई तथा वन कर्मियों द्वारा उक्त व्रक्षो का कटान कराकर रास्ता चालू कराया गया तथा बिजली की लाइन जोड़ी गई ।

### ससुराल आये दामाद ने ससुर से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** सुसराल आए दामाद ने ससुर के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। चुर्खी थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र कुमार की ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा में है। शनिवार की सुबह वह अपनी ससुराल आया था। ससुराल आने पर किसी बात को लेकर उसका ससुराल में विवाद हो गया। ससुर संतोष कुमार ने बताया कि वह घर में शराब के नशे में गाली, गलौज कर रहा था। जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो वह मारपीट करने लगा। पीड़ित ससुर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ कार्रवाई की है।

### पहले पी शराब फिर मोहल्ले के लोगों से की गाली गलौज

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ गाली, गलौज व झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी संदीप कुमार शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ गाली, गलौज कर रहा। वहां से निकल रहे लोगों ने जब उसे रोकना चाहा तो वह अभद्रता करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। जिसके बाद मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाश दबोचे

**इटावा।** बकेवर थाना पुलिस व बदमाशों के बीच बीती रात्रि गांव उरेंग के समीप मुठभेड़ हुई जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिऐ भेजा वहीं मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाश के पास से चोरी के मोबाइल एक पल्सर बाइक व एक तमंचा बरामद हुआ है। मामले के संबंध में एस?एसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के गांव उरेंग के समीप पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार किऐ गये है। मुठभेड़ में विश्वास व रवि नाम का बदमाश है। बदमाशों के पास से एक तंमचा 315 बोर व कारतूस बरामद किये गये है। पुलिस ने चैकिंग के दौरान पल्सर बाइक पर सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर करने लगे। आत्मरक्षा करते हुऐ पुलिस ने बदमाशों पर फायर किया जिसमें विश्वास नाम के बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस द्वारा तत्काल घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। दोनों बदमाशों के पास के चोरी व लूट के मुकदमें के दस मोबाइल फोन बरामद व पल्सर बाइक के अलावा एक तंमचा 315 बोर व कारतूस बरामद किये गये।

**अल्टीमेटम**

## पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के लिए दिया अल्टीमेट

# साथी पदाधिकारी के उत्पीड़न पर भड़की राष्ट्रीय व्यापारी सेना

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के उत्पीड़न को लेकर रविवार को शहर के एक होटल में राष्ट्रीय व्यापारी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक दुबे मीडिया से मुखातिब हुए।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने बताया कि संगठन के संरक्षक व प्रतिष्ठित होटल और दवा व्यवसाई नवमी लाल गुप्ता के द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नयाघाट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप सभी विधिक औपचारिकताओं को पूर्ण करके वास्तविक स्वामी से जरिए बैनामा आठ कमरों का भवन खरीदा गया है।इसे हथियाने और इस पर कब्जा करने की नीयत से अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय कलकत्ता के कथित पदाधिकारी प्रियनाथ चट्टोपाध्याय,उनकी पत्नी इंद्राणी चट्टोपाध्याय तथा उनके कुछ सहयोगियों द्वारा सुनियोजित तरीके से शोषण व उत्पीड़न का प्रयास किया जा रहा है।इस प्रयास की शुरुआत श्री गुप्ता, उनकी पत्नी तथा कुछ अन्य लोगों को नामजद करते हुए एक फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के साथ हुई जिसमें तत्कालीन एसपी सिटी विजयपाल सिंह तथा स्थानीय पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट लगाने के बावजूद विपक्षियों और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की सांठगांठ से इसकी तीसरी बार जांच कराई गई जिसमें फिर से अंतिम रिपोर्ट लग गई।इससे खीझे विपक्षियों द्वारा श्री गुप्ता तथा उनके पुत्र को फिर से फंसाने के उद्देश्य से दो फर्ज़ी मुकदमे दर्ज कराए गए जिसमें एक मुकदमे में उनके पुत्र की नामजदगी गलत पाई गई तथा दूसरे मुकदमे में बगैर साक्ष्य के अभियुक्तों के दबाव व प्रभाव में आरोप पत्र लगा दिया गया जिसके विरुद्ध अपील की गई है।इस दौरान विपक्षियों द्वारा इनके भवन पर कब्जे का प्रयास कर कर्मचारियों से दुर्व्यहार किया गया




जिसके इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मौजूद हैं।व्यापारी नेता श्री गुप्ता द्वारा जिले के सभी पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।मजबूरन तत्कालीन एडीजी जोन लखनऊ के निर्देश पर श्री गुप्ता तथा उनके गार्ड की तरफ से विपक्षी प्रियनाथ चट्टोपाध्याय,इंद्राणी चट्टोपाध्याय तथा उनके सहयोगियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं के दो मुकदमे दर्ज किए गए जिसमें श्री गुप्ता के गार्ड द्वारा विधिवत जांच के बाद दर्ज कराए गए मुकदमे में तत्कालीन सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम द्वारा काल डिटेल रिकॉर्ड को दरकिनार कर होटल की एक पर्ची के आधार पर अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई।इसकी शिकायत फिर से एडीजी जोन लखनऊ से की गई है और जांच वर्तमान सीओ अयोध्या को मिली है।इसी क्रम में श्री गुप्ता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र लगाने की तैयारी है और जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा दोनों आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।इतना ही नहीं,कुछ दिनों पहले प्रियनाथ चट्टोपाध्याय के सहयोगी आकाश जायसवाल, अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से निष्कासित विरागानंद और उनके स्थानीय सहयोगियों द्वारा सुनियोजित तरीके से श्री गुप्ता को धमकाने तथा उसके भवन में जबरन घुसकर बैग उठा ले जाने का आपराधिक कृत्य किया गया।इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की गई किन्तु कोई कार्रवाई न होने पर जिला एवं सत्र न्यायालय की शरण ली गई है।माननीय न्यायालय तथा शासन का निर्देश होने के बावजूद श्री गुप्ता के साथ घटित किसी भी घटना का मुकदमा बगैर जांच के नहीं दर्ज किया गया और जो मुकदमा दर्ज भी किया गया उसमें विपक्षियों को राहत देने का भरपूर प्रयास किया गया।इसके विपरीत उन्हीं निर्देशों को दरकिनार कर विपक्षियों की ओर से श्री गुप्ता के विरुद्ध दर्ज किए गए किसी भी मुकदमे की प्रारंभिक जांच नहीं की गई जो न केवल स्थानीय पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली का दोहरा मापदंड है बल्कि विपक्षियों से सांठगांठ का संकेत भी है।राष्ट्रीय व्यापारी सेना जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए श्री गुप्ता का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न और शोषण बंद करने,सरकार की मंशा के अनुरूप केवल इन्हें ही नहीं बल्कि ऐसी प्रताड़ना से त्रस्त जिले के सभी व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस या सुरक्षा देने तथा व्यापारी नेता श्री गुप्ता द्वारा दर्ज कराए गए विभिन्न मुकदमों के आरोपितों के विरुद्ध साक्ष्य और गुण दोष के आधार पर न केवल आरोप पत्र लगाने बल्कि गुंडा व गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग करती है।यदि पंद्रह दिनों के अंदर जिले स्तर के अधिकारियों संगठन की यह मांगें पूरी नहीं की गई तो संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रपत्रों और साक्ष्यों के साथ उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराएगा और यदि इसके बाद भी कारवाई नहीं की गई तो संगठन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।





# मेहंदी घाट पर जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

## जिलाधिकारी ने गंगा को स्वच्छ रखने के लिए किया प्रोत्साहित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




गोष्ठी में जागरूक करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिला गंगा** समिति के तत्वाधान में मेहंदी घाट पर जनजागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने गंगा से जुड़े गंगा प्रहरी, गंगा दूत और स्थानीय बच्चों को गंगा से जुड़कर उनको स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

जिला परियोजना अधिकारी ने गोष्ठी में उपस्थित सभी गंगा सेवको से गंगा कूड़ा कचरा, कपड़ा न डालने के लिए आग्रह किया तथा अधिक से अधिक लोगो को गंगा से जोड़ने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार, उपजिलाधिकारी सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, भारतीय वन्य जीव संस्थान के फील्ड असिस्टेंट शाबान खान, गंगा प्रहरी अर्चना, प्रतिभा, शिवानी, अकांक्षा, सूरज सहित आदि लोग रहे।

### झोलाछाप के उपचार से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**तिर्वा।** हसेरन के एक झोलाछाप चिकित्सक के इलाज से एक युवक की हालत बिगड़ गई। कानपुर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पीड़ित ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। साधन सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष कश्मीर सिंह के पुत्र विनोद कुमार उर्फ कल्लू की तबीयत खराब होने पर उसको उपचार के लिए कस्बे के एक झोलाछाप चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कराया गया। यहां झोलाछाप की दवा से उसकी हालत और बिगड़ गई। परिजन उसको लेकर बिधूना स्थित एक अस्पताल में पहुंचे। यहां से उसको कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत पर परिजन शव को वापस लेकर घर लौट आए।

# पुलिस अधीक्षक ने परिवार परामर्श केन्द्र का किया शुभारंभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद द्वारा महिला थाना परिसर में स्थित ÷परिवार परामर्श केन्द्र÷ का फीता काटकर शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन किरण के अंतर्गत परिवार परामर्श केन्द्र में ऐसे दंपतियों का सुलह समझौता कराया जाता जिनके बीच मनमुटाव, झगड़ा और वे काउंसलिंग के लिए तैयार है। पूर्व से ही पुलिस कार्यालय में स्थित परिवार परामर्श केंद्र अच्छा काम कर रहा है। इस वर्ष अभी तक 179 परिवारों की काउंसलिंग कर उनके परिवार को टूटने से बचाकर उनकी जिंदगी में रंग भरने का काम परामर्श केन्द्र ने किया है। परिवार परामर्श केन्द्र बेहतर सुविधाओं के साथ शुरू किया गया है जहाँ पर आने वाले परिवारों को अच्छा महसूस हो और पुलिसकर्मियों द्वारा उनसे वार्ता कर उनके परिवारों को बिखरने से बचाया जा सके।बताया कि परामर्श केन्द्र में काउंसलर को भी जोड़ा जाएगा जो टूटते रिश्तों को जोड़ने में पुलिसकर्मियों के साथ-साथ अहम योगदान देंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा प्रियंका वाजपेयी सहित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## खबरें चलते-चलते

### अनियंत्रित होकर पलटा टैक्टर, चालक दबा

**तिर्वा। थाना** इंदरगढ़ क्षेत्र के रतनपुर डयोढा गांव में ट्रैक्टर से खेत जोतने जाते समय एक ट्रैक्टर अनियन्त्रित होकर पलट गया। जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह युवक को टैक्टर से नीचे निकालकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। रविवार को थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के रतनपुर डयोढा गांव निवासी 20 वर्षीय सचिन पुत्र सतीश कुमार अपना टैक्टर लेकर खेत जोतने जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चला रहा युवक सचिन उसके नीचे दब गया। ट्रैक्टर को पलटते देख खेतों में काम कर रहे आस-पास के ग्रामीण दौड़ पड़े किसी तरह ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक को बाहर निकाला टैक्टर के नीचे दबने से युवक का एक हाथ टूट गया व शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं गंभीर रूप घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार कराया जा रहा है।

### 26 को निकलेगी भगवान श्रीकृष्ण की पालकी यात्रा

**तिर्वा।** कस्बे के रामेश्वर धाम में रविवार को श्रीकृष्ण सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने 26 अगस्त को निकलने जा रही श्रीकृष्ण पालकी यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की। आयोजित बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण की पालकी यात्रा कस्बे में निकाली जाएगी। यह यात्रा रामेश्वरम धाम से शुरू होकर सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम तक जाएगी। इस यात्रा को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है।

### युवती को भगा ले जाने की परिजनों ने दी तहरीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सिलसिले आसनाई एक युवती को युवक दो महिलाओं के सहयोग से जेवरात व नगदी सहित बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की दोपहर उसकी पुत्री को मोहल्ले का ही एक युवक दो महिलाओं के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। महिला ने बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ सोने चांदी के जब रात सहित अस्सी हजार रुपए की नगदी भी ले गई है। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### लापता हुआ वृद्ध की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन की सुबह एक वृद्ध घर पर बिना बताए कहीं चला गया परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी तस्लीम खान पुत्र मेराज उर्फलड्डन द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की सुबह उसके 60 वर्षीय पिता मेराज उर्फ लड्डन घर पर बिना बताए कहीं चले गए। उसके द्वारा पास पड़ोस सहित रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### जड़ी बूटी दिवस पर हवन पूजन कर मनाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज ।** श्रीराम गेस्ट हाउस समय सुबह 7ः00 बजे जड़ी बूटी दिवस मनाया गया इस अवसर पर योगाचार्य सत्य राम यादव ने हवन कर वेद मंत्र द्वारा आचार्य श्री बालकृष्ण महाराज जी का 52 व जन्म दिवस जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया उन्होंने आचार्य जी को दीर्घायु की कामना की इस मौके पर कमलेश गुप्ता बबली सीमा योग गुरु जिला प्रभारी सत्य राम यादव सुरेश शास्त्री सुभाष फौजी सर्वेश शाक्य योगेंद्र सिंह यादव सुनील कुमार श्याम सिंह मास्टर साहब अजीत राकेश दुबे दरोगा अभिलाख सिंह सतीश शर्मा अजय यादव संदीप गुप्ता राहुल गोल्डन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिवस के रूप में मनाया आदि लोग मौजूद रहे।

# जन आरोग्य मेले में मरीजों को निशुल्क दी गई दवाइयां

- दो ब्लॉकों की पांच पीएचसी पर 188 मरीजों को मिला उपचार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



पीएचसी जसपुरापुर सरैया मेले में मौजूद स्वास्थ्य टीम

शासन ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें निशुल्क जांच के साथ दवाई वितरित करने के निर्देश है। इसके तहत जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव ने 33, जलालाबाद में डॉ इफराक हुसैन ने 62, अनौगी में डॉ उदयवीर ने 32 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की। इसी क्रम में गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चियासर में डॉ देवदत्त राजपूत ने 37, पीएचसी कीरतपुर में डॉ सरोज ने 24 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। चिकित्सकों के मुताबिक बुखार, जुखाम, खांसी मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सों ने मरीजों को बदलते मौसम में सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान फार्मासिस्ट ओमकार, नवीन सचान, सीमा सचान, वार्ड बॉय रवि कुमार, सहित समस्त स्टाफ रहा।

### चौपाल में ग्रामीणों की अफसरों ने सुनी समस्याएं निस्तारण के दिये निर्देश

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देश पर प्रधान की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर अफसरों ने समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर, आलमपुर पंचायत सभागार में प्रधान अरुणा देवी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की चौपाल लगाई गई जिसमें ब्लांक तालग्राम एडीओ अरविंद कुमार व एडीओ मुनीश कुमार गौर के सामने ग्रामीणों ने वृद्धावस्था पेंशन बाल पोषाहार राशन न मिलने जैसी कई शिकायतों से अफसरों को अवगत कराया गया जिनको सुनने के बाद मौके पर निस्तारण कराया गया कुछ ग्रामीणों ने आवास न मिलने की समस्या को उठाया गया जिस पर एडीओ अरविंद कुमार ने कहा जिन लोगों के पक्का मकान बना हुआ है उन्हें किसी कीमत पर आवास का लाभ नहीं मिल सकता है। इसके साथ अफसरों को हैण्ड पम्प रिवोर कराने जैसी शिकायतों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव विमल दुबे, प्रधान प्रतिनिधि रामस्वरूप यादव, रोजगार सेवक बृजेश कुमार, छोटा यादव, भोला यादव, मनोज कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाइक से रवाना हुए कांवड़ श्रृद्धालुओं का किया गया स्वागत



**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**बाइक सवार** कांवड़ श्रृद्धालुओं का नगर में रवाना होने से पहले फूल माला डालकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया

रविवार को कस्बा समधन के ठाकुर द्वारा में करीब एक दर्जन से ऊपर कांवड़ श्रृद्धालु हर वर्ष की तरह इस बार भी अपनी-अपनी बाइको से काफिले के तहत पूर्णागिरी के लिये रवाना होने से पहले इन सबके ऊपर पुष्प वर्षा करते हुऐ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

इस कांवड़ यात्रा में अर्जुन शाक्य, दीपू वाथम, राजा वाथम,राजकुमार राजा शर्मा ,सोनू कठेरिया, कुमोद पाल, प्रमोद पाल, दीपक पाल, राहुल यादव, रिंकू सक्सेना, शिवहरी सक्सेना, आदेश कुमार,आदि ने बताया कि पहले गोला गोकर्णनाथ से पूर्णागिरी नेपाल सिद्धेश्वर महराज आदि धार्मिक मन्दिरों का दर्शन करते हुऐ वापस लौटगे।

# युवती से जबरन धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाले दो गिरफ्तार

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला
- काफी समय से युवती को कर रहे थे ब्लैकमेल

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में मौजूद दोनो आरोपी — समृद्धि न्यूज

**इंदरगढ़ थाना** क्षेत्र में युवती से पांच बर्षो तक ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने व धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले आरोपी युवक व उसके भाई को इंदरगढ़ पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने छेड़ीपुर गांव निवासी सिराजुद्दीन पुत्र मो0 नबाव व उसके भाई रियाजुद्दीन समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उक्त सिराजुद्दीन ने उसका नहाते समय एक वीडियो बना लिया था। जिससे वह उसको ब्लैकमेल करता था और जबरन उसके साथ दुष्कर्म भी करता था। उक्त आरोपियों ने उसको बंधक बनाकर उसपर धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर रियाजुद्दीन व सिराजुद्दीन दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के मुताबिक मामले में अन्य चार आरोपी अभी फरार है। उनको जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# नवजात के साथ पत्नी को पीटकर घर से निकाला

- पीड़िता ने इंदरगढ़ पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



इंदगढ़ थाने में शिकायत करने पहुंची पीड़िता — समृद्धि न्यूज

**इंदरगढ़ थाना** क्षेत्र के महादिउरा गांव में रविवार को एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर डेढ़ माह की नवजात के साथ घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित महिला ने इंदरगढ़ थाने पहुंचकर पति के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। थाना क्षेत्र के कलसान गांव निवासी स्वाती पुत्री कल्लू ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब पांच बर्ष पूर्व उसका विवाह मैनपुरी निवासी कुलदीप के साथ हुआ था। करीब डेढ़ माह पूर्व उसकी एक पुत्री हुई थी। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत ठीक नहीं है। जब उसने अपने पति से उपचार कराने को कहा, तो पति ने उसके साथ मारपीट की। रविवार को पति ने महिला व उसके नवजात को घर से निकाल दिया। महिला ने इंदरगढ़ थाने में पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि महिला मुकदमा दर्ज नहीं कराया चाहती है। वह पति से समझौता चाहती है। दोनो पक्षों को बुलाया गया है। दोनो पक्षों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाँछित एक अभियुक्त को थाना तालग्राम पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ तालग्राम कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**पुलिस अधीक्षक** जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में कपूर कुमार प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक/थानाध्यक्ष तालग्राम द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरजेश कुमार पुत्र नेतराम वर्मा निवासी ग्राम तिलकपुर सहार थाना सहार जनपद औरैया द्वारा तहरीर दी कि वादी की भान्जी निकेता को उसके माता- पिता द्वारा प्रताड़ित करना तथा भान्जी के साथ मारपीट कर आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करना जिससे तंग होकर वादी की भांजी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में दी गयी। 1.संजीव कुमार पुत्र सतीश चन्द्र 2.धन देवी पत्नी संजीव कुमार निवासी गण ग्राम भोजापुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज पंजीकृत किया गया । जिसमें पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये कपूर कुमार प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक/थानाध्यक्ष तालग्राम द्वारा मय पुलिस बल के मुखबिर खास की सूचना पर छिबरामऊ अण्डर पास के नीचे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता धन देवी पत्नी संजीव कुमार राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम भोजापुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# डगा मार वाहनों को डबल डेकर बसे 4 साल बाद फिर से चालू की गई

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**शहर जयपुर** दिल्ली प्राइवेट डबल डेकर बसो का जाना आना शुरू हो गया है फर्रुखाबाद चौराहे पर कुकुरमुत्ता की तरह से जगह-जगह दुकानों पर अलग-अलग फार्मो के नाम से पोस्टर ब बैनर लग गए हैं कोई तो रामराज के नाम से कोई चतुर्वेदी के नाम पर जगह-जगह ऑफिस बना लिए गए हैं भोली वाली जनता को फिर से लूटने का काम शुरू हो गया है पुलिस के चंद कदम की दूरी पर डगा मार वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया है जिससे भोली वाली जनता को अवैध वसूली का काम चालू हो गया है डबल डेकर बसे हैं 2020 से डगा मार वाहनों पर सरकार द्वारा शिकंजा कस दिया गया था कि अब डबल डेकर बस नहीं चलेगी क्योंकि सन 2020 में एक बहुत बड़ी घटना डबल डेकर बस से प्रेमपुर गुलैया के पास डबल डेकर बस में जाते समय आग लग गई थी आग लगने में लगभग 70 सवारी जलकर राख हो गई थी कई परिवार बर्बाद गए थे ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार ने जिले के प्रशासन व शासन को निर्देश दिया था कि किसी कीमत पर डगा मार बाहन डबल डेकर बसे किसी कीमत पर चलेगी नहीं क्योंकि जब यह घटना 2020 में हुई थी पूरे उत्तर प्रदेश में हां कर मच गया था डबल ट्कर बस में कम से कम सवारी 110 थी जिसमें अचानक बस में आग लगने से 70 सवारी जलकर राख हो गई थी और कुछ तो परिवार पूरे पूरे जल गए थे जिनकी मिट्टी भी नहीं मिल पाई थी ऐसे में फर्रुखाबाद जिले वी कन्नौज जिले में सन्नाटा छा गया था इन दोनों जिलों की आसपास की सवारियां थी कुछ सवारी छिबरामऊ के मोहल्ला जेर किला और ऐसी स्थिति देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरी तरह से लगाम कस दी थी कुछ छिबरामऊ गुरसहायगंज के एजेंट जिला प्रशासन कोतवाली छिबरामऊ में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जिसमें छिबरामऊ ब गुरसहायगंज के एजेंट जेल भेजे गए थे और बस मालिक के खिलाफ भी मुकदमा किया गया था छिबरामऊ गुरसहायगंज के एजेंट जमानत पर आने पर फिर सेअपना गोरख धंधा चालू कर दिया गया जिससे प्रशासन कोई बड़ी घटना का इंतजार देखना चाहती है ऐसे में जिला प्रशासन ब स्थानीय प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए की ऐसी कोई 2020 में घटना हुई कोई दोबारा घटना ना हो जाए ऐसे में 2020 से लेकर 2023 तक स्थानीय प्रशासन जिला प्रशासन ने पूरी तरह से इन डगा मार वाहनों को डबल डेकर बसों को रुकावट की गई थी अब इन एजेंटों ने कोई ना कोई स्थानीय प्रशासन से साठ गांठकर ली है जिससे शाम को 8ः00 बजे से लेकर 9ः00 बजे तक जयपुर दिल्ली जाने वाली बसें फर्रुखाबाद चौराहे पर एकत्रित होती हैं वहां से द्वारा जयपुर दिल्ली भेजी जाती हैं पुलिस चौकी चंद कदमों की दूरी पर खुलेआम डगा मार वाहनों को छूट दी जाती है ऐसे में आम जनता का कहना है कि अभी तक इन बसों पर रुकावट लगा दी गई थी अब यह क्यों चल रही है आम जनता की मांग है कि जिला प्रशासन व आईटीओ ब स्थानीय प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए नहीं तो 2020 जैसी घटना दोबारा ना हो जाए इन माफियाओं पर शिकंजा कासना चाहिए जबकि सन 2020 में गुलिया प्रेमपुर के बीच में यह घटना हुई थी जबकि 2 साल तक जिस बस में आग लगी थी वहीं घटनास्थल पर पड़ी रही जब-जब लोगों ने उसे बस को दिखा तो दिल ढल जाता था यह सन 2020 में घटना होने से पूरे शहर में एक सन्नाटा सा बीत गया था क्योंकि 70 सवारी जलकर राख हो गई थी हड्डी भी नहीं मिली थी उन परिवारों के लोगों ने जब-जब डबल डेकर बेस देख लेते हैं उनके दिल ढल जाते हैं क्योंकि इन बसों की लंबाई या ज्यादा होती हैं और अंदर को जगह जरा भी नहीं होती है इन बसों में 140 सवारी से लेकर 160 सवारी तक आती हैं फर्रुखाबाद चौराहे पर कुकुरमुत्ता की तरह से बैनर पोस्टर लगाकर डगा मार वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है शाम 5ः00 बजे से ही डायरी पेन लेकर भोली वाली जनता को ठगने का काम शुरू कर दिया जाता है ऐसी स्थिति में छिबरामऊ कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय पुलिस कोई बड़ी घटना को इंतजार कर रही है फर्रुखाबाद चौराहे पर जगह-जगह पर पोस्टर व बैनर लगाकर कोई तो रामराज के नाम पर लगाए कोई चतुर्वेदी बस के नाम से लगाए कोई रिंकू बस सर्विस के नाम से लगे शाम होते ही जयपुर दिल्ली वाली बसें डबल डेकर डगा मार वाहनों को शाम 8ः00 बजे दिल्ली जयपुर जाने के लिए रवाना की जाती हैं जबकि शहर की बात जहानगंज चौकी के बीचो-बीच डगा मार वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है पुलिस अपनी आंखों को मोड़कर वहां से चली जाती है खुलेआम एजेंट डगा मार वाहनों को चलवा रहे हैं जबकि छिबरामऊ व गुरसहायगंज के एजेंट 2020 की घटना में कम से कम 15 15 दिन के लिए जेल भेजे गए थे फिर जमानत पर आकर इस काम को करने में तेजी से अपने काम को बढ़ावा दे रहे हैं यह बसे मानक के अनुरूप नहीं चल रही है चलती होती तो 2020 से लगातार जिला प्रशासन ने इस पर रुकावट लगा दी थी क्योंकि इनके मानक पूरे नहीं थे इसीलिए जिला प्रशासन ने रुकावट की थी कन्नौज जिले के जब तक आरटीओ ओझा साहब रहे जब तक कन्नौज जिले में डबल डेकर बसे नहीं घुस पाई उनका ट्रांसफर होने पर वैसे ही डगा मार वाहन अपनी चरम सीमा पर चलने लगे हैं छिबरामऊ से फर्रुखाबाद जाती हैं फर्रुखाबाद से छिबरामऊ होते हुए जयपुर दिल्ली के लिए रवाना की जाती हैं इसका मुख्य अड्डा फर्रुखाबाद चौराहे परचून के खो-खो के दुकानों पर फर्मों के नाम लिखकर अपने-अपने फोटो लगाकर एजेंट प्रचार प्रसार करने में लगे हुए हैं अब यह देखना है कि योगी सरकार के आदेशों का कितना पालन जिला प्रशासन ब स्थानीय प्रशासन मान्य करते हैं।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# बाढ़ का दंश झेल रहे साधु संतों ने बयां किया दर्द

**जिला प्रशासन से बाढ़ राहत सामग्री की दरकार**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ढाईघाट गंगा** तट पर कुटिया बनाकर रह रहे साधु संत बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। उनका कहना है कि बाढ़ का पानी उनकी कुटिया में घुस गया है। जिससे उनकी खाद्य सामग्री आदि भीग गयी है, जबकि प्रशासन ने उनकी कोई सुधि अभी तक नहीं ली है।

जानकारी के अनुसार गंगा नदी में विभिन्न बैराजों से छोड़े गये पानी से कई गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। ढाईघाट गंगा तट पर कुटिया बनाकर रह रहे साधु संत भी इससे अछूते नहीं हैं। वह भी बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। उनका कुटिया में पानी भर गया। जिससे कुटिया में रखा सारा सामान भीग गया है। अब उनके सामने खाने पीने का संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन ने अभी तक उनकी सुधि नहीं ली है। जिससे उनमें प्रशासन के प्रति रोष है। उनका कहना है कि अभी तक कोई का कोई भी अधिकारी उनके हालचाल लेने नहीं आया है। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से बाढ़ राहत सामग्री बांटी जा रही है, जबकि हम साधु संतों को बाढ़ राहत सामग्री से वंचित रखा जा रह है। साधु संतों ने कहा हम मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हैं कि हम साधु संतों का भी दुख दर्द सुनें। साधु ब्रह्मानंद, अमृतानंद, तुलसी चेतन, जगन्नाथ प्रताप दास, गुरु चरण दास, प्रेमदासी, माया मस्त, मुनि मनोहर दास, राघव दास, महात्मा रामदास, राधे गोविंद, मेघनाथ, राघव दास, शिवानंद, मोहनानंद, छबीलानंद, सनकी बाबा सागर दास, फरारी बाबा श्यामानंद नारायण दास, सत्य मुनि मस्तगिरी लक्कड़ दास, कल्याण दास, मलैया वाले बाबा, योग स्वरूप भगवान दास, सर्वेशानंद, मोहिनाथ, रामनाथ, हरिदास, सोनपाल दास ,नरेंद्र दास, राम चैतन्य, प्रेमपुरी आदि साधु संत कल्पवास कर रहे हैं।


अपने दर्द को बयां करते साधु संतगण — समृद्धि न्यूज

# शिव भक्तों से गुलजार हुआ ढाईघाट गंगा तट

**जल भरकर गोलागोकर्णनाथ के लिए हुए रवाना**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** शिव भक्तों का एक जत्था शमशाबाद ढाईघाट गंगा तट पर कलान तहसील से चलकर आया। जिसमें शिव भक्तों की संख्या 17 थी। शिव भक्त मोटरसाइकिल से सवार होकर ढाई घाट गंगा नदी पर आए और पतित पावनी मां गंगा तट पर स्नान ध्यान पूजन अर्चन कर शिव को जलाभिषेक करने के लिए गोला गोकर्णनाथ के लिए बम-बम भोले के उद्घोष करते हुए रवाना हो गये। इस दौरान शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गेरुआ वस्त्र धारण किये कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारे लगा रहे थे। शिव भक्तों का कहना था हम लोग कई वर्ष से इसी प्रकार शिव को प्रसन्न करने के लिए गोला गोकर्णनाथ जाकर जलाभिषेक करते हैं और पटना में भी भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं। बताते चलें कि सावन के महीने में शिव भक्तों का आना जाना रहता है, लेकिन आज ज्यादा संख्या में शिव भक्त पहुंचे। जिससे गंगा तट पर बैठे पंडा एवं दुकानदारों के चेहरों पर खुशी दिखायी दी। शिव भक्तों में मुकेश, रिंकू, मोनू, अजय, सुधीर, मोनू, हरपाल, मुखराम, राहुल, संजीव, सोनू, रवी, राजेश, नंदराम, राजेंद्र, सोनू, नन्नू शामिल रहे।


ढाईघाट गंगा तट पर मौजूद कांबड़िये — समृद्धि न्यूज

# पानी में उतराता मिला भट्ठा मजदूरी की पत्नी का शव

**चार दिन पूर्व मायके जाने के लिए घर से निकली थी**

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**चार दिन** पूर्व घर से मायके जाने की कहकर घर से निकली भट्ठा मजदूर की पत्नी का शव पानी में उतराता मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव बमियारी निवासी इंद्रपाल उम्र 45 वर्ष फर्रुखाबाद बरेली हाईवे स्थित निबिया चौराहा स्थित भट्ठा पर मजदूरी का कार्य करता है। चार दिन पूर्व पत्नी शिवानी अपने पति से लड़ झगड़ कर मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी। 4 अगस्त सुबह ग्रामीणों ने निबिया दहिलिया मार्ग पर अमोद कुमार के मकान के पीछे भरे पानी में महिला का शव उतराते देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने थाना राजेपुर को अवगत कराया। जानकारी पर पहुंचे दलबल के साथ थाना अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सोलंकी ने जांच पड़ताल कर मौका मुआयना किया। इसी बीच जानकारी पर पहुंचे इंद्रपाल ने कपड़ों से अपनी पत्नी मृतक शिवानी की पहचान की। उप निरीक्षक अक्षय कुमार ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूत्रों के अनुसार मृतका शिवानी शराब पीने की आदी थी। इसी को लेकर आए दिन पति-पत्नी में विवाद हुआ करता था। खबर लिखे जाने तक मृतका के पति ने किसी के विरुद्ध कोई तहरीर नहीं दी। थाना अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया जांच पड़ताल चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इससे पहले कुछ कहना सही नहीं है।


पंचनामे की कार्रवाई करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# बाइक से गिरकर पांच कांवड़िया घायल

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**गोलगोकर्णनाथ** कांवर चढ़ाने जा रहे बाइक सवार पांच कांवड़िये बाइक फिसलने से घायल हो गये। जिसमें से एक को लोहिया में भर्ती कराया गया।


जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के इटावा-बरेली हाईवे डबरी मोड़ के निकट मार्ग दुर्घटना में अमन पुत्र रामकृपाल निवासी ग्राम पकड़िया, हाकिम निवासी शाहजहाँपुर, सुमित पुत्र नन्हे सिंह निवासी पीलीभीत, रवि पुत्र राम देव निवासी शाहजहाँपुर, अनुराग पुत्र धर्मपाल निवासी पीलीभीत व कामू पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी इटोरिया जलालाबाद सहित 5 कांवड़िया घायल हो गये। घायल अमन को लोहिया अस्पताल भेजा गया। अमन ने बताया की वह गंगा जल लेकर गोला जाने वाले थे, लेकिन सड़क खराब होने से उनकी बाइक फिसल गयी। उपनिरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि बाइक फिसलने से कांवड़िया घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक के ज्यादा चोट आयी, लेकिन शेष चार को कम चोटें आयी हैं।


लोहिया अस्पताल में इलाज करवाता कांवड़िया

## खबरें चलते-चलते

### तीन घरों का ताला तोड़कर चोरों ने पार की नकदी व सामान

**चौथे स्थान पर चोरी करने में नाकाम रहे चोर, पुलिस ने की जांच**


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर चोरों ने तीन घरों से नगदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि गॉव नर्सिंगपुर निवासी विनोद उर्फ रक्षपाल प्रजापति के घर में घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया। जहां बक्से का ताला तोड़र उसमें रखी 11 साड़ी, दो हजार रुपये, 21 बर्तन पीतल के चोरों ने चोरी कर लिये। वहीं दूसरी घटना में चोरों ने जनार्दन उर्फ हृदयराम के घर में नकब लगाकर बक्से में रखा सामान चार साड़ी, तोड़ियां, मंगलसूत्र व पांच हजार की नकदी पार कर दी। इसके अलावा चोरों ने राकेश राठौर के मकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं टूटा। चौथी घटना में अनवार खां के बन्द मकान का तोला तोड़कर सेफ में रखा सामान चोरी कर लिया। बक्से के भी ताले तोड़े। गृहस्वामी के आने पर ही पता चले सकेगा कि चोर क्या-क्या सामान चोरी कर ले गये हैं। घटना की सूचना प्रधान ने पुलिस को दी। एक साथ तीन चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

### पिता-पुत्र पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने का आरोप


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश में पिता पुत्र ने फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला दिल्ली ख्याली कूंचा निवासी आदेश वर्मा पुत्र सुरेश चन्द्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीती रात लगभग 9.30 बजे अपने घर की बैठक में पुत्र के साथ बैठे थे। आदेश वर्मा की कास्मेटिक की दुकान है। आरोप है कि उसी दौरान रोहित, स्वागत मिश्रा पुत्र प्रेम शंकर व प्रेम शंकर निवासी दिल्ली ख्याली कूंचा आदि आये उन्होंने 5 हजार की रंगदारी मांगी। आरोपियों ने आदेश और उनके पुत्र देवांश वर्मा पर फायरिंग कर दी। गोली घर के गेट पर लगे टायल्स पर लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये। जिस पर आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गये। वहीं देवांश वर्मा ने आरोप लगाया कि उन्होंने एक आरोपी को पकड़ भी लिया और तिकोना चौकी पुलिस को सौंप दिया, लेकिन पुलिस ने उसे ले देकर छोड़ दिया। बताते हैं कि बीते दो दिन पूर्व आदेश वर्मा व उनके पुत्र देवांश वर्मा ने एक युवक की पिटाई कर दी थी। जिसमें रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया था। मामले में पीड़ित पक्ष नें पुलिस को तहरीर भी दी, लेकिन बाद में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया था।

# कालेज के चौकीदार को मारी गोली, चार पर आरोप


लोहिया में भर्ती चौकीदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**साइकिल से** जा रहा कालेज का चौकीदार गोली लगने से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम गढ़िया बबुरारा निवासी 52 वर्षीय रणवीर पुत्र लालमन ने बताया की वह नवाबगंज से सब्जी लेकर एसकेएम इंटर कालेज की तरफ साइकिल से जा रहा था। उसी दौरान कालेज मालिक की खरीदी गयी भूमि के पास पहुंचा, तभी पहले से मौजूद राजीव रंजन सहित लगभग चार अन्य लोगों ने उसके गोली मार दी। मौके से गुजर रहे बाइक सवार जावेद ने रणवीर को सड़क किनारे पड़ा देखा, तो लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर फिल्ड यूनिट की टीम लोहिया अस्पताल पहुंची और साक्ष्य संकलित किये। थानाध्यक्ष नवाबगंज आमोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को अभी तक कोई सूचना नहीं है। रणवीर पक्ष पर दो दिन पूर्व मुकदमा दर्ज हो चुका है। फिलहाल तहरीर मिलने पर जाँच की जायेगी।

# पानी से भरे गड्ढे में डूबने से बालिका की मौत


मृतक बच्ची का फाइल फोटो

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**बाढ़ के** पानी से भरे गड्ढे में डूबने से बालिका की मौत हो गयी। स्वजनों ने चार घण्टे बाद शव को बाहर निकाला। उपजिलाधिकारी, नायब तहसीलदार व पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बालिका की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। शव को पीएम हेतु भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी विपिन की तीन वर्षीय पुत्री शिवांगी रविवार सुबह 10 बजे घर से दादी के पीछे गयी थी। दादी जानवरों को चारा डालकर घर चली आयी। उसी समय पैर फिसलने से बालिका गड्ढे में भरे बाढ़ के पानी में डूब गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। काफी समय बीतने के बाद भी बालिका के घर न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन की। खेतों के खेल रहे बच्चों ने घटना की सूचना स्वजनों को दी। चार घण्टे बाद स्वजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद बालिका के शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार, नायब तहसीलदार मनीष वर्मा व थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने पुलिस बल के साथ जांच की। शव पीएम हेतु भेज दिया गया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतका की मां सुभाषिनी रो-रोकर बेहाल हो गयी। मृतका चार भाई बहनों जितिन, प्रतिज्ञा व हरिओम में तीसरे नंबर की थी। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।


रोते बिलखते परिजन — समृद्धि न्यूज

## सेक्स रैकेट चलने की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा, तीन महिलायें व युवक गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने लंबे अरसे से चल रहे कस्बे के तिराहे पर सेक्स रैकेट का खुलासा कर वहां से तीन महिलाओं तथा पुरुषों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। कस्बा नवाबगंज स्थित बबना तिराहा पर काफी लंबे अरसे से सेक्स रैकेट चल रहा था। जिसमें थाना पुलिस कई बार कर छापेमारी कर चुकी थी, लेकिन पुलिस को महिलायें हाथ नहीं लग रही थीं। जिस पर बीते थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समस्त थाना पुलिस को साथ लेकर घेराबंदी कर एक मकान से तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने सभी पर शांतिभग की कार्यवाही की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार ने बताया की इस रैकेट पर लगातार नजर बनाए रखना है।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज**

**गंगा में** जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी तटवर्ती गांवों में पहुंचने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। संपर्क मार्ग पर पानी भरने से स्कूल जाने वाले बच्चे उसमें घुसकर निकल रहे हैं। स्कूल जा रहे मासूम कभी भी अनहोनी का शिकार हो सकते हैं।

क्षेत्र के गांव टपुआ चौड़ेरा की आबादी 700 के आसपास है, लेकिन यहां कोई विद्यालय न होने से इस गांव के विद्यार्थी दूसरे गांवों में स्थित स्कूल में पढ़ने जाते है। गंगा में आई बाढ़ से दूसरे गांव जाने के सभी मार्गो में पानी भरने से आवागमन बंद हो गया है। टपुआ चौड़ेरा गांव के करीब तीन दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं का नामांकन पांच किमी दूर कमरूद्दीन नगर व रौकरी के विद्यालयों में है। विद्यालय जाने के लिए इन सभी छात्रों को बाढ़ के पानी से गुजरना पड़ता है। इस दौरान बच्चों के स्कूल बैग और किताब, कापी भींगने का भी डर रहता है। इसके साथ ही अधिक बारिश होने पर गंगा की धारा तेज होने पर नदी पार कर स्कूल जाना भी मुश्किल हो जाता है। जिससे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। इस गांव के ग्रामीणों की मांग है कि गांव में स्कूल बनवाया जाए। जिससे कि बच्चों को पढाई की समस्या न आए। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने अपनी समस्या को उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया, लेकिन सिवाय आश्वाशन के कुछ हाथ नहीं आया।


जगह-जगह कटा रास्ता — समृद्धि न्यूज

**बैठक** — एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने अपराधियों की बुलायी बैठक

# हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को सुधरने का दिया जायेगा एक मौका

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस कप्तान** के निर्देश पर थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र के अपराधियों की बैठक बुलायी। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराधियों को सुधरने का एक मौका दिया जायेगा। यदि वह सुधरना चाहें तो सुधर जायें, अन्यथा जेल जाने की तैयारी कर लें।

कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में जिले के कप्तान की पहल पर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीसीटर अपराधियों को थाने पर बुलाया और उनसे वार्ता की तथा उनको सुधारने का मौका देने की बात कही। पहले बारी-बारी से सभी हिस्ट्रीसीटरों को उन्होंने परिचय लिया फिर उनके क्राइम के बारे में जानकारी की तथा 60 वर्ष से ऊपर के अपराधियों को उन्होंने निगरानी समय से दूर करने की बात कही। बताया कि अब इनके ऊपर निगरानी नहीं की जाएगी। फिलहाल सभी अपराधियों को महीने में दो बार यानी 15 दिवस के अंदर एक बार थाने जाकर हाजिरी देने की बात कही। उन्होंने बताया कि जो अपराधी सुधारना चाहते हैं उनका पूर्ण मौका दिया जाएगा और यदि जो अपराधी महीने में दो बार आएगा और हाजिरी देगा और वह सुधारने का मौका चाहता है, तो उसको सुधारने का मौका दिया जाएगा। जिससे कि समाज में उसकी भी छवि बन जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद सिंह, एसएसआई राम सिंह, दरोगा संतोष कुमार, कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम खान, बबना चौकी इंचार्ज योगेश कुमार, थाने के हेडमोहर्रिर वीरेंद्र प्रताप सिंह, आलोक कुमार सिंह, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


अपराधियों को समझाते थानाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय दलालों का अड्डाः राजेश निराला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**माध्यमिक** शिक्षणेत्तर संघ की बैठक में संयोजक राजेश निराला ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय दलालों का अड्डा बन गया है। माध्यमिक विद्यालयों के कुछ शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर नेता दलालों की भूमिका निभा रहे है। मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में शिक्षणेत्तर संघ की बैठक में संयोजक राजेश निराला ने कहा कि डीआईओएस नरेन्द्र सिंह भले एवं सज्जन अधिकारी है, लेकिन कार्यालय पर कुछ पटल पर सहायकों द्वारा उनके नाम पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। बिना सुविधा शुल्क लिये कोई काम नहीं होता है।


बैठक को सम्बोधित करते राजेश निराला — समृद्धि न्यूज

प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह यादव ने कहा कि सरकार यदि पुरानी पेंशन बहाल नहीं कर सकती तो सांसद और विधायकों की भी पुरानी पेंशन बंद करें। उन्हें भी एनपीएस में शामिल किया जाये। प्रांतीय मंत्री कृष्ण कुमार बाजपेयी ने कहा कि पुरानी पेंशन के नाम पर सरकार बताये कि सांसद और विधायक सरकारी नौकर है या समाज से है। प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र कुमार अग्निहोत्री ने एसीपी की पत्रावलियों के निस्तारण की मांग की। अनूप कुमार मिश्रा ने कहा कि मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का अर्जित अवकाश अपडेट किया जाये। संदेश कुमार ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर विचार रखे। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राजीव यादव, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, अवनीश कुमार, जितेन्द्र बाबू, विमलेन्द्र सिंह, यशपाल यादव, प्रताप सिंह, राजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# स्टाल लगाकर कांवड़ियों को डा0 राजीव पाठक ने कराया पूड़ी सब्जी का भोज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सावन माह में भगवान भोलेनाथ की कृपा सभी पर बरसती रहे। इसके लिए कांवड़िया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते है और पैदल कांवड़ यात्रा ले जाकर भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना करते है। सूरज प्रकाश गोपिका रानी सेवा समिति द्वारा सूरज हॉस्पिटल के संचालक समाजसेवी डा0 राजीव पाठक ने भण्डारे का आयोजन किया। इटावा-बरेली हाइवे मार्ग पर सूरज हॉस्पिटल के सामने टेंट लगाकर राहगीरों व कांवड़ियों को पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भण्डारे का आयोजन हुआ। पूड़ी सब्जी व आरओ वाटर की व्यवस्था की गई। हॉस्पिटल के चेयरमैन राजीव पाठक ने कहा कि यह सेवा जारी रहेगी और कांवड़ियों से उन्होंने हाल चाल लेकर हौसला आफजाई की।


कांवड़ियों को प्रसाद वितरित करते डा. राजीव पाठक

## खबरें एक नजर में

### भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर गंगा समिति ने किया वृक्षारोपण


वृक्षारोपण करते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत एवं हरियाली अमावस के पावन अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने पांचाल घाट पहुंचकर दो वट वृक्ष का रोपण किया। समिति ने सभी से आवाह्न किया कि हरियाली महोत्सव के अन्तर्गत सावन माह में पौधे अवश्य लगाये और उनका संरक्षण करें। जिससे पुण्य मिलता है। भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों पर कृपा बरसाते है। सभी ने भगवान भोलेनाथ का पांचाल घाट पर जलाभिषेक कर बेल पत्र व फल, दूध आदि चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की और आने जाने वाले भक्तों और राहगीरों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। देर शाम गंगा आरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह, किशन बाथम, सर्वेश मिश्रा, नीतू मिश्रा, आलोक चतुर्वेदी, सिरमीत कटियार, हरिओम बाथम, राजेंद्र बाथम, आशीष मिश्रा, अनुज प्रताप सिंह, राजीव वर्मा, पवन मिश्रा, देव चतुर्वेदी, माव्य कटियार आदि मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल, भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गलत साइड से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। जिससे शिक्षिका का सिर फट गया और वह घटना स्थल पर लहूलुहान होकर बेहोश हो गयी। राहगीरों ने घायल शिक्षिका को भोलेपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। गायत्री इंटरनेशल स्कूल की गाड़ीखाना निवासी शिक्षिका सौम्या सक्सेना पुत्री निशीत सक्सेना स्कूटी से स्कूल जा रही थी। भोलेपुर हनुमान मंदिर के निकट गलत साइड से आ रहे ई-रिक्शा ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार शिक्षिका सौम्या सक्सेना का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर सड़क पर बेहोश हो गयी। आसपास के लोगों ने घायल शिक्षिका को भोलेपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया और फोन द्वारा सूचना परिजनों को दी। सूचना पर आनन-फानन में परिजन पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि शिक्षिका सौम्या के सिर में पांच टांके आये और उसका सिटी स्कैन कराया गया।

### गाली देने से मना करने पर दी जानमाल की धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सादिकपुर निवासी सुखराम पुत्र राम प्रकाश ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया दिनांक 3 अगस्त को समय करीब 8.00 बजे अपने खेत पर गया था। उसी समय गांव का ही सौरभ पुत्र संतोष कुमार वहां आया और समर के पानी को लेकर गाली-गलौज करने लगा। गाली देने से मना किया, तो नहीं माना। उसी समय मेरी पुत्री श्यामा उम्र करीब 19 वर्ष भी वहां आ गई। उसने भी लड़ाई झगड़ा करने को मना किया। उसे भी स्कूल जाते समय देख लेने की धमकी दी। पीड़ित का कथन है उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने जांच का कार्रवाई करने को कहा।

### बीमार चल रही किशोरी की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी रिधा उम्र 14 वर्षीय पुत्री फैमीद खाँ जो की कन्या विद्यापीठ इण्टर कालेज में कक्षा 9 कि छात्रा थी। वह बीते लम्बे समय से बीमार चल रही थी। उसका उपचार दिल्ली में चल रहा था। आज उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शव घर आते ही मृतक की माँ शमीला सहित आदि परिजनों मे कोहराम मच गया।

### पुत्र के गायब होने की दर्ज करायी गुमशुदगी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सितवनपुर निवासी रामफेरे पुत्र सीताराम ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मैं दिनांक 13 जुलाई को अपनी पत्नी सुधा देवी के साथ पानीपत एक शादी समारोह में गया था, तभी मेरा पुत्र अनमोल घर पर रह गया था। वह कमलपुर निवासी विकास कुमार पुत्र नामालूम के घर गया था। तब से अभी तक वापस नहीं आया। पिता रामफेरे ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला। थक हारकर पिता ने थाने में गुमशुदी दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा है।

### 25 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह छापेमारी कर गौकशी के आरोपित शमसुल निवासी इकलहरा को दबोच लिया। पुलिस आरोपित को थाने ले आयी। पुलिस ने बताया आरोपित पर पच्चीस हजार का इनाम था। दोपहर बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# आदर्श रामलीला मण्डल के मंत्री प्रबल त्रिपाठी व बारात संयोजक राजेश कसेरे पुनः बने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आदर्श रामलीला** मण्डल की बैठक भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के मानस मंच पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता लक्ष्मीकांत गुप्ता ने की। उन्होंने पिछले साल का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत कर नई कमेटी की प्रक्रिया पर प्रस्ताव रखा। समस्त सदस्यों द्वारा स्वीकार किया गया कि अध्यक्ष एवं सदस्यों की सहमति से प्रबल त्रिपाठी को पुनः मंत्री बनाया गया। राजेश कसेरे को बारात का संयोजक चयनित किया गया। बांकी कमेटी यथावत रखी गई है। सभी ने एक स्वर में स्वीकार किया। आय व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष संजीव दीक्षित ने प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक रुप से प्रस्ताव दिया गया कि भारतीय पाठशाला इंटर कालेज की दशहरा बजरिया फील्ड में मनाने की अनुमति दी जाये। साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में रजिस्टर्ड कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के बाद सभी ने रामलीला मण्डल के पूर्व संरक्षक अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ व रामलीला कमेटी के पूर्व मंत्री कपिल गुप्ता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर जयप्रकाश नारायन गुप्ता, प्रशांत दीक्षित, धर्मनारायन शुक्ला, मोहित शुक्ला, प्रबल त्रिपाठी, संजीव दीक्षित, वैभव शुक्ला, राजेश कसेरे, राजेश मिश्रा, मुन्नालाल, कृष्ण अवतार दुबे, अनुज शुक्ला, शिवांग रस्तोगी, दुर्गेश पाण्डेय, अनुपम पाण्डेय, कालीचरण मिश्रा, राजीव पाण्डेय, आशीष, रामनिवास गुप्ता, सूर्य प्रकाश भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।


आदर्श रामलीला मण्डल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# समाचार पत्र विक्रेता के निधन से पत्र विक्रेताओं में शोक की लहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीमारी के चलते उपचार के दौरान समाचार पत्र विक्रेता मौत हो गयी। इस घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी तो कोहराम मच गया। वहीं समाचार पत्र विक्रेताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला दालमण्डी निवासी विजय उम्र 47 वर्ष कुछ समय से बीमार चल रहे थे। जिनका उपचार कानपुर के एक अस्पताल में चल रहा था। रविवार सायंकाल 4 बजे दुखद समाचार आया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। समाचार पत्र विक्रेताओं को अपने साथी विजय की मृत्यु के बारे में पता लगा तो उनमें शोक की लहर दौड़ गयी। समाचार पत्र विक्रेता विजय लम्बे समय से हमारे समाचार पत्र का वितरण का कार्य देख रहे थे। इस घटना से पत्नी, दो पुत्री व दो पुत्रों के अलावा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समृद्धि परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति व दुखी परिवार को अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।


मृतक का फाइल फोटो

# जन आरोग्य मेले में 220 मरीजों को वितरित की गई दवा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक स्वास्थ्य** केंद्र अमृतपुर में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 220 मरीजों को दवा का वितरण किया गया।

डॉ0 गौरव राजपूत ने जानकारी दी कि मेले में बाढ़ के भरे पानी की वजह से में डायरिया, दस्त, तेज बुखार, उल्टी, सिर दर्द, बदन दर्द, चक्कर आना, खाज खुजली, सीओपीडी, अस्थमा, दमा आदि बीमारियों के मरीज पहुंचे। ज्यादातर मरीज इस समय दाद खाज खुजली के आ रहे हैं।अस्पताल में 25 मलेरिया, 10 टाइफाइड, 7 टीबी, 18 डायबिटीज और 2 हीमोग्लोबिन (एचबी) की जांच की गई। डॉ0 गौरव ने बताया कि इस समय बुखार के मरीजो की संख्या बढ़ रही है। जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ गई है। इस मौके पर डॉ0 गौरव राजपूत के साथ फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन सोनाली पाल, एएनएम शोभना अवस्थी आदि सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने मिलकर मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्वास्थ्य विभाग के इस सक्रिय प्रयास से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है और वे इस प्रकार के आयोजनों की सराहना कर रहे हैं तथा एंटी रेबीज के भी आज दो मरीजों को इंजेक्शन लगाए गए।

# 11 अगस्त को नगर में निकाली जायेगी कांवड़ यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** पण्डाबाग मंदिर में अखिल भारत हिन्दू महासभा व जयभोले बाबा कमेटी के द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। 11 अगस्त को पांचाल घाट से पाण्डेश्वरनाथ मंदिर तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा पर विचार विमर्श हुआ। जय भोलेबाबा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने सभी कांवड़ियों से अनुरोध किया है कि फार्म उपलब्ध है उन्हे भरकर जमा कर दें। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा कि सर्वसम्मति से कांवड़ यात्रा की रुपरेखा तय की गई है। जिसमें 11 अगस्त को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक गंगा स्नान, 9 बजे पूजन के पश्चात सभी कांवड़ियां गंगा जल भरकर पांचाल घाट से पाण्डेश्वरनाथ मंदिर के लिए रवाना होंगे। पांचाल घाट से होते हुए खानपुर कादरीगेट, घुमना, चौक, पल्ला से होते हुए रेलवे रोड पाण्डेश्वरनाथ मंदिर पर कांवड़ यात्रा पहुंचेगी। जहां भक्तगण जलाभिषेक कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना करेंगे। साथ ही प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस मौके पर क्रांति पाठक, सौरभ मिश्रा, संतोष, मोनू, सत्यम, सचिन, भनप्रताप आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में कांवड़ यात्रा को लेकर चर्चा करते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# भाकियू प्रदेश अध्यक्ष अवधेश चौधरी ने ग्रामीणों की सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज गुट के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह व जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह एवं कन्नौज जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और जहानगंज स्थित प्राइमरी पाठशाला व आवासों में भरा पानी देखकर नाराजगी जतायी।

जहानगंज में बरसाती पानी भराव से कन्या पाठशाला एवं प्राइमरी पाठशाला जहानगंज एवं आसपास के ग्रामीणों के आवासों के अन्दर भरा पानी जनजीवन बेहाल हो गया है। साथ ही ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी पिछले सप्ताह प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई अमल नहीं किया गया। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द निजात दिलाने का कार्य करेंगे। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार को भी अवगत कराया जायेगा। इस दौरान प्रदेश सचिव ब्रजेन्द्र यादव, जयप्रकाश सिंह, सुधीर यादव, सर्वेश सिंह यादव, सत्यम राठौर, पंकज यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


ग्रामीणों के साथ बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष

# मंदिर परिसर में केक काटकर जन्मदिन मनाने पर हिन्दू संगठनों में रोष

- कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारत** हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक ने कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सावन माह में मांस, मछली, अंडा आदि की बिक्री पर रोक लगी है। फिर भी मंदिर परिसर में केक काटा गया है।

क्रांति पाठक ने ज्ञापन देकर मांग की है कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार मंदिर क्षेत्र के आसपास अण्डा, मांस, मछली की बिक्री पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद कुछ लोग अंडे से निर्मित केक लेकर मंदिर परिसर में आकर काटकर अपना जन्मदिन मनाते है। यह सार्वजनिक अनुचित नहीं है। पूजा स्थल व मंदिरों में हम हिन्दू और सनातनी पूजा करते है। ऐसे में मंदिर परिसर में केक काटकर भावनाओं को ठेस पहुंचायी गई है। इस कृत्य से शिव भक्तों में रोष है। मामले को संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाये।


कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपते क्रांति पाठक

# सावन माह में भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का धूमधाम से गंगा तट पर हुआ पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा मइया** स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट (निकट दुर्वाषा ऋषि आश्रम) गंगा तट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन व हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में 536वां आयोजन समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय ने किया। समिति के सदस्यों ने गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत से अभिषेक कर गंगा मइया का अभिषेक कर दीपदान आरती की। समिति के सदस्य नवनीत मिश्रा के संयोजन में सभी सदस्य रामलखन शुक्ला, शिवम शुक्ला, श्याम पाठक, ऋषभ मिश्रा, अमृत गुप्ता सहित भारी संख्या में उपास्थि श्रद्धालुओं ने भगवान पार्थिवेश्वर नाथ मइया गंगा को प्रसन्न कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।


भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन करते सत्यव्रत पाण्डेय

# आरोग्य मेले में 51 मरीजों ने करायीं जांचें

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक स्वास्थ्य** केंद्र फैजबाग में आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों ने पहुंचकर अपनी जांचें करवायीं और दवाइयां लीं।

रविवार को उप स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मरीज को देखा गया और फार्मास्स्टि वीरेंद्र सिंह द्वारा मरीजों को दवाइयां भी दी गईं। मरीजों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारी के साथ-साथ अन्य होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। एएनएम निर्मला तिवारी, एएनएम शशी सक्सेना द्वारा महिला लाभार्थियों को परिवार नियोजन के बारे में भलीभांति जानकारी दी गई। आने वाले मरीजों की संख्या 51 रही। जिसमें 08 डायबिटीज के निकले। बाकी खांसी, जुखाम, बुखार, दाद, खाज, खुजली के देखे गए और दवाइयां दी गईं। साथ ही मरीजों को बीमारियों से बचने के लिए भी जागरुक किया गया। कहा गया कि आपने घर के आसपास साफ-सफाई रखें। जिससे संक्रामक बीमारियां न फैल सकें। इस मौके पर फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत, एएनएम निर्मला तिवारी, एएनएम शशी सक्सेना, राजेश कुमार वार्डब्याय आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



मेले में मौजूद चिकित्सक व मरीज — समृद्धि न्यूज

# किसानों के लिए सब्सिडी जारी रहेगी : शिवराज

## मोदी सरकार के आने बाद देश में नया विश्वास आया व खेती किसानी में नया युग आरंभ हुआ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में खेती किसानी के कल्याण और विकास के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि लागत घटाने के लिए सब्सिडी जारी रहेगी। श्री चौहान ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार के आने बाद देश में नया विश्वास आया और खेती किसानी में नया युग आरंभ हुआ। कृषि क्षेत्र का उत्पादन बढ़ा है और लागत घटी है।



किसानों को प्राकृतिक आपदा में राहत दी गयी है। आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित पृथ्वी रहनी चाहिए। इसके लिए सरकार ने दीर्घकालीन योजना बनायी है।

उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए काम करती रहेगी। किसान अन्नदाता है और देश की रीढ़ है। सरकार पीछे नहीं हटेगी और निरंतर समर्थन देना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में खेती के लिए सिंचाई की व्यवस्था नहीं की गयी थी जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। श्री मोदी ने नदियों को आपस में जोड़ा है जिससे किसानों को उनकी भूमि को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। सरकार का सूक्ष्म सिंचाई की योजनाओं के लिए काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए पानी मूल आवश्यकता है। इसके लिए भूजल का स्तर बढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है। सरकार ने सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरु की है जिससे क्षेत्र सिंचित में तेजी से वृद्धि हुई है। श्री चौहान ने कहा कि कृषि की पैदावार बढ़ रही है और उत्पादन को रखने के लिए भंडारण क्षमता बढ़ाई गयी है। एक विशेष योजना के अंतर्गत बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए नवाचारों के लिए भी जरुरत है। कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) के पोर्टल ई - नाम पर एक 77 लाख किसान मौजूद है।

### दस साल के दौरान खाद्यान्न, दलहन और तिलहन का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ रही

कृषि मंत्री ने कहा कि दस साल के दौरान खाद्यान्न, दलहन और तिलहन का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार के भारी दबाव के बावजूद उर्वरक की कीमतों में वृद्धि नहीं की गयी है और किसानों के लिए सब्सिडी बढ़ाई गयी है। कीमतों का भार किसानों पर नहीं डाला गया है।

उन्होंने कहा कि यूरिया की 45 किलोग्राम की एक बोरी पर सरकार 2100 रुपए की सब्सिडी देती है। किसानों को यह बोरी 266 रुपए में मिलती है। इसीतरह से डीएपी पर भी सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को सस्ता खाद देती रहेगी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार दलहन और तिलहन की पूरी खरीदी करती है और आगे भी करती रहेगी। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से उनके उपज की खरीद करती है। किसानों की शरबती गेहूं और बासमती चावल के दाम बहुत अच्छे मिलते हैं। विदेशों में भी इनकी बहुत भारी मांग है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्याप्त खरीद करती है। सरकार ने एक करोड़ 70 टन दलहन खरीदा है। कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने किसान क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था नहीं की थी। भाजपा सरकार ने इसकी व्यवस्था की। किसानों को भारी ब्याज से छुटकारा मिला है। अभी तक 25 लाख करोड़ रुपए की ब्याज सब्सिडी दी जा चुकी है। किसानों को तीन-चार प्रतिशत की दर से कर्ज उपलब्ध कराया जाता है। फसल बीमा योजना में सुधार किया गया है और किसानों को राहत दी जा रही है। अभी तक आठ करोड़ 73 लाख दावे निपटाये जा चुके हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है।

## गंदेरबल में बादल फटा भूस्खलन के कारण श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले में रविवार को बादल फटने के कारण हुए भूस्खलन की वजह से रणनीतिक श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी और बताया कि इससे धान के खेतों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि कावचेरवान कंगन इलाके में बादल फटने से भूस्खलन हुआ, जिससे श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। साथ ही धान के खेतों को भी नुकसान पहुंचा। मलबे में कई वाहन फंस गये और पानी के कारण घर जलमग्न हो गये, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा। पडवबल के पास सड़क पर एक नहर ओवरफ्लो हो गयी, जिससे सड़क पर काफी कीचड़ जमा हो गया है। जम्मू-कश्मीर यातायात पुलिस ने कहा, कावचेरवान कंगन इलाके में बादल फटने के कारण श्रीनगर करगिल मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

## ट्रंप ने माना कि पुतिन ने कैदियों की अदला-बदली पर की बड़ी डील

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों के साथ कैदियों की अदला-बदली पर एक बड़ा समझौता किया है। अमेरिका, रूस, जर्मनी और अन्य पश्चिमी देशों ने गुरुवार को 24 कैदियों की अदला-बदली के लिए एक समझौता किया है, जो शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला बदली समझौतों में से एक है।

श्री ट्रंप ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक अभियान कार्यक्रम में कहा, ÷वैसे, मैं व्लादिमीर पुतिन को एक और बड़ा सौदा करने के लिए बधाई देना चाहता हूं। साथ ही उन्होंने कैदियों की अदला-बदली की परिस्थितियों पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि इस सौदे में वर्तमान अमेरिकी प्रशासन की ओर से ÷भयानक÷ गलतियाँ है। इससे पहले श्री ट्रंप ने यह समझौता करने के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन की आलोचना की और इसके तथ्यों और रूस को नकद भुगतान की संभावना के बारे में सवाल पूछे। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने गुरुवार को पुष्टि की कि कई नाटो देशों में हिरासत में लिए गए आठ रूसी घर लौट आए हैं। उन्हें लेकर एक विमान गुरुवार देर रात अंकारा से मॉस्को के वनुकोवो-2 हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां श्री पुतिन ने उनका स्वागत किया। बदले में रूस ने 16 लोगों को रिहा कर दिया है, जिनमें सात रूसी और पांच जर्मन नागरिक शामिल हैं। एक रूसी खुफिया सूत्र ने गुरुवार को बताया कि घर लौटने वाले रूसियों की सूची में आर्टेम डुल्त्सेव, अन्ना डुल्त्सेवा, पावेल रूबत्सोव, वादिम कोनोशचेनोक, मिखाइल मिकुशिन, रोमन सेलेज़नेव, व्लादिस्लाव क्लाइशिन और कई नाबालिग बच्चे शामिल हैं।

# सभी वर्गों के उत्थान से साकार हो सकता है विकसित राजस्थान का सपना : भजनलाल

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार हो सकता है। इसलिए राज्य सरकार ने राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में उनके सुझावों को शामिल करते हुए प्रावधान किए हैं।



श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवार के हितों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। कर्मचारी हमारे समाज के गौरव हैं, जो अपने जीवन का अधिकांश समय राज्य की सेवा में समर्पित करते हैं। कर्मचारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अपने परिवारों के साथ समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं। पेंशनर्स का अनुभव और ज्ञान राज्य के विकास के लिए अमूल्य संपत्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के कल्याण के लिए वेतन विसंगति संबंधी सुधार, अधिकतम ग्रेच्युटी राशि में वृद्धि, पेंशन वृद्धि, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनसे कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 वर्ष से अधिक आयु पर बढ़ी हुई दर से पेंशन की सुविधा प्राप्त है। अब हमने 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए भी पांच प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिए जाने की घोषणा की है। साथ ही, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अनुरूप गत एक अप्रैल के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन गणना के लिए एक जुलाई, 2023 से एक काल्पनिक वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

## पुणे में बाढ़ का कहर, सेना के 105 जवान तैनात

**मुंबई।** पुणे में रविवार को सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश और खडक़वासला बांध से मुथा नदी में पानी छोड़े जाने से निचले इलाकों में शहर में बाढ़ का कहर बरपने लगा है। सिंहगढ़, एकता नगर आदि इलाकों की कई सोसाइटियों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इन इलाकों में बाढ़ प्रभावितों को निकालने के लिए भारतीय सेना के 105 जवानों को तैनात किया गया है। पुणे में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें कर रही है। पुणे के बांध क्षेत्रों में भी लगातार बारिश हो रही है। आज सुबह से खडक़वासला में सात मिलीमीटर बारिश हुई है। पनशेत वरसगांव में 14 मिलीमीटर बारिश हुई है। यरवदा में 16 मिलीमीटर बारिश हुई है। मुलशी तहसील के कुंभेरी में 54 मिमी, तम्हिनी में 31 मिमी और लवासा में 17 मिमी बारिश हुई है। इसलिए उपमुख्यमंत्री ने बांध क्षेत्रों का जलस्तर 65 फीसदी तक ही रखने का आदेश दिया है।

## कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि में ज्ञान विज्ञान संकाय की स्थापना होगी

एजेंसी

**दरभंगा।** बिहार के प्रतिष्ठित कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर लक्ष्मीनिवास पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय में संचालित संकायों के अलावा एक नया संकाय आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय की स्थापना होगी, जिसके अस्तित्व में आते ही स्नातकोत्तर डिप्लोमा समेत अन्य कई कोर्स स्वतः इस संकाय के अधीन आ जाएंगे।

विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में आयोजित विद्वत परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि बैठक में न सिर्फ छात्र हितों को लेकर दूरगामी फैसले लिए गए हैं,बल्कि मिथिला की परम्परा को और सुदृढ़ करते हुए लोक हितों का भी भरपूर ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि इतिहास में यह व्यवस्था पहली बार होगी कि अब आमजनों को मांगलिक कार्यो एवं संस्कारों को सम्पादित करने के लिए कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय विशेषज्ञ पुरोहित उपलब्ध कराएगा। इसके लिए अब इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं है। सिर्फ आमजनों को पुरोहित के मानदेय की राशि ही जमा करनी होगी। यह नई व्यवस्था बहुत जल्द मूर्त रूप लेने जा रही है। कुलपति श्री पांडे ने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि रखा जाय। छात्र ही विश्वविद्यालय की रीढ़ है। इनकी समस्याओं को हल करने के लिए खासकर कॉलेजो को पहल करनी चाहिए। इससे उनकी परेशानी कम होगी और अनावश्यक इसके लिए उसे दौड़-धूप नहीं करनी होगी। शास्त्र परम्पराओं को भी सुदृढ़ करना है और नई शिक्षा नीति के तहत आधुनिक बहुविषयक शिक्षा को भी बढ़ाना है।

## खबरें एक नजर में

### आयुर्वेदिक यूनानी फार्मेसिस्ट संघ की बैठक गांधी भवन में संपन्न



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय आयुर्वेदिक यूनानी फार्मेसिस्ट संघ उ0प्र0 के प्रान्तीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश पान्डेय के तत्वावधान में राजकीय आयुर्वेदिक यूनानी तदर्थ फार्मेसिस्ट संघर्ष समिति उ0प्र0 ने वर्ष 1989 मे विज्ञप्ति से 1990 में साक्षात्कार से नियुक्त वर्ष 1991 मे तदर्थ रूप से नियुक्त फार्मेसिस्टों का वेतन रिकवरी तथा 2007 से लेकर 2013 तक आयुर्वेद निदेशालय उ0प्र0 द्वारा गलत विनियमितिकरण होने के कारण नवीन पेंशन से आच्छीद करने तथा वेतन से रिकवरी करने के कारण रविवार को गांधी भवन कैसरवाग लखनऊ मे बैठक की गई। 5 दिसम्बर 2024 को महानिदेशक आयुष उ0प्र0 से जवाहर भवन मे मिलेंगे पूरे प्रदेश से तदर्थ रूप से नियुक्त सेवारत तथा सेवानिवृत्त फार्मेसिस्टों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रान्तीय महामंत्री भी रवीन्द्र कुमार शुक्ला प्रान्तीय कोषाध्यक्ष प्रवेश कुमार सिंह आय व्यय निरिक्षक राममनोहर दूवे प्रान्तीय संयुक्त मन्त्री राम बचन मौर्या तदर्थ संघर्ष समिति उ0प्र0 के संरक्षक शम्भुनाथ यादव प्रदेश अध्यक्ष योगेश वाजपेई महामंत्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष मु0 मुस्तफा खान उपाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला आयव्यय निरिक्षक रमेश चन्द्र सयुक्त मंत्री वृजेश चौवे सहित अध्यधिक संख्या में तदर्थ फार्मेसिस्ट उपस्थित हुए चन्द्रप्रकाश पान्डेय प्रान्तीय अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया।

### कांग्रेस की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं उद्धव ठाकरे : नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर उद्धव ठाकरे की टिप्पणी का जवाब केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने दिया है। रविवार को पटना पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि अमित शाह उन सभी के दुश्मन हैं जो देश के दुश्मन हैं। उद्धव ठाकरे कांग्रेस की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और लगातार हिंदुओं को पीड़ा पहुंचाकर बाला साहेब ठाकरे की आत्मा को चोट पहुंचा रहे हैं। बीते तीन अगस्त को पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला था। उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया था। आज से मैं अमित शाह को अब्दाली ही बोलूंगा। अगर आप मुझे नकली संतान बोलेंगे तो मैं तुम्हें अब्दाली बोलूंगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान को लेकर भाजपा हमलावर है।

### अमरनाथ यात्रा पर 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**जम्मू।** नगर के भगवती नगर आधार शिविर से 1,112 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। अब तक 36 दिन में 4.90 लाख से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। रविवार सुबह 3.25 बजे भगवती नगर यात्री निवास से 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था दो सुरक्षाबलों की निगरानी में घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 11 वाहनों का पहला काफिला 204 यात्रियों को लेकर उत्तर कश्मीर बालटाल बेस कैंप के लिए और 39 वाहनों का दूसरा काफिला 908 तीर्थयात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय पर समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालु पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग या उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। इस वर्ष यात्रा 52 दिन चलेगी और 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहारों के दिन संपन्न होगी।


### म्यांमार की पार्टी ने आतंकके खिलाफ लड़ाई में रूस से समर्थन मांगा

**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार की सबसे बड़ी पार्टी यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (यूएसडीपी) ने रूस से देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिये समर्थन मांगा है। यूएसडीपी के अध्यक्ष खिन यी ने स्पूतनिक के साथ एक साक्षात्कार में रविवार को कहा, 卐हम चाहते हैं कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारे साथ मिलकर काम करे। ऐसा करने के लिए, हमें पहले यह महसूस करना होगा कि म्यांमार में जो हो रहा है उसे आंतरिक राजनीतिक झगड़े के रूप में नहीं, बल्कि आतंकवाद के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि आप इसे आतंकवाद के रूप में पहचानते हैं, तो आपके विभाग और एजेंसियां ??जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में लगी हुई हैं, हमारे साथ जुड़ सकती हैं।

### कार एवं ट्रक में टक्कर, चार लोगों की मौत, छह घायल

**जयपुर।** राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के भगवतगढ़ के पास रविवार सुबह कार एवं ट्रक के बीच टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के विक्रमगढ़ निवासी एक ही परिवार के थे। वे सभी उत्तराखंड के बद्री विशाल में श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने के लिए गये थे, जहां परिवार की एक महिला की कथा सुनने के दौरान मौत हो गई।

### राजनीति में भी क्रीमी लेयर लागू करे उच्च न्यायालय व सरकार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच प्रांतीय अधिवेशन गाँधी सभागार कैसरबाग, लखनऊ (उ.प्र.) में सम्पन्न हुआ। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक रामबहादुर ने तथागत बुद्ध एवं बोधिसत्वबाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलकर बुद्ध वंदना एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर कार्यक्रम को शुरूआत किया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें प्रदेश भर के अधिकांश जनपदों से संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया। इस मौके पर वक्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के संविधानिक पीठ ने अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति के भीतर विभाजन करके आरक्षण की व्यवस्था लागू कर सकने के लिए जो निर्णय दिया है। उसको निराशाजनक एवं सवर्ण मानसिकता वाला निर्णय माना है। इससे रिक्तियों न भरने के लिए उपयुक्त उम्मीदवार न भरने जैसे बहाने और सशक्त होंगे। अध्यक्षीय भाषण में भवन नाथ पासवान ने इस तरह के निर्णय पहले न्यायालय में, सचिव, वाइस चांसलर जैसे अन्य तमाम उच्च पदों में भी वर्गीकरण कर पदों पर नियुक्तियों करने के लिए कहा। इस व्यवस्था से समाज और कमजोर तथा असहाय होगा क्योंकि आरक्षण लागू करने वाली संस्थाओं पर नागिरिकों का दबाब कम होगा। अतः आह्वाहन किया कि केंद्र सरकार इस निर्णय के खिलाफ संसद में कानून बनाये। अध्यक्ष ने न्यायपालिका, सेना और निजी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करने के लिए केंद्र सरकार से मांग की साथ ही सभी विपक्षी दलों से खासकर पी डी ए के बात करने वाली पार्टियों से आहवाहन किया कि वो सरकार पर इस विषय पर दबाब बनाएं। डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व आई ए एस श्री राम बहादुर जी ने संबोधित करते हुए समाज के युवाओं को शिक्षा रोजगार और अपने अधिकारों के प्रति और जागरूक रहने पर बल दिया।

# बिजली की शेडयूलिंग से होगी 200 करोड़ की आय : सुक्खू

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को विद्युत की शेडयूलिंग (निधारण) और बेहतर लेखा प्रबंधन से प्रतिवर्ष लगभग 200 करोड़ रुपये की आय होगी। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सी.ई.आर.सी.) ने विद्युत उत्पादन केंद्रों के बस बार से मुफ्त विद्युत की शेडयूलिंग और लेखा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए एक नई प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान की है। यह प्रक्रिया हिमाचल के लिए 9 अगस्त, 2024 से लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा की नई प्रक्रिया के लागू होने के उपरांत प्रदेश को सेंटर सेक्टर की विद्युत परियोजनाओं से अपनी अधिकारिक मुफ्त बिजली के हिस्से को सीधे उत्पादन केंद्र से बस बार आधार पर बेचने का अधिकार प्राप्त होगा, जिससे विद्युत की सटीक शेडयूलिंग और लेखांकन हो पाएगा। सीधे उत्पादन केंद्र से अपने हिस्से की बिजली बेचने से ट्रांसमिशन शुल्क की बचत होगी और अन्य कई तरह के नुकसान भी न्यूनतम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत उत्पादन केंद्रों के बस बार से मुफ्त विद्युत की शेडयूलिंग और लेखा प्रबंधन से विद्युत का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित होगा। विद्युत परियोजना के कार्यशील होने के उपरांत ट्रांसमिशन शुल्क की अदायगी की जाती है। हिमाचल में अनेक परियोजनाएं दशकों से कार्यशील हैं। इस प्रक्रिया के लागू होने से राजस्व बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आय सृजन के साधनों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। संसाधनों की बचत और उनके कुशल प्रबंधन के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं। वित्तीय अनुशासन भी सुनिश्चित किया जा रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि विद्युत प्रबंधन की इस नई प्रक्रिया के लागू होने से नाथपा झाकडी और रामपुर विद्युत परियोजनाओं में गाद की समस्या आने के दौरान प्रदेश को विद्युत कट का सामना भी नहीं करना पड़ेगा।

## केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में बड़े बदलाव की तैयारी में

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अधिनियम में बदलावों को शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक के द्वारा वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने और उस पर नियंत्रण करने की शक्तियों पर अंकुश लगाया जाएगा। विधेयक के माध्यम से किए जा रहे इन बदलावों में केंद्र सरकार बोर्ड की शक्तियां कम करेगी। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएगी। वक्फ की संपत्ति घोषित करने से पहले उसका अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक में विवादित भूमि के नए सिरे से सत्यापन के प्रावधान भी हैं। वक्फ अधिनियम को शुरू में 1954 में पारित किया गया था, लेकिन बाद में 1995 में इसे एक नए संस्करण द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 40 बोर्ड को उस संपत्ति के स्वामित्व को अधिग्रहित करने, नोटिस जारी करने या जांच करने का अधिकार देती है।

# बांग्लादेश में फिर हिंसा : प्रदर्शनकारियों और सरकार समर्थकों के बीच झड़प में दो की मौत व 30 घायल

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों और सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थकों के बीच रविवार को हुई झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए हैं।

सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी एक 'असहयोग कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया और फिर दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा, '' प्रदर्शनकारियों और अवामी लीग के समर्थकों के बीच मुंशीगंज में हुई झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए हैं। खबर में हालांकि, मृतकों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24 की एक खबर के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग की और आरक्षण में सुधार को लेकर हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारी असहयोग आंदोलन के पहले दिन राजधानी के साइंस लैब चौराहे पर भी एकत्र हुए और उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के संयोजकों ने बताया कि ढाका के साइंस लैब, धानमंडी, मोहम्मदपुर, टेक्निकल, मीरपुर-10, रामपुरा, तेजगांव, फार्मगेट, पंथपथ, जतराबाड़ी और उत्तरा में भी प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की जाएंगी। समाचारपत्र 'डेली स्टार के अनुसार, रविवार को बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी (बीएसएमएमयू) में अज्ञात लोगों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

## इजराइल ने अल-अक्सा अस्पताल व स्कूल पर की बमबारी, तीन की मौत

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में इजराइल और लेबनान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। रविवार को हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल के बेत हिलेल शहर पर कत्युशा रॉकेटों की बौछार की। ईरान के समर्थन से चल रहे इस आतंकवादी समूह ने कहा कि यह हमला फिलिस्तीनी लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए किया गया। हिजबुल्ला के मुताबिक, यह रॉकेट हमला लेबनान के केफ्र केला और डेयर सिरियान शहरों पर इजराइली हमलों का जवाब था। हिजबुल्ला ने दावा किया है कि उसने नई इजराइली बस्ती बीट हिलेल पर 50 रॉकेट दागे। यह हमला गाजा में फिलीस्तीनी गांवों पर इजराइल के हालिया हमलों के जवाब में किया गया, जिनमें कई नागरिक घायल हुए हैं। हिजबुल्ला ने अपने बयान में कहा, हम गाजा पट्टी में हमारे फिलीस्तीनी भाइयों के समर्थन में और इजराइल के दक्षिणी गांवों पर किए गए हमलों के जवाब में यह कार्रवाई कर रहे हैं। उधर, इजराइली सेना ने देइर अल-बालाह में स्थित अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के प्रांगण में विस्थापित फिलीस्तीनियों के तंबुओं पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। कुछ घंटे पहले ही गाजा सिटी के शेख रादवान इलाके में एक स्कूल पर इस्राइली हमले के बाद वहां के घायल और फिलीस्तीनियों के शव अल-अहली अस्पताल लाए गए थे।

# धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट में हो रही लूट, मुंबई को बेचना चाहते हैं सीएम शिंदे

एजेंसी

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने रविवार को धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट में लूट का आरोप लगाते हुए राज्य की महायुति सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेल में बंद गुंडों को अपना प्रवक्ता बनाकर हम पर आरोप लगवा रही है। संजय राउत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा के पास कोई काम नहीं है, इसलिए वे जेल में बंद गुंडों को अपना प्रवक्ता बनाकर हम पर आरोप लगवा रहे हैं।

महाराष्ट्र की जनता समझदार है, उन्हें पता है कि क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट में शिवसेना का कोई विरोध नहीं है, लेकिन हम चाहते हैं कि इस प्रोजेक्ट से महाराष्ट्र और मुंबई की लूट न हो। हम चाहते हैं कि धारावी के

**धारावी के सभी जाति व धर्म के लोगों को वहां घर बनाकर दिया जाए।**

सभी जाति और धर्म के लोगों को वहां घर बनाकर दिया जाए। इस प्रोजेक्ट में धारावी के लोगों का पुनर्वास उसी जगह पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धारावी में 18 विभिन्न जाति-धर्म के लोग हैं। धारावी में कई व्यवसाय हैं, जैसे गारमेंट्स, चर्मकार समाज, कुंभकार और अन्य कई व्यवसाय। वहां लगभग 500 एकड़ जमीन है। इसके बदले संबंधित बिल्डर को बड़े पैमाने पर एफएसआई या फ्लोर स्पेस इंडेक्स मिलता है, यह पूरा प्रोजेक्ट बिल्डर के लिए फायदेमंद है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट और पुनर्वास के नाम पर संबंधित बिल्डरों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुंबई के 20 प्रमुख भूखंड दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट एक लूटमार योजना है। धारावी के लोगों को पहले घर दो, उसके बाद बात करो। प्रदेश के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, वह (शिंदे) अदाणी को मुंबई बेचना चाहते हैं। लेकिन, हम ऐसा होने नहीं देंगे। किसी प्यारे उद्योगपति के गले में हम मुंबई-महाराष्ट्र को नहीं डालने देंगे, चाहे उनके पीछे कितनी भी बड़ी शक्ति क्यों न हो। सीएम शिंदे और राज ठाकरे के बीच हुई मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि उनका मकसद मराठी माणूस की ताकत को कमजोर करना है। यदि वे लोग मराठी-मराठी करते हुए महाराष्ट्र के दुश्मनों से हाथ मिलाएंगे तो इतिहास उन्हें माफ नहीं करेगा।

## विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में लगी आग तीन एसी बोगियां जलीं

**विशाखापत्तनम।** छत्तीसगढ़ के कोरबा से विशाखापत्तनम पहुंची एक्सप्रेस ट्रेन (18517) के डिब्बों में आग लग गई। प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर हुई इस घटना में तीन एसी बोगियां जल गईं लेकिन जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। दमकल की चार गाड़ियों ने आग बुझाई। जली हुई बोगियों को ट्रेन से अलग करके हटाया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने प्रारंभिक तौर पर पुष्टि की है कि यह हादसा आज सुबह 10 बजे बी-7 बोगी के टॉयलेट में शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ। इससे बी-7 बोगी पूरी तरह जल गयी, जबकि बी-6 और एम-1 बोगी आंशिक रूप से जली है। घटना के वक्त ट्रेन में कोई यात्री नहीं था, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए कदम उठाए। ट्रेन में आग लगने की घटना को लेकर गृह मंत्री अनिता ने डीआरएम से फोन पर बात करके हादसे की विस्तृत जानकारी ली।

# सौगात : सैनी सरकार किसानों का बकाया 133 करोड़ रुपए करेगी माफ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के लिए बड़े अपडेट की घोषणा की है। कुरुक्षेत्र में एक कार्यक्रम में उन्होंने खुलासा किया कि सरकार किसानों का बकाया 133 करोड़ रुपये माफ करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 10 नई फसलों की खरीद शुरू करेगी। इस घोषणा के बाद अब हरियाणा सरकार किसानों से 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदेगी। यह केंद्र सरकार की नीति से मेल खाता है, जो 24 फसलों के लिए एमएसपी का भी समर्थन करती है। पहले, हरियाणा में केवल 14 फसलों के लिए एमएसपी था।

एक और बड़ी घोषणा में, मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 से पहले प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के रूप में ?137 करोड़ एक सप्ताह के भीतर दिए जाएंगे। 27 जून को उन्होंने यह भी कहा था कि 31 दिसंबर 2023 तक आवेदन करने वाले सभी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन मिल जाएगा। सीएम सैनी ने यह भी घोषणा की कि ट्यूबवेलों के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता वाले नियम को हटा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह कहकर भी किसानों की मदद की कि अगर बिजली कंपनियों द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं, तो कंपनियां उन्हें मुफ्त में बदलेंगी और किसानों से कोई शुल्क नहीं लेंगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने इस बात से इनकार किया है कि केवल 17 फीसदी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार 22 विशिष्ट फसलों के लिए एमएसपी और गन्ने के लिए उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) निर्धारित करती है।